@Qpatrika
@qaumipatrika hindi
instagram.com/qaumipatrika

# कौमी पत्रिका
राष्ट्रीय दैनिक अखबार

दिल्ली-हरियाणा-पंजाब-चण्डीगढ़-उत्तर प्रदेश से प्रसारित
सोमवार, 20 अक्टूबर 2025

VISIT:
www.qaumipatrika.in
Email: qpatrika@gmail.com

R.N.I. No. UP-HIN/2007/21472 सम्पादक - गुरचरन सिंह बब्बर वर्ष 18 अंक 341 qaumipatrikahindi 011-41509689, 23315814, 9312262300 गाजियाबाद संवत् 2077-78, पेज (12) मूल्य 3.00 रुपये (हवाई शुल्क 50 पैसे अतिरिक्त)

## मुंबई एयरपोर्ट पर डीआरआई की कार्रवाई, 1.2 किलो सोना जब्त

### दो एयरपोर्ट कर्मचारी गिरफ्तार

एजेंसी

**मुंबई।** सीमा शुल्क विभाग की खुफिया एजेंसी डायरेक्टरेट ऑफ रेवेन्यू इंटेलिजेंस (डीआरआई) ने सोने की तस्करी के नेटवर्क का पर्दाफाश किया है। 'ऑपरेशन गोल्डन स्वीप' के तहत कार्रवाई करते हुए मुंबई के छत्रपति शिवाजी महाराज अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे से विदेश का 1.2 किलोग्राम सोना जब्त किया गया। इस सोने की कीमत करीब 1.60 करोड़ रुपए बताई जा रही है।डीआरआई की मुंबई जोनल यूनिट (एमजेडयू) को खुफिया जानकारी मिली थी कि कुछ अंतरराष्ट्रीय यात्री और हवाई अड्डे के अंदरूनी कर्मचारी मिलकर विदेशी सोने की तस्करी कर रहे हैं। सूचना के अनुसार, सोना विमान के अंदर छिपाया जाता था और बाद में एयरपोर्ट सर्विस स्टाफ द्वारा उसे निकालकर बाहर पहुंचाया जाता था। जानकारी के बाद डीआरआई अधिकारियों ने एयरपोर्ट पर डिस्क्रीट सर्विलांस (गुप्त निगरानी) शुरू की। यात्रियों के उतरने के बाद जब सफाई कर्मचारी विमान की सफाई कर रहे थे, तभी डीआरआई अधिकारियों ने कुछ कर्मचारियों की व्यक्तिगत तलाशी शुरू की। इस दौरान, एक सफाईकर्मी घबराहट में एयरोब्रिज की सीढ़ियों पर चढ़ गया और एक पैकेट को कोने में छिपाकर वापस समूह में शामिल हो गया। डीआरआई टीम ने तुरंत कार्रवाई करते हुए सीढ़ियों के उस हिस्से की तलाशी ली, जहां से सफेद कपड़े में लिपटी मोम जैसी परत में छिपा सोने का पाउडर बरामद हुआ। जांच में पाया गया कि यह काम एयरपोर्ट की एक सेवा कंपनी के क्लीनिंग स्टाफ के टीम लीडर ने किया था। जब उससे पूछताछ की गई तो उसने कबूल किया कि उसने तलाशी से बचने के लिए सोना छिपाया था। उसने आगे बताया कि विमान से सोना निकालने का काम उसके सुपरवाइजर ने किया था, जिसने उसे पैकेट सौंपा था। डीआरआई ने आरोपी की पहचान के आधार पर सुपरवाइजर को भी गिरफ्तार कर लिया। दोनों को पूछताछ के बाद कस्टम्स एक्ट 1962 के तहत गिरफ्तार किया गया है।



## इस वर्ष रिकॉर्ड यात्रियों ने आदि कैलाश के किए दर्शन

**देहरादून।**प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के आदि कैलाश जाने के बाद श्रद्धालुओं का आदि कैलाश यात्रा को लेकर रुझान बढ़ा है। आदि कैलाश की इस वर्ष यात्रा ने पिछले वर्षों का रिकार्ड तोड़ा है। इस साल 31 हजार 5 सौ 98 यात्री आदि कैलाश और ओम पर्वत के दर्शन कर चुके हैं। पर्यटन मंत्री सतपाल महाराज ने बताया कि देवभूमि उत्तराखंड में अध्यात्मिक सुख और शांति की तलाश में श्रद्धालुओं के कदम तेजी से बढ़ रहे हैं। आदि कैलाश यात्रा को और अधिक व्यवस्थित किया जाएगा ताकि यात्रियों को यात्रा मार्ग पर सभी सुविधाएं उपलब्ध हों। वहीं मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने भी यात्रा सुविधाओं के विस्तार पर जोर दिया है।



## पटियाला के पूर्व मेयर संजीव शर्मा बिट्टू की कांग्रेस में वापसी, वेणुगोपाल और बघेल ने दिलाई सदस्यता

**नई दिल्ली।** पंजाब में पटियाला के पूर्व मेयर संजीव शर्मा (बिट्टू) रविवार को कांग्रेस पार्टी में फिर से शामिल हो गए। उन्हें कांग्रेस महासचिव केसी वेणुगोपाल और पंजाब प्रभारी भूपेश बघेल ने यहां आयोजित एक कार्यक्रम में उन्हें पार्टी में औपचारिक रूप से शामिल कराया। उल्लेखनीय है कि बिट्टू साल 2018 से 2021 तक पटियाला नगर निगम के मेयर रहे। वह पूर्व मुख्यमंत्री अमरिंदर सिंह के करीबी समर्थक के रूप में जाने जाते हैं। तीन बार काउंसलर रह चुके बिट्टू 2021 में कांग्रेस छोड़कर अमरिंदर सिंह की पंजाब लोक कांग्रेस (पीएलसी) में शामिल हुए थे। उनकी वापसी को कांग्रेस की पंजाब इकाई के लिए महत्वपूर्ण माना जा रहा है।



# बिहार विधानसभा चुनाव: महागठबंधन में अब भी सीटों को लेकर नहीं सुलझी गांठ

### दोस्ताना संघर्ष की बढ़ी उमीद

एजेंसी

**पटना।** बिहार विधानसभा चुनाव के पहले चरण में छह नवम्बर को 18 जिलों के 121 विधानसभा क्षेत्रों में होने वाले मतदान के लिए नामांकन पत्र दाखिल करने की प्रक्रिया समाप्त हो गई। लेकिन विपक्षी दलों के महागठबंधन में अब तक सीटों को लेकर अंतिम फैसला नहीं हो सका है। ऐसी स्थिति में कुछ सीटों में दोस्ताना संघर्ष की उम्मीद बढ़ गई है।महागठबंधन में शामिल दल कई ऐसी सीटें हैं, जहां से अपने-अपने प्रत्याशी उतार दिए हैं। इधर, झारखंड मुक्ति मोर्चा ने भी अकेले चुनाव लड़ने की घोषणा की है तथा छह सीटों पर चुनाव लड़ने की घोषणा कर दी है। वैसे, गठबंधन के नेताओं का कहना है कि अभी भी कुछ सीटों को लेकर बातचीत चल रही है। दूसरे चरण के चुनाव के लिए आज से नामांकन भरने की प्रक्रिया तेज हो गई है। अब नामांकन भरने के कुछ दिन शेष बचे हैं, लेकिन महागठबंधन में शामिल सबसे प्रमुख दल राजद ने अब तक उम्मीदवारों की सूची जारी नहीं की है। दीगर बात है कि टिकट बांटे जा रहे हैं। उम्मीदवारों द्वारा नामांकन भी भरे जा रहे हैं। लालगंज से राजद और कांग्रेस के उम्मीदवार मैदान में नजर आ रहे हैं तो कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष राजेश राम के विरुद्ध भी कुटुंबा से राजद ने सुरेश पासवान को अपना प्रत्याशी बनाकर भेज दिया है। सिकंदरा में भी राजद और कांग्रेस के उम्मीदवारों को लेकर पेंच फंस गया है जबकि वारसलीगंज में राजद ने अनिता देवी को और कांग्रेस ने सतीश कुमार सिंह को सिंबल दे दिया है। बताया जा रहा है कि करीब दस ऐसी सीटें हैं, जहां अब तक महागठबंधन के दलों के बीच गांठ अब तक नहीं खुली है। महागठबंधन में राजद, कांग्रेस, विकासशील इंसान पार्टी और वामपंथी दल शामिल हैं। बिहार विधानसभा चुनाव का पहला चरण 6 नवंबर को और दूसरा चरण 11 नवंबर को होगा। मतगणना 14 नवंबर को होगी। इस बीच, राजद ने हालांकि अपने सोशल मीडिया के जरिए यह कहा है कि कुछ लोग राष्ट्रीय जनता दल इस सीट पर भी और इस सीट पर भी उम्मीदवार दे रहा है या फलाने की सीट पर भी उम्मीदवार दे रहा है। इस तरह की खबरें सच्चाई से मीलों दूर हैं। इस चुनाव में मुख्य मुकाबला भाजपा और जनता दल यूनाइटेड (जदयू) के नेतृत्व वाले एनडीए और राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के तेजस्वी यादव के नेतृत्व वाले महागठबंधन के बीच माना जा रहा है। हालांकि कई अन्य पार्टियां भी चुनावी मैदान में उतरी हैं।



## करूर भगदड़ में मरने वाले 39 लोगों के परिजनों को विजय की पार्टी टीवीके की तरफ से 20-20 लाख की आर्थिक मदद

**चेन्नई।** अभिनेता से नेता बने विजय की पार्टी तमिलगा वेत्री कझगम (टीवीके) ने करूर भगदड़ के शिकार हुए 39 लोगों के परिवारों को 20-20 लाख रुपये की आर्थिक मदद दी है।

पार्टी ने यह राशि संबंधित परिवारों के बैंक खातों में ट्रांसफर कर दी है। टीवीके की तरफ से सोशल मीडिया एक्स पर इस संबंध में जानकारी देते हुए बताया गया है कि हमने 28 सितंबर को की गई घोषणा के मुताबिक 18 अक्टूबर को बैंक आरटीजीएस के ज़रिए परिवार कल्याण निधि के रूप में 20 लाख रुपये भेज दिए हैं। पार्टी ने प्रभावित परिवारों से यह मदद स्वीकार करने का अनुरोध किया है। पार्टी के मुताबिक 39 परिवारों को 20-20 लाख रुपए भेजे गए हैं, जो कुल 7.8 करोड़ रुपए की सहायता राशि है।

## कर्तव्य पथ पर आस्था और आधुनिकता का अद्भुत संगम: सीएम रेखा गुप्ता

कौमी पत्रिका

नई दिल्ली, 19 अक्तूबर। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता के नेतृत्व में देश की राजधानी दिल्ली में एक नया इतिहास लिखा गया। भगवान श्रीराम की नगरी अयोध्या की तरह देश की राजधानी में पहली बार कर्तव्य पथ कल दीपोत्सव का आयोजन किया गया। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता का कहना है कि आज का दीपोत्सव केवल दीपों का उत्सव नहीं, बल्कि नई क्रांति की आहट है। दिल्ली एक नया इतिहास लिखने जा रही है, जहां आस्था और आधुनिकता का संगम अद्भुत रूप में सामने आया है। राजधानी ने यह दिखा दिया कि दिल्ली अब केवल शासन की राजधानी नहीं, बल्कि सांस्कृतिक चेतना की धड़कन भी है। श्रीराम के जीवन चरित का ड्रोन प्रदर्शन और दीपों का महासागर इस बात का प्रतीक है कि राजधानी दिल्ली अब सनातन परंपरा, देश की सांस्कृतिक समझ के साथ आगे बढ़ रही है। आजादी के बाद ऐसा पहली बार हुआ है, जब कर्तव्य पथ पर सामूहिक रूप से दीपावली का आयोजन किया जा रहा है। इस आयोजन में मुख्यमंत्री के साथ उनके मंत्रिमंडल के मंत्री, वरिष्ठ अधिकारी तो साथ थे ही, दिल्ली के हजारों लोगों का जुड़ाव भी देखने को मिला। कर्तव्य पथ पर आयोजित इस दीपोत्सव में भव्य ड्रोन शो, सांस्कृतिक प्रस्तुतियां और रामायण थीम आधारित लाइट कार्यक्रम ने उपस्थित हजारों दर्शकों को अभिभूत कर दिया। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता भी इस कार्यक्रम में भावविह्वल व श्रीराम की भक्ति से प्रेरित दिखीं। उन्होंने कहा कि वर्षों बाद दिल्ली का हृदय इस तरह दीपों की आभा से जगमगा उठा है। यह केवल रोशनी का उत्सव नहीं, बल्कि दिल्ली की नई ऊर्जा, नई उम्मीद और नई दिशा का प्रतीक है। इस बार की दिवाली दिल्ली के हर वर्ग तक पहुची है । मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि केंद्र सरकार के सहयोग से आज दिल्ली का प्रत्येक वर्ग लाभान्वित हो रहा है । उन्होंने कहा कि इस दिवाली बच्चों के चेहरों पर मुस्कान है, महिलाओं के घर में बचत है, युवाओं को नए अवसर हैं, बुजुर्गों को स्वास्थ्य का भरोसा है, और हर नागरिक को अपने शहर पर गर्व है। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारा संकल्प है कि प्रभु श्रीराम की कृपा से दिल्ली में रामराज्य की स्थापना हो, जहां हर नागरिक को समान अवसर, सुरक्षा और सम्मान मिले। दिल्ली की सरकार जनता की सरकार है, और हम जनता के सेवक हैं। मुख्यमंत्री कार्यालय के अनुसार सीएम रेखा गुप्ता का यह भी कहना है कि कर्तव्य पथ पर आयोजित इस दीपोत्सव की सबसे विशेष बात यह रही कि पहली बार ड्रोन शो के माध्यम से भगवान श्रीराम के जीवन चरित को आकाश में प्रदर्शित किया गया।

शेष पृष्ठ 3 पर



## चुनाव आयोग ने बिहार विधानसभा चुनाव और आठ विधानसभा सीटों पर हो रहे उपचुनाव के लिए पर्यवेक्षक तैनात किए

एजेंसी

**नई दिल्ली।** बिहार विधानसभा चुनाव और आठ विधानसभा क्षेत्रों में होने वाले उपचुनावों से पहले चुनाव आयोग ने केंद्रीय पर्यवेक्षकों की तैनाती की है। आयोग ने बताया कि पर्यवेक्षक चुनावी प्रक्रिया पर नजदीकी नजर रख रहे हैं, ताकि सभी दलों और उम्मीदवारों के लिए समान अवसर सुनिश्चित हो सके। आयोग के अनुसार पहले चरण के लिए 121 सामान्य पर्यवेक्षक और 18 पुलिस पर्यवेक्षक तैनात किए गए हैं, जबकि दूसरे चरण के लिए 122 सामान्य और 20 पुलिस पर्यवेक्षक की नियुक्ति की गई है। इसके अलावा आठ विधानसभा सीटों पर हो रहे उपचुनावों के लिए 8 सामान्य और 8 पुलिस पर्यवेक्षक भी भेजे गए हैं। सभी पर्यवेक्षकों ने अपने-अपने आवंटित क्षेत्रों का पहला दौरा पूरा कर लिया है और अब वे वहीं पर तैनात हैं। चुनाव आयोग ने उन्हें निर्देश दिया है कि वे चुनाव प्रक्रिया की बारीकी से निगरानी करें और पारदर्शी, स्वतंत्र और निष्पक्ष मतदान सुनिश्चित करें। साथ ही, पर्यवेक्षकों को राजनीतिक दलों, उम्मीदवारों और मतदाताओं के लिए सुलभ रहने और उनकी शिकायतों के त्वरित निपटारे के निर्देश भी दिए गए हैं। आयोग ने कहा कि पर्यवेक्षक मतदान केंद्रों का दौरा करें और मतदाताओं की सुविधा के लिए हाल में शुरू की गई पहल का पालन सुनिश्चित करें।




## टिकट कटने पर राबड़ी आवास के बाहर फूट-फूटकर रोए आरजेडी नेता

### फाड़ा कुर्ता, यह बड़ा आरोप भी लगाया

एजेंसी

**पटना।** पूर्वी चंपारण जिले की मधुबन विधानसभा सीट से राष्ट्रीय जतना दल के पूर्व प्रत्याशी मदन साह का दर्द रविवार को राबड़ी आवास के बाहर फूट पड़ा। उन्होंने पार्टी से टिकट नहीं मिलने पर अपना कुर्ता फाड़ लिया और फूट-फूटकर रोने लगे। इस दौरान उन्होंने तेजस्वी यादव के राजनीतिक सलाहकार संजय यादव पर टिकट बेचने का गंभीर आरोप लगाया। मदन साह का आरोप है कि कि नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव के करीबी व राज्यसभा सांसद संजय यादव ने मुझसे दो करोड़ सत्तर लाख रुपये की मांग की थी। पैसे नहीं देने पर मेरा टिकट काट दिया गया। मैं बर्बाद हो गया हूं। बेटा-बेटी की शादी तक टाल दी थी चुनाव के लिए। लालू यादव ने खुद कहा था कि तैयारी करो, पिछली बार कम वोटों से हारे थे। इधर, पार्टी की ओर से इस पूरे मामले पर फिलहाल कोई आधिकारिक प्रतिक्रिया नहीं आई है।

**मधुबन से लड़े से विधानसभा चुनाव**

बता दें कि मदन साह 2020 के विधानसभा चुनाव में राजद के टिकट पर मधुबन से चुनाव लड़े थे, जहां उन्हें भारतीय जनता पार्टी के राणा रणधीर सिंह ने मात्र 5,878 वोटों के अंतर से हराया था। उस हार के बाद पार्टी ने उन्हें प्रोत्साहित किया और अगली बार मौका देने का भरोसा दिया था। हालांकि, 2024 के लोकसभा चुनाव के दौरान मदन साह पर यह आरोप लगा कि उन्होंने राजद उम्मीदवार की जगह हृष्ठ प्रत्याशी को अंदरखाने से मदद की। आरोप है कि उनकी भूमिका के चलते ही जदयू की लवली आनंद ने राजद उम्मीदवार ऋतु जयसवाल को करीब 30,000 वोटों से हरा दिया। इसी वजह से पार्टी नेतृत्व उनसे नाराज चल रहा था।



## आईटीबीपी के 13 सदस्यीय दल ने काला नाग चोटी पर फहराया तिरंगा

एजेंसी

**उत्तरकाशी।** भारत तिब्बत सीमा पुलिस बल के 13 सदस्यीय पर्वतारोही दल ने बंदरपूंछ पर्वत श्रृंखला की सबसे ऊंची चोटी काला नाग पर सफलतापूर्वक चढ़ाई पूरी तिरंगा फहरा दिया है।

पर्यटन विभाग की ओर से चयनित पर्वतारोहियों और भारत तिब्बत सीमा के 13 हिम वीरों ने समुद्रतल से लगभग 6378 मीटर ऊंची चोटी का 12 अक्तूबर को सफल आरोहण किया था। बता दें कि विश्व पर्यटन दिवस पर उत्तराखंड पर्यटन विकास परिषद की ओर से 17 सदस्यीय दल को जनपद की काला नाग चोटी के आरोहण के लिए हरी झंडी देकर रवाना किया गया था। दल में प्रदेश के सभी जनपदों से 12 पर्वतारोहियों का चयन किया गया था। इसमें चार लोग उत्तरकाशी के और पांच जवान आईटीबीपी के भी शामिल थे। दल ने अक्तूबर प्रथम सप्ताह में काला नाग चोटी के आरोहण के लिए अभियान शुरू किया। इस दौरान ऊंचाई वाले क्षेत्रों में बर्फबारी और बर्फीले तूफान के बीच दल ने अपने साहस का परिचय देते हुए काला नाग चोटी का सफल आरोहण किया। 17 सदस्यीय दल में से 13 सदस्यों ने 12 अक्तूबर की सुबह करीब सात से आठ बजे के बीच चोटी का सफल आरोहण कर वहां पर तिरंगा फहराया कर दल सकुशल वापस लौट आया है।जिला साहसिक पर्यटन अधिकारी मोहम्मद अली खान ने बताया कि पर्यटन विभाग की ओर से साहसिक खेलों और पर्वतारोहण को बढ़ावा देने के लिए अभियान का आयोजन किया गया था। काला नाग चोटी यमुनोत्री धाम, मोरी से हिमाचल प्रदेश चल फैली बंदरपूंछ पर्वत श्रृंखला की सबसे ऊंची चोटी है। वहीं यह गोविंद पशु वन्य जीव विहार के क्षेत्र के तहत आता है।

## केंद्र सरकार ने गुजरात, तमिलनाडु, राजस्थान और नागालैंड में नोटरी की संख्या बढ़ाई

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने चार राज्यों में नोटरी पब्लिक की संख्या बढ़ा दी है। विधि और न्याय मंत्रालय के विधि मामलों के विभाग ने नोटरीज(संशोधन) नियम, 2025 को अधिसूचित किया है। यह अधिसूचना 17 अक्तूबर को जी.एस.आर. 763(ई)के रूप में जारी की गई। नए नियम राजपत्र में प्रकाशन की तिथि से लागू हो गए हैं। केंद्रीय कानून और न्याय मंत्रालय के अनुसार, सरकार ने गुजरात, तमिलनाडु, राजस्थान और नागालैंड में नोटरी की अधिकतम संख्या बढ़ाने का फैसला लिया है। गुजरात में 2900 से बढ़ाकर 6000 तमिलनाडु में 2500 से बढ़ाकर 3500 राजस्थान में 2000 से बढ़ाकर 3000 और नागालैंड में 200 से बढ़ाकर 400 नोटरी की संख्या की गई है।

## दीपों से जगमग हुई अयोध्या, योगी बोले- राम मंदिर के निर्माण से हर सनातनी को गर्व

एजेंसी

**अयोध्या।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ दीपोत्सव के अवसर पर रविवार को अयोध्या पहुंचे और रामलला का दर्शन किया। उन्होंने और राम मंदिर में पहला दीप प्रज्ज्वलित कर ऐतिहासिक दीपोत्सव का शुभारम्भ किया। दीपोत्सव पर 26 लाख से ?अधिक दीपों के माध्यम से सम्पूर्ण रामनगरी जगमग हो उठी। सरयू तट पर हज़ारों पूज्य संतों और लाखों भक्तों की उपस्थिति भक्ति और दिव्यता का अनुपम उल्लास, मानो स्वर्ग धरती पर उतर आया हो ऐसा अहसास करा रहा था। श्रीरामलला मंदिर में दीपोत्सव के शुभारंभ से पहले रामकथा पार्क में मर्यादा पुरुषोत्तम प्रभु श्रीराम, माता सीता और लक्ष्मण के आगमन पर स्वयं मुख्यमंत्री ने उन्हें पुष्पमालाएं पहनाकर उनका स्वागत वंदन किया। प्रभु श्रीराम, माता सीता और लक्ष्मण के स्वरूपों को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अत्यंत श्रद्धा के साथ दिव्य रथ पर विराजित किया। मानो त्रेता युग जीवंत हो उठा हो! यह स्वर्णिम, हृदयग्राही दृश्य देखते ही पूरी अयोध्या भक्ति के प्रकाश और राम नाम की ऊर्जा से सराबोर हो गई। जैसे ही रथ नगर यात्रा पर निकला, समूची अयोध्या 'जय सिया राम' के जयघोष से गूँज उठी। मंच पर पहुंचने पर श्री राम दरबार के प्रतीक स्वरूपों का तिलक लगाकर मुख्यमंत्री ने वंदन-अभिनंदन किया। दीपोत्सव के बाद राम की पैड़ी पर भव्य लेजर शो का आयोजन किया गया।



## दुनिया के अन्य देशों से सीधे लखनऊ का होगा एयर कनेशन: राजनाथ सिंह

***मैं सांसद रहूं या न रहूं लखनऊ के विकास के प्रति हमारी प्रतिबद्धता बनी रहेगी : रक्षामंत्री***

एजेंसी

**लखनऊ।** रक्षामंत्री और क्षेत्रीय सांसद राजनाथ सिंह ने रविवार को लखनऊ में भारत रत्न अटल बिहारी बाजपेई और पूर्व राष्ट्रपति डा. एपीजेअब्दुल कलाम की प्रतिमाओं का अनावरण किया। इसके अलावा राजनाथ सिंह ने जानकीपुरम सेक्टर एफ में सामुदायिक केन्द्र और सेक्टर 6 में पुस्तकालय का भी लोकार्पण किया। इस मौके पर लखनऊ के सांसद व रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि हम सांसद रहें न रहें। लखनऊ के विकास के प्रति हमारी पूरी प्रतिबद्धता कायम रहेगी। जहां तक मुझसे हो सका है मैंने करने की कोशिश की है। राजनाथ सिंह ने कहा कि दुनिया के अन्य देशों से लखनऊ का एयर कनेक्शन बन जाना चाहिए। इसके लिए प्रयास हो रहा है। उन्होंने कहा कि हिन्दुस्तान एरोनाटिक्स लिमिटेड करिश्माई काम कर रहा है। लोगों को शादी ब्याह करने के लिए स्थान नहीं मिलता था। लखनऊ के हर विधानसभा क्षेत्र में एक बड़ा सामुदायिक केन्द्र स्थापित किया जाएगा। इसके रख-रखाव के लिए थोड़ा बहुत पैसा ही लगेगा। रक्षामंत्री ने कहा कि एक भी पार्क नहीं बचना चाहिए, जहां ओपेन? जिम की व्यवस्था न हो। लखनऊ के 301 पार्कों में ओपेन जिम शुरू हो गया और 250 स्थानों पर ओपेन जिम की शुरूआत आज से हो रही है। लखनऊ में 1250 सोलर लाइट लगी हैं। 25 फलाईओवर स्वीकृत है। उसमें 14 बन गये हैं। इसके अलावा 11 फलाईओवर और स्वीकृत हैं।

राजनाथ सिंह ने कहा कि लखनऊ विकास के पथ पर तेजी से बढ़ चला है। विश्व के 10 शहरों में हमारा लखनऊ भी आ गया है। मैं चाहता हूं कि यह लखनऊ नंबर एक पर आ जाय। हमारा शहर विश्वस्तरीय लखनऊ बनना चाहिए। अभी कुछ दिन पहले भारत के स्वच्छता सर्वेक्षण में लखनऊ को भारत के टॉप थ्री शहरों में चुना गया। उत्तर प्रदेश में नंबर वन, भारत में नंबर थ्री। हमारी कोशिश होनी चाहिए कि लखनऊ स्वच्छता के मामले में नंबर वन बने। मेरी दृष्टि में लखनऊ को एक ऐसा विश्व स्तरीय शहर बनाना है जहां परंपरा और आधुनिकता का अद्भुत समागम हो

कार्यक्रम में उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक, राज्यसभा सांसद डॉ. दिनेश शर्मा, राज्यसभा सांसद बृजलाल, महापौर सुषमा खर्कवाल, एमएलसी मुकेश शर्मा, रामचंद्र प्रधान, महानगर अध्यक्ष भाजपा, आनंद द्विवेदी, विधायक नीरज बोरा, योगेश शुक्ला , राम औतार कनौजिया, सौरभ वाल्मीकि एवं अन्य गणमान्यजन उपस्थित रहे। कार्यक्रम के बाद रक्षामंत्री राजनाथ सिंह और उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक पार्षद राजकुमारी मौर्य के आवास पहुंचकर उनकी माताजी के चित्र पर श्रद्धांजलि अर्पित की। विगत दिनों उनकी माता का निधन हो गया था।



## पीएम मोदी सिर्फ चुनाव पर देते हैं ध्यान, शासन पर नहीं : उदित राज



नई दिल्ली (एजेंसी)। बिहार विधानसभा चुनाव की तैयारियों के बीच कांग्रेस नेता उदित राज ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर तीखा हमला बोला है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री का ध्यान शासन या जनहित के कार्यों पर नहीं, बल्कि सिर्फ चुनाव जीतने पर केंद्रित है। उदित राज ने रविवार को कहा कि कांग्रेस जल्द ही बिहार में अपना चुनाव अभियान शुरू करेगी और बीजेपी के आक्रामक प्रचार का डटकर मुकाबला करेगी। उन्होंने दावा किया कि कांग्रेस की 'वोटर बचाओ यात्रा' को जबरदस्त समर्थन मिला है और इसका असर बिहार चुनाव में दिखाई देगा। उदित राज ने कहा, पीएम मोदी का काम सिर्फ चुनाव लड़ना है, वे शासन पर ध्यान नहीं देते। हमारा अभियान उनसे पहले शुरू हुआ था और जनता इसे लेकर सकारात्मक है। उनका यह बयान उस समय आया है जब बिहार भाजपा अध्यक्ष दिलीप जायसवाल ने प्रधानमंत्री मोदी के 24 अक्टूबर को बिहार दौरे की घोषणा की है। प्रधानमंत्री 6 और 11 नवंबर को समस्तीपुर और बेगूसराय में जनसभाएं करेंगे। चुनाव नतीजे 14 नवंबर को घोषित किए जाएंगे। उदित राज ने कहा कि इंडिया गठबंधन भी जल्द ही अपने संयुक्त चुनाव अभियान की रूपरेखा सार्वजनिक करेगा और देरी की भरपाई तेज़ प्रचार से की जाएगी।

## ऑनलाइन गेमिंग की लत से दो परिवार तबाह, वडोदरा के 2 युवकों पर चढ़ा 60 लाख का कर्ज

वडोदरा (एजेंसी)। आज के डिजिटल युग में ऑनलाइन गेमिंग का क्रेज युवाओं में तेजी से बढ़ रहा है। वडोदरा शहर से दो चौंकाने वाली घटनाएं सामने आई हैं, जिसने ऑनलाइन गेमिंग की लत के गंभीर परिणामों को उजागर किया है। गेम खेलने के चक्कर में वडोदर के गोत्री और फतेगंज इलाके के दो युवक क्रमशः 40 लाख और 20 लाख रुपये के भारी कर्ज में डूब गए हैं। ऑनलाइन गेमिंग की यह 'दीमक' परिवारों को आर्थिक और मानसिक रूप से तोड़ती हुई साफ दिखाई दे रही है। इस लत के कारण दोनों युवकों के घरों में भारी झगड़े और मानसिक तनाव का माहौल बन गया। बेटों को आर्थिक संकट से निकालने के लिए माता-पिता को अपनी जीवनभर की जमा पूंजी और पेंशन के पैसे खर्च करने पड़े, ताकि वे कर्ज चुका सकें। गोत्री इलाके के युवक का मामला और भी चौंकाने वाला है। वह घंटों तक बाथरूम में छिपकर ऑनलाइन गेम खेलता था, और उसके परिवार को उसकी इस लत का कोई अंदाजा नहीं था। जब कर्ज का पहाड़ टूट पड़ा, तब परिवार को सच्चाई का पता चला और वे सदमे में आ गए। दूसरी ओर, फतेगंज इलाके का युवक तो नौकरी के समय भी गेम खेलता था, जिसके चलते वह भारी कर्ज में फंस गया। इस वजह से उसके और उसकी पत्नी के बीच लगातार झगड़े शुरू हो गए, जिससे पारिवारिक शांति पूरी तरह भंग हो गई। फिलहाल दोनों युवक पिछले एक महीने से मनोचिकित्सक के उपचार में हैं, ताकि उन्हें इस जानलेवा लत से बाहर निकाला जा सके। वडोदरा की ये घटनाएं ऑनलाइन गेमिंग के कहर की गंभीरता को स्पष्ट रूप से दर्शाती हैं। यह केवल मनोरंजन नहीं, बल्कि जब यह लत बन जाती है, तो यह आर्थिक विनाश, मानसिक तनाव और पारिवारिक विखंडन का कारण बन सकती है। ऑनलाइन गेमिंग सचमुच एक ऐसी दीमक है जो परिवारों को धीरे-धीरे भीतर से खोखला कर रही है।

## हेरोइन तस्करी में पुलिस कांस्टेबल गिरफ्तार

जम्मू (एजेंसी)। जम्मू-कश्मीर के उधमपुर जिले में पुलिस ने एक कांस्टेबल को हेरोइन की तस्करी के आरोप में गिरफ्तार किया है। अधिकारियों के अनुसार, कटरा रोड के बांस मोड़ पर शनिवार को नियमित जांच के दौरान एक निजी वाहन को रोका गया। तलाशी के दौरान कार से 9.63 ग्राम हेरोइन बरामद हुई। वाहन चलाने वाला उधमपुर निवासी कांस्टेबल अर्जुन शर्मा पाया गया, जिसके खिलाफ एनडीपीएस अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया गया है। पुलिस ने बताया कि प्रारंभिक जांच में यह भी सामने आया है कि आरोपी नशे की आपूर्ति में शामिल गिरोह से जुड़ा हो सकता है। फिलहाल आरोपी से पूछताछ जारी है और उसके संपर्कों की जांच की जा रही है।

## पुलिस ने प्रतिबंधित उग्रवादी संगठन की महिला उग्रवादी व दो अन्य को किया गिरफ्तार

इम्फाल (एजेंसी)। पुलिस ने प्रतिबंधित उग्रवादी संगठन की एक महिला सदस्य और दो अन्य को जबरन वसूली के आरोप में गिरफ्तार किया है। पुलिस ने रविवार को जानकारी देते हुए बताया कि सुरक्षा बलों ने शनिवार को इंफाल पश्चिम जिले के पिशुम ओइनम इलाके से प्रतिबंधित संगठन कांगलीपाक कम्युनिस्ट पार्टी की एक सक्रिय कार्यकर्ता को गिरफ्तार किया है। पुलिस के मुताबिक उसकी पहचान मीकम बसंतरानी देवी (42) के रूप में हुई है। गिरफ्तार उग्रवादी जबरन वसूली के अलावा ऋण वसूली और भूमि विवादों के मामलों में धमकी देकर पक्षों के बीच मध्यस्थता कराने में भी शामिल थी। बयान में कहा है कि पुलिस ने शुक्रवार को इंफाल पूर्वी जिले में मोटर वाहन परिवहन विभाग के अधिकारी बनकर गलत कार्यों में लिप्त दो लोगों को भी गिरफ्तार किया है। दोनों आरोपियों की पहचान अनीश इकबाल और आमिर रहमान के रूप में हुई है, जो सड़क किनारे जुआ खेलने वालों से पैसे मांग रहे थे। उन्हें खुरई अहोंगेई इराबोट लीराक इलाके से गिरफ्तार किया।

## एक शख्स ने लाइसेंसी बंदूक से खुद को गोली मारकर की खुदकुशी

देवरिया (एजेंसी)। जिले के खुखुंदू थाना क्षेत्र में एक व्यक्ति ने लाइसेंसी बंदूक से खुद को गोली मारकर आत्महत्या कर ली। पुलिस के मुताबिक पड़री बनमाली गांव में शनिवार रात रविशंकर सिंह (40) ने बाथरूम में लाइसेंसी बंदूक से खुद को गोली मारकर आत्महत्या कर ली। गोली चलने की आवाज सुनकर आसपास के लोग दौड़कर वहां पहुंचे। हालांकि तब तक रविशंकर की मौत हो चुकी थी।

# गिरिराज सिंह को पीएम मोदी के सबका साथ, सबका विकास मंत्र से सीख लेना चाहिए

### केंद्रीय मंत्री के मुसलमानों को लेकर दिए बयान पर बिहार में सियासत गरमाई

नई दिल्ली (एजेंसी)। केंद्रीय कपड़ा मंत्री और बीजेपी नेता गिरिराज सिंह के मुसलमानों को लेकर दिए बयान पर सियासी घमासान मच गया है। इस बयान को लेकर एनडीए के साथी और नीतीश कुमार की पार्टी जेडीयू की प्रतिक्रिया आई है। पार्टी के प्रवक्ता ने कहा है कि गिरिराज को पीएम मोदी के सबका साथ, सबका विकास मंत्र से सीख लेना चाहिए। जेडीयू ने गिरिराज को संविधान के शपथ की याद दिलाई।

जेडीयू के प्रवक्ता मनीष कुमार ने गिरिराज के बयान पर पार्टी रुख साफ कर दिया है। उन्होंने कहा है कि गिरिराज कुछ बोलने के समय पीएम मोदी के मंत्र को याद रखना चाहिए। पीएम मोदी कहते हैं कि सबका साथ, सबका विकास। वोट देने का सबका अपना अधिकार है। गिरिराज सिंह ने देश की संप्रभुता और एकता को सुरक्षित रखने के लिए संविधान की शपथ ली है। तो ऐसी बातें क्यों कर रहे हैं। दरअसल चुनावी माहौल में



जदयू अपने मुस्लिम समर्थकों को नाराज नहीं करना चाहती है। मुस्लिम वोट को जेडीयू अपना वोट बैंक मानती है।

इससे पहले कई बार गिरिराज सिंह मुसलमानों के खिलाफ विवादास्पद बयान दे चुके हैं। उन्होंने मुसलमानों को पाकिस्तान भेजने की भी बात कही थी। वे हमेशा मुस्लिम समाज पर आरोप लगाते रहते हैं। जेडीयू की ओर से आधिकारिक तौर गिरिराज सिंह के खिलाफ सख्त प्रतिक्रिया आई है। केंद्रीय मंत्री गिरिराज ने अपने एक बयान में कहा कि नरेंद्र मोदी आयुष्मान कार्ड समेत सभी लाभकारी योजनाओं में जाति या धर्म नहीं देखते। मुस्लिम समाज भी इन योजनाओं का लाभ उठाता है। पीएम कभी उन्हें गाली भी नहीं देते। इतना होने के बाद भी मुसलमान मोदी को वोट नहीं देते। उपकार नहीं मानने वाले तो नमकहराम ही कहलाएंगे ना। हमें नमकहरामों का वोट नहीं चाहिए। चुनावी मौसम में गिरिराज के बयान से मुस्लिम वोट बिखर सकता है। जो बीजेपी को वोट देता है वह भी गिरीराज के बयान से आहत है। पार्टी को डर है कि कहीं वह वोट भी न खिसक जाए।

## टिकट को लेकर राबड़ी आवास के बाहर कुर्ता फाड़ ड्रामा, रोते हुए पूर्व प्रत्याशी ने लगाए 2.70 करोड़ मांगने के आरोप

पटना (एजेंसी)। बिहार विधानसभा चुनाव में टिकट बंटवारे को लेकर महागठबंधन में घमासान तेज हो गया है। रविवार सुबह राबड़ी देवी आवास के बाहर टिकट न मिलने से नाराज पूर्व प्रत्याशी मदन साह ने न सिर्फ जमकर हंगामा किया, बल्कि अपना कुर्ता फाड़कर बच्चों की तरह सड़क पर रोने-बिलखने लगे। उन्होंने आरोप लगाया कि संजय यादव ने मधुबन विधानसभा सीट से टिकट देने के बदले 2.70 करोड़ रुपये की मांग की, और रकम न देने पर किसी और को टिकट दे दिया गया।

बिहार चुनाव के पहले चरण की वोटिंग में अब सिर्फ 19 दिन शेष हैं। नामांकन वापसी की अंतिम तारीख 20 अक्टूबर है, लेकिन अभी तक महागठबंधन की सीट शेयरिंग पर कोई औपचारिक घोषणा नहीं हुई है। कांग्रेस अब तक 53 उम्मीदवार घोषित कर चुकी है, जबकि रविवार को राजद ने अपनी पहली आधिकारिक सूची जारी की, जिसमें 52 उम्मीदवारों के नाम शामिल हैं। इसमें 22 यादव, 3 मुस्लिम और 3 भूमिहार-ब्राह्मण समाज से प्रत्याशी हैं।

राघोपुर सीट पर तेजस्वी यादव का मुकाबला बीजेपी उम्मीदवार सतीश यादव से होगा, जिन्होंने 2010 में राबड़ी देवी को इसी सीट से हराया था। वहीं एनडीए में सीट बंटवारा तय हो चुका है। हालांकि मुख्यमंत्री पद के चेहरे को लेकर चर्चा जारी है। केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान ने कहा कि जीत के बाद विधायक दल नेता चुनेगा, जबकि गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि बिहार की जनता को नीतीश कुमार पर पूरा भरोसा है।

## भारत 6.5प्रतिशत विकास दर के जाल में फंसा, मनमोहन सिंह जैसा साहस दिखाने की जरूरतः चिदंबरम

नई दिल्ली (एजेंसी)। वरिष्ठ कांग्रेस नेता और पूर्व वित्त मंत्री पी. चिदंबरम ने देश की आर्थिक विकास दर पर गंभीर चिंता जताते हुए कहा कि भारत अब निम्न-मध्यम आय वर्ग के जाल में फंस गया है। उन्होंने रविवार को एक्स (पूर्व ट्विटर) पर लिखा कि 6.5 प्रतिशत की विकास दर जश्न का कारण नहीं, बल्कि चेतावनी है कि देश ठहराव की स्थिति में है। चिदंबरम ने कहा कि मौजूदा सरकार के पास इससे बाहर निकलने का न कोई विचार है और न ही साहस।



पूर्व मंत्री चिदंबरम ने कहा कि भारत की प्रति व्यक्ति सकल राष्ट्रीय आय फिलहाल 2,650 अमेरिकी डॉलर है, जिसे दोगुना करने में वर्तमान दर से चलते हुए करीब नौ वर्ष लगेंगे। उन्होंने लिखा, यह मनमोहन सिंह जैसा साहस दिखाने का समय है। चिदंबरम ने आंकड़ों का हवाला देते हुए बताया कि सकल स्थायी पूंजी निर्माण 2007-08 में जीडीपी का 35.8 प्रतिशत था, जो 2024-25 में घटकर करीब 30 प्रतिशत रह गया है। वहीं निजी पूंजी निवेश भी 27.5 प्रतिशत से घटकर 23.8 प्रतिशत हो गया है। उन्होंने कहा कि निजी पूंजी के पलायन की वजह सरकार और उद्योग जगत के बीच विश्वास की कमी है।

उन्होंने यह भी कहा कि देश में शिक्षित बेरोजगारों की दर 29.1 प्रतिशत तक पहुंच चुकी है। चिदंबरम के मुताबिक, मौजूदा आर्थिक नीतियां भारत को आगे बढ़ाने के बजाय मध्यम आय के जाल में फंसा रही हैं, जिससे बाहर निकलने के लिए नीतिगत सुधार और साहसी नेतृत्व की आवश्यकता है।

# सीएम सिद्धारमैया ने किया अलर्ट कहा-सनातनियों की संगति से बचें, संघ से दूरी बनाएं

बेंगलुरु (एजेंसी)। कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया ने साफ तौर पर कहा कि इस देश के लिए जरूरी है कि लोग सनातनियों और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ से दूरी बनाकर रखें। इनकी संगति कतई न करें, क्योंकि ये लोग ऐतिहासिक रूप से डॉ. भीम राव आंबेडकर और उनकी ओर से बनाए गए संविधान विरोधी है। मैसूर विश्वविद्यालय के रजत जयंती समारोह का उद्घाटन करने और नए ज्ञान दर्शन भवन का लोकार्पण करने के बाद सिद्धारमैया ने कहा, 'अपनी संगति ठीक रखें। उन लोगों से जुड़ें जो समाज के लिए खड़े हैं, न कि उन लोगों के साथ जो सामाजिक परिवर्तन का विरोध करते हैं या सनातनियों के साथ हैं।



सिद्धारमैया ने कहा कि चीफ जस्टिस बीआर गवई की ओर जूता फेंके जाने की घटना का उल्लेख करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा, 'एक सनातनी की ओर से प्रधान न्यायाधीश की ओर जूता फेंकना यह दर्शाता है कि समाज में अब भी सनातनी और रूढ़िवादी तत्व मौजूद हैं। इस कृत्य की निंदा केवल दलितों को ही नहीं, बल्कि सभी को करनी चाहिए। तभी हम कह सकते हैं कि समाज बदलाव की राह पर आगे बढ़ रहा है। सिद्धारमैया ने यह भी आरोप लगाया कि संघ परिवार ने आंबेडकर के संविधान का विरोध किया था और अब भी कर रहे हैं। उन्होंने लोगों से तर्कवादी बनने का आग्रह किया। बीआर आंबेडकर को एक दूरदर्शी व्यक्ति बताते हुए सिद्धारमैया ने कहा, 'बाबा साहब ने समाज को समझने के लिए ज्ञान अर्जित किया और जीवन भर समाज को बदलने के लिए इसका उपयोग किया। भाजपा और संघ परिवार पर आंबेडकर के नाम पर झूठा प्रचार करने का आरोप लगाते हुए उन्होंने कहा, वे झूठ फैला रहे हैं कि कांग्रेस ने चुनावों में आंबेडकर को हराया। लेकिन सच्चाई यही है जो आंबेडकर ने खुद अपने हाथ से लिखा था- सावरकर और डांगे ने मुझे हराया। संघ परिवार के झूठ को उजागर करने के लिए ऐसी सच्चाई को समाज के सामने रखा जाना चाहिए। आंबेडकर स्कूल ऑफ इकोनॉमिक्स के बारे में सिद्धारमैया ने कहा, मैंने इसकी स्थापना इसलिए की ताकि आंबेडकर पर अध्ययन करने वाले लोग उनके रास्ते पर चल सकें। आंबेडकर बेजोड़ हैं। दूसरे आंबेडकर कभी पैदा नहीं होंगे, लेकिन सभी को उनके आदर्शों का पालन करना चाहिए और उनके पदचिह्नों पर चलना चाहिए। राष्ट्र के प्रति आंबेडकर के योगदान की सराहना करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा, उन्होंने विश्व के सभी संविधानों का अध्ययन किया और उन्हें आत्मसात किया। भारत को उसके समाज के लिए सर्वोत्तम संविधान दिया। उन्होंने कहा कि वह बुद्ध, बासव (12वीं सदी के समाज सुधारक) और आंबेडकर के विचारों में विश्वास करते हैं। इसलिए, मुझे उम्मीद है कि तार्किकता और वैज्ञानिक सोच बढ़ेगी।

## केरल में बारिश से निचले इलाकों में आई बाढ़, कई जिलों में ऑरेंज व यलो अलर्ट जारी

एर्नाकुलम (एजेंसी)। केरल के कई जिलों में ऊंचाई वाले इलाकों में रविवार को भारी बारिश हुई। वहीं कई निचले इलाकों में बाढ़ आ गई। मौसम विज्ञान विभाग ने छह जिलों एर्नाकुलम, इडुक्की, मलप्पुरम, कोझिकोड, कन्नूर और कासरगोड के लिए 'ऑरेंज' अलर्ट जारी किया है। वहीं आठ जिलों के लिए 'येलो' अलर्ट जारी किया है।

मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक आईएमडी ने केंद्र शासित प्रदेश लक्षद्वीप के लिए भी 'ऑरेंज' अलर्ट जारी किया है। 'ऑरेंज' अलर्ट 24 घंटों में 11 सेंटीमीटर से 20 सेंटीमीटर के बीच ''बहुत भारी बारिश'' का संकेत है जबकि 'येलो' अलर्ट छह सेंटीमीटर से 11 सेंटीमीटर के बीच ''भारी बारिश'' का संकेत देता है।



बारिश से इडुक्की जिला सबसे ज्यादा प्रभावित हुआ है, जहां शनिवार रात और रविवार सुबह कई हिस्सों में बाढ़ और भूस्खलन की खबरें हैं। अधिकारियों ने बताया कि नेदुमकंदम, कुमिली और कट्टप्पना इलाकों में बाढ़ की खबर है। जिला अधिकारियों ने बताया कि लोगों को राहत शिविरों में पहुंचाया गया है। लगातार बारिश से मुल्लपेरियार बांध का जलस्तर बढ़ गया। तमिलनाडु जल संसाधन विभाग ने 13 'स्पिलवे शटर' (फाटक) 100 सेंटीमीटर तक खोल दिए हैं।

रिपोर्ट में जिला अधिकारियों के हवाले से बताया गया है कि बांध से 1,400 क्यूसेक पानी छोड़ा जा रहा है, जिसका जलस्तर सुबह पांच बजे 139.30 फुट दर्ज किया गया। अधिकारियों ने बताया कि जिले के तीन अन्य बांधों से भी पानी छोड़ा जा रहा है। एर्नाकुलम में रात भर हुई भारी बारिश के कारण रेलवे स्टेशन के पास बाढ़ आ गई, वहां मरम्मत का काम जारी है। कई नदियों में बढ़ते जलस्तर को देखते हुए जिला प्रशासन को अलर्ट पर रखा गया है।

पथनमथिट्टा, कोझिकोड, मलप्पुरम और कन्नूर जिलों में भी भारी बारिश हुई। मलप्पुरम में, जिला अधिकारियों ने बताया कि बाढ़ का पानी खेत में घुस गया है जिससे फसलों को नुकसान हुआ है। मछुआरों को समुद्र में नहीं जाने की सलाह दी गई है, क्योंकि 22 अक्टूबर तक मौसम खराब रहने का अनुमान है।

## अब ब्रिटिश के पायलटों को प्रशिक्षित करेंगे भारतीय वायुसेना के ट्रेनर

नई दिल्ली (एजेंसी)। वक्त वक्त की बात है एक समय था जब ब्रिटश ने भारत में 'रॉयल इंडियन एयर फोर्स' की नींव रखी थी, अब उसी ब्रिटेन की रॉयल एयर फोर्स (आरएएफ) के फाइटर पायलटों को भारतीय वायुसेना (आईएएफ) के अनुभवी प्रशिक्षक ट्रेनिंग देने जा रहे हैं। रिपोर्ट के अनुसार, भारतीय वायुसेना के दो शीर्ष फाइटर पायलट प्रशिक्षक जल्द ही ब्रिटेन के आरएएफ वैली एयरबेस में तैनात होंगे, जो वेल्स के उत्तर-पश्चिम तट पर एंग्लसी द्वीप पर स्थित है। यहां वे ब्रिटिश एयरफोर्स के पायलट कैडेट्स को बीएई हॉक टी एमके 2 एडवांस्ड जेट ट्रेनर विमान पर ट्रेनिंग देंगे। यह वही विमान है जिस पर ब्रिटेन के अगली पीढ़ी के फाइटर पायलट टाइफून और एफ-35 जैसे फ्रंटलाइन जेट्स की तैयारी करते हैं।

रॉयल एयर फोर्स के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि यह पहल दोनों देशों के बीच मजबूत होते रक्षा सहयोग की दिशा में अहम कदम है। उन्होंने कहा, भारतीय प्रशिक्षकों की नियुक्ति की सटीक तारीख अभी तय नहीं हुई है,



लेकिन यह अक्टूबर 2026 से पहले नहीं होगी। उनकी यूके में प्रारंभिक ट्रेनिंग और परिचय प्रक्रिया करीब एक वर्ष या उससे कम समय में पूरी हो जाएगी। इन दोनों भारतीय प्रशिक्षकों का वेतन भारत सरकार द्वारा दिया जाएगा, जबकि ब्रिटेन का रक्षा मंत्रालय उनके रहने की व्यवस्था करेगा। यह प्रशिक्षक आरएएफ वैली में अधिकतम तीन साल तक तैनात रह सकते हैं। वर्ल्ड डायरेक्टरी ऑफ मॉडर्न मिलिट्री एयरक्राफ्ट की रैंकिंग के मुताबिक, अमेरिका और रूस के बाद भारतीय वायुसेना दुनिया की तीसरी सबसे शक्तिशाली वायुसेना है। ब्रिटेन इस सूची में आठवें स्थान पर है। आरएएफ के सूत्रों के मुताबिक, इस कार्यक्रम का उद्देश्य सिर्फ प्रशिक्षण सहयोग नहीं, बल्कि भारत-यूके के सामरिक और राजनीतिक रिश्तों को मजबूत करना भी है। एक अधिकारी ने कहा, भारतीय प्रशिक्षकों की भागीदारी से दोनों देशों की वायु सेनाओं के बीच बेहतर इंटरऑपरेबिलिटी विकसित होगी, जिससे विश्वास और सहयोग के नए रास्ते खुलेंगे। इस ऐतिहासिक सहयोग को न केवल रक्षा विशेषज्ञों ने सराहा है, बल्कि इसे भारत के बढ़ते वैश्विक सैन्य प्रभाव का प्रतीक भी माना जा रहा है- जहां अब भारतीय पायलट, कभी औपनिवेशिक शक्ति रहे ब्रिटेन के फाइटर पायलटों को उड़ान का पाठ पढ़ाएंगे।

## धुंध और धुंए की चादर में लिपटी दिल्ली- दीवाली से पहले ही घुटने लगा दम, एक्यूआई 400 पार

नई दिल्ली (एजेंसी)। न तो अभी दीवाली के पटाखे ठीक से फोड़े गए हैं और न ही कड़ाके की ठंड पड़ी है। इसके बाद भी दिल्ली एनसीआर में दम घुटने लगा है। यहां का एक्यूआई 400 के पार हो गया है और पूरी दिल्ली धुंध और धुंए की चाद में लिपटी दिखाई दे रही है। साउथ दिल्ली में तो कॉलेज स्टूडेंट मास्क लगाकर बाहर निकल रहे हैं। यहां प्रदूषण इतना अधिक बढ़ गया है कि लोगों की आंखें चुभ रही हैं। अब तो लोगों को दिवाली की शॉपिंग भी डरावनी लग रही है। लोगों को बाहर निकलने में भी डर लगने लगा है। अस्पतालों में सांस के मरीजों की संख्या बढ़ती जा रही है। डॉक्टरों के अनुसार ये प्रदूषण फेफड़ों को नुकसान पहुंचाता है। ऐसे में बुजर्गों और बच्चों को घर से बाहर न निकलने की सलाह दी गई है।

दिवाली से एक दिन पहले रविवार की सुबह ही दिल्ली एनसीआर धुंध की मोटी चादर में लिपट गया है। यहां सड़कों पर विजिबिलिटी 50 मीटर से कम हो गया है। एयर क्वालिटी इंडेक्स (एक्यूआई) लेवल 400 के आंकड़े



को पार कर गया है। आनंद बिहार में तो ये आंकड़ा 418 को पार कर गया है। एक तरह से दिल्ली गैस चैंबर बन चुकी है। जहां हर सांस में जहर घुलता नजर आ रहा है।

केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) के अनुसार, दिल्ली में वायु गुणवत्ता सूचकांक तेजी से बिगड़ रहा है। मंगलवार के आंकड़ों से साफ है कि कई इलाकों की हवा जहरीली हो गई है। आनंद विहार में तो रविवार को एक्यूआई 435 दर्ज किया गया है, जो 'गंभीर' श्रेणी में आता है। वहीं, वजीरपुर में 365 तक पहुंच गया है। जबकि द्वारका सेक्टर 8 में 341 और बवाना में 303 के करीब पहुंचा है। इसके अलावा आईटीओ में एक्यूआई 285 के करीब है। यह प्रदूषण पराली जलाने, वाहनों और धूल से फैल रहा है। ऐसे में माना जा रहा है कि दिल्लीवासियों को मास्क पहनना जरूरी है।

सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र और दिल्ली सरकार की सिफारिश पर दिवाली से पहले दिल्ली-एनसीआर में पटाखों पर लगे पूर्ण प्रतिबंध में ढील दी है। अब केवल ग्रीन पटाखों की बिक्री और उपयोग की अनुमति है। सुप्रीम कोर्ट ने यह फैसला 15 अक्टूबर 2025 को आया था। कोर्ट ने इसे परीक्षण के तौर पर लिया है, ताकि त्योहार मनाया जा सके और प्रदूषण नियंत्रित रहे। बता दें कि ग्रीन पटाखे पर्यावरण अनुसंधान संस्थान और पेट्रोलियम सुरक्षा संगठन द्वारा प्रमाणित होते हैं। इनमें क्यूआर कोड होता है। इसकी बिक्री 18 अक्टूबर से 20 अक्टूबर तक सीमित है। जहां लोगों को पटाखा फोड़ने का समय सुबह 6 से 7 बजे और रात 8 से 10 बजे तक निर्धारित किया गया है। लोगों को बाहर से पटाखे लाने पर रोक लगाई गई है। जाली पटाखों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। साथ ही लाइसेंस भी रद्द किया जा सकता है।

## मुफ्त बिजली पर मोदी सरकार ने कसा शिकंजा, कहा- 3 में से कोई एक विकल्प चुनें राज्य

नई दिल्ली (एजेंसी)। केंद्र सरकार ने राज्यों पर बिजली सब्सिडी बकाया चुकाने का दबाव बढ़ाते हुए तीन विकल्पों वाला सख्त निजीकरण फॉर्मूला तैयार किया है। यह प्रस्ताव उन राज्यों पर शिकंजा कसने के लिए है जो समय पर बिजली सब्सिडी का भुगतान नहीं कर पा रहे हैं। पंजाब में बिजली सब्सिडी का दायरा काफी बड़ा है।

ऑल इंडिया पावर इंजीनियर्स फेडरेशन के प्रवक्ता वीके गुप्ता ने जानकारी दी कि केंद्र सरकार ने जो तीन विकल्प सुझाए हैं। पहला विकल्प यह है कि राज्य सरकार बिजली वितरण कंपनियों (डिस्कॉम्स) में 51 प्रतिशत हिस्सेदारी बेचकर इन्हें पब्लिक-प्राइवेट पार्टनरशिप (पीपीपी) मॉडल के तहत चलाए। दूसरा विकल्प यह है कि बिजली वितरण कंपनियों में 26 प्रतिशत हिस्सेदारी और प्रबंधन का नियंत्रण किसी निजी कंपनी को सौंपा जाए। तीसरे विकल्प के तौर पर कहा गया है कि यदि कोई राज्य निजीकरण से बचना चाहता है तो उसे अपनी डिस्कॉम्स को सेबी और स्टॉक एक्सचेंज में रजिस्टर कराना होगा। गुप्ता ने कहा कि यह प्रस्ताव फिलहाल सात राज्यों उत्तर प्रदेश, महाराष्ट्र, मध्य प्रदेश, राजस्थान, हरियाणा, आंध्र प्रदेश और तमिलनाडु- के साथ एक मंत्रिस्तरीय बैठक में साझा किया गया है। हालांकि पंजाब इस बैठक में शामिल नहीं था, लेकिन आने वाले समय में उस पर भी यह दबाव बढ़ सकता है।

बता दें कि किसानों को ट्यूबवेल चलाने के लिए मुफ्त बिजली दी जाती है, वहीं घरेलू उपभोक्ताओं को हर महीने 300 यूनिट तक मुफ्त बिजली का लाभ मिलता है। वर्ष 1997-98 में जहां कृषि क्षेत्र की सब्सिडी 604.57 करोड़ थी, वहीं 2025-26 में यह बढ़कर 10,000 करोड़ हो चुकी है। यदि अन्य वर्गों की सब्सिडी भी जोड़ दी जाए तो कुल अनुमानित सब्सिडी 20,500 करोड़ तक पहुंच गई है।

# चरणजीव मल्होत्रा ने पूज्यनीय पिता श्री कृष्ण लाल मल्होत्रा के शोकसभा एवं पगड़ी रस्म निभाया गया

**कौमी पत्रिका**

नई दिल्ली। प्रमुख समाजसेवी एवं कोरोना योद्धा चरणजीव मल्होत्रा के पूज्यनीय पिता श्री कृष्ण लाल मल्होत्रा का 5 अक्टूबर 2025 को स्वर्गवास हो गया था शोकसभा एवं पगड़ी रस्म कार्यकम17 अक्टूबर 2025 को दिल्ली के करोल बाग स्थित अजमल खाँ पार्क करोल बाग में श्रद्धांजलि एवं प्रार्थना सभा का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में क्षेत्रीय धार्मिक राजनीतिक एवं समाज सेवक व आम जनता के लोगो ने अपनी उपस्थिति दर्ज की यह कार्य ऐसा कार्यक्रम था कि देखते ही ऐसा लगता था की शोक तो था ही उनके साथ-साथ जीवन में आगे चलने की राहे बताकर आसान कर रहे ऋषि मुनि और विश्व हिन्दु परिषद के अध्यक्ष और अनेक साधू-संत अपनी वाणी से अपने विचार जो प्रकट कर रहे थे व अनमोल शब्द थे। जिन्हें सुनकर लोगों के मन से विचार प्रकट हो रहे थे कि संसार में कुछ भी अपना नहीं है सब कुछ ईश्वर का दिया हुआ प्रसाद जो हमें अपने जीवन में चख कर के आगे चलना है हर जीव की भलाई के लिए काम करना है। विश्व हिन्दु परिषद दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष ने कहा हमे बड़ा गर्व है कि हम अनेक तेरहवी के कार्यक्रम में गए परन्तु जो चरणजीव मल्होत्रा ने कार्य में किसी भी तरह की कोई कसर नहीं छो? रखी है जिसे इनकी जितनी प्रशांसा की जाए वह कम है। जिआ बेटे ने अपने माँ बाप की जो सेवा







की है व जिस भाव से दाह संस्कार से लेकर तेरहवी किस तरह उन्होने अपने आपको सभाला है और पूरी रस्म रीति-रिवाज में एक रती भर भी कमी नहीं छोड़ी उन्होने चरणजीव मल्होत्रा को श्रवण कुमार का नाम दिया उन्होने कहा हमने किताबों में व पढन था कि जो श्रवण कुमार ने अपने माता-पिता की सेवा की और उनके आदेश का पालन किया और जो फर्ज माँ-बाप के लिए निभाया है वे सब जानते है। परन्तु आज की दुनियाँ में जो माँ-बाप की सेवा व आदेश का पालन किया है तो वह चरणजीव मल्होत्रा ने किया है। उन्होने कहाँ यहां बैठे और भाई बहनों व परिजनो यहाँ से सीख लेकर जाए की चरणजीव मल्होत्रा ने अपने मॉ-बाप की सेवा वह सभी अपने बाप की सेवा करे यही सबसे बड़ा कर्म है। करोल बाग विधान सभा क्षेत्र में विधायक विश्ल निवेश रवि ने भी अपने विचार प्रकट किये और चरणजीव मल्होत्रा द्वारा सम्मान में कृष्ण लाल मोरगा जी के लिए श्रद्धांजलि दी और उन्होंने यहाँ क्षेत्र में उन्होंने अपने चरणजीव मल्होत्रा के कार्य जो एक सराहनीय है है सन्स देसी-रवि ने श्रीकांति अपित करते हुऐ कहां धन्य हो ऐसे माता-पिता जिन्होंने चरणजीव मल्होत्रा जैसे सपुत्र को जन्म दिया और अपने संस्कारो से किया जो एक दिल्ली देश दुनियां में एक मिशाल है कि करोना काल में लोग अपकी जान बचा रहे थे अपने के करने से बच रहे थे दाह संस्कार दो यही चरणजीव मल्होत्रा है पिता के दाह संस्कार में हर घर ने निकले कई हजार लाशों का दाह संस्कार किया और व ऐसा समय था लोग जान बचा रहे थे खुद से परेशानी मे चरणजीव मल्होत्रा साथ दी थे।

श्री योगेन्द्र चन्दोलियां ने मुहाँ ऐसे मौला पिटा को हम नमन करते है जो दिल्ली वासियो को नौ रतन दिया उनको मत अत प्रष्णम मुझे आज भी याद है की चरणजीव मल्होत्रा जो. करोना काल में लोग घरो से नहीं निकल रहे थे भो बाथ अपने परायो की शुद्ध एक नहीं ले रहे थे तब मल्लोत्रा जी घरो से बस्तीयों में लाये कन्चे पर लाद कर घरो से निकाल रहे थे और उनका निगम बोच्च घाट पर दाह संस्कार कर रहे थे इन्होंने चन की परवाह ना परते है जगह जगह रकने के लगर लगवाले की है समय में कोई भुरखा मा रहे गौ माता को राष्ट्र भाटा का देजा दिलाने के लिए भी प्रयास कर रहे है घूमना भी सकाश भी कराने के लगे रहते है और अनेक सामाजिक मार्च) पजाब में आई बाढ पिइतो के लिए जो इन्होने कार्य किये। वह प्रधानमंत्री कार्यालय, गृहमन्त्री कार्यालय, दिल्ली मुख्यमंत्री कार्यालय, दिल्ली प्रदेश बीजेपी कार्यालय, विश्वहिन्दु परिषद व अनेक पार्टी कि धार्मिक संस्थाओं से शोक-सन्देश पत्र आए। कार्यक्रम मे आहे उच्च कोटि के महन्त रिशी मुनियों द्वारा चरणजीव मल्होत्रा की पगड़ी बाँधी गई यह अदभूत दर्शया था।

# त्योहारों की रौनक में फंसे दिल्ली-नोएडा-गुरुग्राम वाले, दिवाली से पहले सड़कों पर रेंग रहे वाहन

नई दिल्ली। दिवाली से ठीक पहले राजधानी की सड़कों पर शुक्रवार को दिनभर जाम की स्थिति बनी रही। बाजारों में खरीदारी करने वालों और अपने घरों को लौट रहे यात्रियों की भारी भीड़ के चलते यातायात व्यवस्था चरमराती नजर आई। दिल्ली के मध्य, दक्षिण, पूर्व, उत्तर-पश्चिम, बाहरी और उत्तरी बाहरी क्षेत्रों में यातायात का दबाव सबसे ज्यादा रहा। कई स्थानों पर वाहनों की लंबी कतारें लगी रहीं और लोगों को कुछ किलोमीटर का सफर तय करने में घंटों का समय लग गया। बाजारों में दिवाली की खरीदारी और कार्यालयों से घर लौटते कर्मचारियों की वजह से मुख्य सड़कों पर गाड़ियों रेंगनी हुई नजर आईं। कई जगहों पर तो ट्रैफिक पूरी तरह ठहर गया। मदर टेरेसा क्रिसेंट, पंचकुइयां मार्ग, कनॉट सर्किल, लोनी रोड, हनुमान रोड और बाबा खड़क सिंह मार्ग जैसे मुख्य मार्गों पर वाहनों की लंबी कतारें लगीं। उत्तरी दिल्ली में जीटी करनाल रोड, राज निवास मार्ग, घंटा घर चौक और रोशनआरा रोड पर जाम की स्थिति बनी रही। दक्षिणी दिल्ली में ग्रेटर कैलाश से मूलचंद फ्लाईओवर तक लगभग एक किलोमीटर लंबा ट्रैफिक जाम देखने को मिला। वहीं, मथुरा रोड, प्रगति मैदान के आसपास और पूर्वी दिल्ली की ओर जाने वाले मार्गों पर भी गाड़ियां घंटों तक रेंगती रहीं। आउटर रिंग रोड पर वजीरपुर और आजादपुर के पास भी वाहनों की गति बेहद धीमी रही। दक्षिण-पूर्वी दिल्ली में जामिया मिलिया इस्लामिया के पास तिकोना पार्क के आसपास लंबी गाड़ियों की कतारें लगीं, जबकि एनएच-48 पर दिल्ली से गुरुग्राम की ओर जाने वाले फ्लाईओवर पर वाहनों का दबाव लगातार बढ़ता गया। दिवाली और धनतेरस से पहले शहरभर में खरीदारी के चलते बाजारों में अप्रत्याशित भीड़ देखने को मिल रही है। पुलिस के अनुसार, इस सप्ताह के अंत तक यातायात दबाव और बढ़ सकता है। यातायात विभाग ने लोगों से अपील की है कि वे संभव हो तो सार्वजनिक परिवहन का उपयोग करें और भीड़भाड़ वाले इलाकों से बचें। ट्रैफिक पुलिस की नई दिल्ली रेज के पुलिस उपायुक्त राजीव कुमार ने बताया कि त्योहारों के दौरान बाजारों और बस अड्डों पर भारी भीड़ होने के कारण सड़कों पर अतिरिक्त दबाव देखा जा रहा है। उन्होंने बताया कि पुलिसकर्मियों को प्रमुख स्थानों पर तैनात किया गया है और यातायात को सामान्य करने के लिए अतिरिक्त उपाय किए जा रहे



हैं। पिछले तीन दिन से जाम से कराहे दिल्ली वासियों की कराहने की आवाज शुक्रवार को दिल्ली पुलिस आयुक्त तक पहुंच गई। इसके बाद दिल्ली पुलिस कमिश्नर ने स्थानीय पुलिस को ट्रैफिक जाम को खुलवाने में सहयोग करने के सख्त आदेश दिए हैं। पुलिस आयुक्त सतीश गोलचा ने ये भी आदेश दिए हैं कि ऐसी जगह पुलिस पिकेट लगाकर चेकिंग न की जाए जिसकी वजह से जाम लगता हो। बताया जा रहा है कि फिलहाल ये व्यवस्था त्योहारी मौसम के लिए हैं। व्यवस्था के इनपुट आने के बाद ये आगे भी लागू किया जाएगा। त्योहारी मौसम के चलते लोगों के भारी आवागहन, एक दिन में कई वीआईपी रूट लगने और दिल्ली में कई इवेंट होने से दिल्ली पिछले कुछ दिन से जाम से जूझ रही है। आधा घंटे का सफर को पूरा करने में ढ़ाई घंटे तक समय लग रहा है। वाहनों की दो से तीन किमी लंबी लाइनें लग रही हैं। ऐसे में दिल्ली ट्रैफिक पुलिस के एक अधिकारी ने बताया कि दिल्ली में कहीं अगर जाम लगता है तो ट्रैफिक पुलिस ही मौके पर जाकर खुलवाएगी। चाणक्यपुरी थाने के सामने पिछले तीन दिन जबरदस्त जाम लग रहा है, मगर एक भी पुलिसकर्मी थाने से बाहर निकल कर जाम खुलवाते नजर नहीं आया। दिवाली-धनतेरस समेत अन्य त्योहारों की खरीदारी के लिए शुक्रवार को बड़ी संख्या में लोग निकले। इसका असर यह हुआ कि सड़कों पर वाहनों का दबाव एकदम से बढ़ गया। शुक्रवार दोपहर नोएडा-ग्रेनो एक्सप्रेसवे से लेकर शहर के अंदर की सड़कों पर वाहन रेंगते हुए दिखे। प्रमुख सड़कों पर शाम होते-होते जाम की स्थिति बन गई। ट्रैफिक पुलिस की तरफ से की गई तैयारियां भी कम पड़ गईं। खासकार शहर के सभी प्रमुख बाजारों के पास वाहनों के दबाव और भीड़ की वजह से रफ्तार थमी रही। वहीं दिल्ली और गाजियाबाद के जाने वाले रास्तों पर भी वाहनों का दबाव बना रहा। शुक्रवार दोपहर 1 बजे से नोएडा-ग्रेनो एक्सप्रेस-वे पर दिल्ली डीएनडी और चिल्ला बॉर्डर होकर जाने वाला ट्रैफिक सेक्टर-95 दलित प्रेरणा स्थल के सामने फंसने लगा। महामाया फ्लाईओवर के पीछे तक करीब एक किमी लंबी वाहनों की लाइन लगी रही। सेक्टर-14 ए लिंक रोड पर भी देर शाम तक दिल्ली जाने और नोएडा आने वाली सड़क पर वाहन रेंगते रहे। शहर के अंदर सेक्टर-18 मार्केट, सेक्टर- 27 अट्टा व इंदिरा मार्केट, सेक्टर-5 हरौला मार्केट, सेक्टर-29 ब्रह्मपुत्र मार्केट, भंगेल में दोपहर 2 बजे से ही वाहनों का दबाव बढ़ना शुरू हो गया था। शाम होने तक वाहनों की कतार लग गई। इसी तरह सेक्टर-62 मॉडल टाउन गोल चक्कर से लेकर सेक्टर-71 चौराहे के बीच दोनों तरफ शाम को वाहनों का दबाव रहा। यहां पर सेक्टर-60 व मॉडल टाउन अंडरपास पार करने में वाहन चालकों को 20-25 मिनट का समय लगा। सेक्टर-58-59 रोड, सेक्टर-37 में बस स्टॉप के पास भी जाम की स्थिति रही।

## कर्तव्य पथ पर आस्था और आधुनिकता का अद्भुत संगमः सीएम रेखा गुप्ता

**प्रथम पृष्ठ का शेष**

हजारों ड्रोन से सुसज्जित इस भव्य दृश्य ने रामायण की पवित्र गाथा को आधुनिक तकनीक के जरिये जीवंत कर दिया। मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम के जीवन आदर्शों का यह दृश्य न केवल श्रद्धालुओं को भावविभोर कर गया, बल्कि यह भी संदेश दिया कि भारत की परंपराएं समय के साथ आधुनिकता के संग समरसता से आगे बढ़ सकती हैं। मुख्यमंत्री का यह भी कहना था कि दीपावली विशेष पर्व है जो अंधकार पर प्रकाश, असत्य पर सत्य और अधर्म पर धर्म की विजय का प्रतीक है। त्रेतायुग में जब भगवान श्रीराम 14 वर्ष के वनवास के पश्चात अयोध्या लौटे, तब अयोध्यावासियों ने दीप जलाकर उनका स्वागत किया था। तभी से यह पर्व दीपों के माध्यम से उजियारे का प्रतीक बन गया। यह पर्व केवल धार्मिक नहीं, बल्कि सामाजिक और सांस्कृतिक एकता का भी प्रतीक है। परिवार, समाज और राष्ट्र के स्तर पर यह उत्सव हमें एक-दूसरे से जोड़ता है, और अंधकार को मिटाकर उम्मीद और सद्भाव के दीप जलाने की प्रेरणा देता है। उन्होंने कहा कि दिल्ली सरकार का यह आयोजन विशेष है। अब तक दीपोत्सव का भव्य आयोजन अयोध्या में देखने को मिलता था, लेकिन पहली बार दिल्ली ने भी उस गौरवमयी परंपरा को अपने आंगन में साकार किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी सरकार यह सुनिश्चित करना चाहती है कि दिल्ली न केवल प्रशासनिक राजधानी रहे, बल्कि सांस्कृतिक रूप से भी भारत की आत्मा को प्रतिबिंबित करे। दीपावली का यह आयोजन दिल्ली को आध्यात्मिक चेतना और सांस्कृतिक गौरव की दिशा में एक नई पहचान देगा।

## युवक और उसके ममेरे भाई की गोली मारकर हत्या

नई दिल्ली। उत्तर पूर्वी जिला के शास्त्री पार्क इलाके में बृहस्पतिवार देर रात एक युवक और उसके ममेरे भाई की हमलावरों ने गोली मारकर हत्या कर दी। मृतकों की शिनाख्त 25 साल के उमाम उर्फ उभम और 27 साल के नदीम के रूप में हुई है। दोनों इलाके में अचेत अवस्था में पड़े थे। पुलिस ने दोनों को पास के अस्पताल में लेकर गई जहां उमाम को मृत घोषित कर दिया गया। जबकि नदीम ने इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। शुरुआती जांच के बाद पुलिस रंजिश की आशंका जता रही थी। फुटेज खंगालने के बाद पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में आरोपी ने रुपये के लेन-देन के विवाद में उन्हें गोली मारी थी। जानकारी के मुताबिक उमाम अपने परिवार के कैलाश नगर में रहता था। वहीं नदीम उसके मामा का बेटा था। नदीम अपने परिवार के साथ रहता था। जिला पुलिस उपायुक्त आशीष मिश्रा ने बताया कि बृहस्पतिवार देर रात सर्विस रोड पर एक युवक के अचेत पड़े होने की जानकारी मिली। पुलिस ने देखा कि युवक के पेट से खून निकल रहा है।


**NAME CHANGE**
I, MERJAN BIBI is real mother of No. 15680513K Rank CHM Name MD HABIB SK presently residing at VILL-PLASSEY PANDABPARA, POST-PLASSEY SUGAR MILL, TEH-KRISHNAGAR, DIST-NADIA, (WEST BENGAL) -741157 have my changed my name from MERJAN BIBI to MIRJAN BIBI for all future purposes Vide Affidavit Dated 18/10/2025 before Notary Public New Delhi.


# सही मायने में दीवाली कैसे मनाएं ?-संत राजिन्दर सिंह जी महाराज

आज दीवाली का दिन है। इतिहास से हमें पता चलता है कि आज के दिन बड़े-बड़े संतों-महात्माओं के जीवन में अनेक घटनाएं हुई हैं। जैसे भगवान महावीर को निर्वाण पद की प्राप्ति आज ही के दिन हुई थी। दीवाली का दिन सिक्ख इतिहास में भी बड़ी महत्ता रखता है। छट्ठे गुरु श्री हरगोबिन्द सिंह जी महाराज जो ग्वालियर के किले में कैद थे, आज ही के दिन वे 52 राजा-महाराजाओं के साथ रिहा हुए थे। स्वामी रामतीर्थ जी का जन्म भी दीवाली के दिन ही हुआ था। आर्य समाज के संस्थापक स्वामी दयानन्द जी का निर्वाण भी दीवाली के दिन हुआ था और हम सब यह अच्छी तरह जानते हैं कि चौदह वर्ष के बनवास के बाद श्री रामचन्द्र जी महाराज जब अयोध्या वापिस पहुँचे तो आज ही के दिन लोगों ने दीये जलाए थे। दीवाली खुशियों का त्यौहार है। दीवाली से कुछ दिन पहले हम अपने घरों की साफ-सफाई करते हैं और दीवाली के दिन घर की सजावट कर दीये जलाते हैं। इस मौके पर सभी लोग पटाखे जलाकर अपनी खुशी व्यक्त करते हैं। अपने घर की सफाई के दौरान हम उन चीज़ों को बाहर निकालते हैं जो हमारे लिए उपयोगी या लाभदायक नहीं होतीं। अगर हम अपने साथ बहुत सा अनावश्यक सामान ढोते फिर रहे हैं या उन चीज़ों की ओर ध्यान देने में अपना समय बर्बाद कर रहे हैं जो हमें कोई लाभ नहीं पहुँचातीं तो इसका मतलब यह है कि हम ऐसी ज़िंदगी जी रहे हैं जो हमें अपने जीवन के वास्तविक लक्ष्य जोकि अपने आपको जानना और पिता-परमेश्वर को पाना है, को पाने में मददगार नहीं है। ऐसा जीवन जिसमें कि हमारा अपने जीवन लक्ष्य के प्रति कोई ध्यान न हो तो ऐसी अवस्था में हमारे अंदर हर वक्त एक संघर्ष चलता रहता है, जिसमें एक ओर हमारा मन इस बाहरी संसार में लिप्त रहना चाहता है तो दूसरी ओर हमारी आत्मा अंतर में परमात्मा को पाना चाहती है। हमारी आत्मा मन द्वारा उत्पन्न गंदगी को साफ करने की कोशिश करती रहती है लेकिन जैसे ही आत्मा हमारे विचारों, वचनों और कार्यों की गंदगी को साफ करती है, वैसे ही हमारा मन और अधिक गंदगी पैदा कर देता है। मन किस प्रकार की गंदगी उत्पन्न करता है? हमारा मन इन पाँच चोरों काम, क्रोध, लोभ, मोह और अहंकार की मदद से हमारे अंदर गंदगी पैदा करता है। यही पाँचों चोर हमारे विचारों, वचनों और कार्यों द्वारा हमें कर्मों के बंधन में फंसाते हैं। जब हम अंतर में ध्यान टिकाकर अपने मन को शांत करने की कोशिश करते हैं तो इन पाँच चोरों से संबंधित विचार हमारे ध्यान को एकाग्र नहीं होने देते। कई बार जब हम ध्यान-अभ्यास के दौरान अपने मन को स्थिर करने का प्रयास करते हैं तो क्रोध संबंधी विचार हमारे ध्यान को भटकाने लगते हैं। ये क्रोधपूर्ण विचार हमारे मन में घूमते रहते हैं और हम आंतरिक दिव्य प्रकाश पर ध्यान टिकाने के बजाय इन्हीं विचारों को सोचने में लग जाते हैं। बहुत सी बार ध्यान एकाग्र करने के बजाय हम यह सोचने लगते हैं कि हम भी वह सब कुछ कैसे पा सकते हैं जो दूसरों के पास हैं? क्योंकि हमारा मन हमें लोभ में फंसा देता है, जिससे कि हम अपने ध्यान को अंतर में एकाग्र नहीं कर पाते। जब हम ध्यान-अभ्यास में बैठते हैं तो कई बार ऐसा भी होता है कि हमें उन लोगों या चीज़ों का भी ख्याल आने लगता है जिनसे हम मोह करते हैं। ध्यान-अभ्यास के दौरान ऐसा भी होता है जब हम यह सोचने लगते हैं कि हम दूसरों से ज़्यादा खूबसूरत, ज़्यादा बुद्धिमान या ज़्यादा ताकतवर हैं। ऐसे में हम ध्यान टिकाने की बजाय अपने आपके बारे में सोचने लग जाते हैं। आत्मा, हमारे मन के इन सभी विचारों से साफ होना चाहती है। वह अंतर में प्रभु की ज्योति पर ध्यान टिकाने की कोशिश करती है लेकिन हमारा मन बहुत ही ताकतवर है। जो हर वक्त हमारी आत्मा को मैला करता जा रहा है? ऐसी अवस्था में हमारी आत्मा को मदद की ज़रूरत है। इसके लिए हमें वक्त के पूर्ण सत्गुरु की आवश्यकता होती है जो हमारे मन की गंदगी को न सिर्फ साफ करने में हमारी मदद करते हैं बल्कि मन को शांत व स्थिर कैसे किया जाए, उसका भी उपाय बताते हैं। हम अपने आप मन को तब तक शांत नहीं कर सकते, जब तक हमें किसी पूर्ण सत्गुरु की मदद न मिले। एक पूर्ण सत्गुरु हमारी मदद कैसे करते हैं? सबसे पहले वे हमें पवित्र नाम से जोड़ते हैं। जब हम ध्यान-अभ्यास के दौरान अपने सत्गुरु द्वारा दिये गए इन नामों का जाप करते हैं तो इससे हमारा मन शांत होता है, जिससे कि हम अपने अंदर प्रभु की ज्योति व श्रुति का अनुभव करते हैं। दूसरा सत्गुरु हमें यह भी समझाते हैं कि निष्काम सेवा करने से हम मन के दुष्प्रभावों से मुक्ति पा सकते हैं और अपने मन पर नियंत्रण रख सकते हैं जिससे कि हमारी आत्मा भी साफ बनी रहती है। अपने सत्गुरु के मार्गदर्शन में ही हम अपने जीवन को सही दिशा की ओर ले जाकर सही मायनों में दीवाली का त्यौहार मना सकते हैं। संतों-महापुरुषों के अनुसार जिस प्रकार हम दीवाली के मौके पर कूड़ा-करकट बाहर निकालकर अपने घर की सफाई करते हैं, ठीक उसी प्रकार हमें अपने अवगुणों जैसे - ईर्ष्या-द्वैष, निंदा-चुगली, हिंसा, झूठ, गंदे विचारों और अहंकार को अपने अंदर से बाहर निकालना है और उसकी जगह अहिंसा, प्रेम, पवित्रता, नम्रता और निष्काम सेवा जैसे गुणों को अपने जीवन में ढालना है, जिससे कि हमारा अंतःकरण भी साफ हो और हम अपने अंतर में दीवाली मनाने के लायक हो सकें। सभी धर्मों की बुनियादी शिक्षाओं में हमें समझाया गया है कि जैसे हम बाहरी दीवाली मनाते हैं, ठीक उसी प्रकार हम अपने अंतर में भी दीवाली मना सकते हैं। दीवाली के त्यौहार पर हम जो दीये और पटाखे जलाते हैं वो सब हमारे अंतर मे मौजूद प्रभु की ज्योति और श्रुति का प्रतीक हैं। तो आईये! दीवाली के इस त्यौहार पर हम बाहरी सफाई के साथ-साथ अपने अंदर की भी सफाई करें और सबसे ज़रूरी कि हम ध्यान-अभ्यास में भी समय दें, ताकि हमें प्रभु की ज्योति और श्रुति का अनुभव हो। जिससे कि हम सच्चे मायनों में दीवाली के इस त्यौहार को मना सकें।


**NAME CHANGE**
I Seema Devi W/o Bhupesh Bansal R/o BN - 40 West VTC Shalimar Bagh District North West Delhi - 110088 have changed my name to Seema Bansal for all future purposes.

**NAME CHANGE**
I, Jitendra Kumar S/O Mahendra Singh, R/O 217, GALI N0-3,SEWA NAGAR. MEERUT ROAD, Ghaziabad, Ghaziabad, Uttar Pradesh, 201001, have changed the name of my minor daughter Naina aged 16 years and she shall hereafter be known as PRACHI.

**NAME CHANGE**
I,PARDEEP ANTIL S/O AMAR SINGH R/O 8/1 VILLAGE NANDNAUR SONIPAT HARYANA-131027.HAVE CHANGED MY NAME TO PARDEEP KUMAR.

**NAME CHANGE**
I,MONIKA ANTIL W/O PARDEEP KUMAR VILLAGE NANDNAUR SONIPAT HARYANA-131027.HAVE CHANGED MY NAME TO MONIKA.

**NAME CHANGE**
I MOHHAMMAD ATIK S/O MOHD SHAFI R/O H NO-755 STREET NO-10 NEAR RAHMANI MASJID RAJIV GANDHI NAGAR MUSTAFABAD NORTH EAST DELHI 110094 HAVE CHANGED MY NAME TO MOHD ATIK

**NAME CHANGE**
I SAMA PARVEEN W/O MOHD ATIK R/O HOUSE NO-755 GALI NO-10 RAJIV GANDHI NAGAR MUSTAFABAD NORTH EAST DELHI 110094 HAVE CHANGED MY NAME TO SAMA PRAVEEN

**सार्वजनिक सूचना**
मैं मुहिन पुत्र मोहसिन अली निवासी ओ-149, सुन्दर नगरी, दिल्ली -93 घोषणा करता हूँ कि मेरे स्कूल सर्टिफिकेट में मेरे पिता का नाम त्रुटिपूर्वक मोहसिन लिखा गया है इसी प्रकार मेरी माता का नाम भी त्रुटि पूर्वक सिराजन लिखा गया है जबकि इन दोनो का सही नाम क्रमशः मोहसिन अली व सराजन है। ये दोनो नाम इन्हीं के है। भविष्य में मेरी माता का नाम सराजन व पिता का नाम मोहसिन अली लिखा व पढ़ा जाए। हस्ता.

**NAME CHANGE**
I AAMIR ALI S/O SHARAFAT ALI R/O 832-8, SHEESH MAHAL BAHADUR GARH ROAD, NEAR HAUZ WALI MASJID , AZAD MARKET, DELHI 110006 HAVE CHANGED MY NAME FROM AAMIR TO ALI FOR ALL FUTURE PURPOSES, AND AAMIR ALI IS MY CORRECT NAME

**NAME CHANGE**
I hitherto known as Chander kala W/O JAI SINGH, R/O FLAT NO 67 B, RBI COLONY, Shalimar Bagh, North West Delhi, Delhi-110088, have changed my name and shall hereafter be known as Chandrakala.

**NAME CHANGE**
I, Nidhi D/O Indel R/O HOUSE N0.22, NEAR NEW MASJID, NAJAFGARH, Dindar Pur, DIST: South West Delhi, Delhi-110043, have changed my name and shall hereafter be known as Nidhi Malik.

**NAME CHANGE**
I, Pawan Tokas S/o Bhagat Singh Tokas R/o 106, Munirka Village, Delhi-110067 have changed my name to Pawan Kumar Tokas.


# शामली में मुठभेड़ में एक लाख का इनामी नफीस ढेर, दर्ज थे 34 केस

शामली। उत्तर प्रदेश के शामली जिले की कांधला पुलिस के साथ गांव भभीसा के जंगल में शनिवार सुबह हुई मुठभेड़ में एक



लाख रुपये का इनामी हिस्ट्रीशीटर बदमाश नफीस मारा गया। उस पर लूट, गैंगस्टर, जानलेवा हमले और नकली करेंसी समेत 34 मुकदमे दर्ज थे। वह तीन मामलों में वांछित चल रहा था। एसपी एनपी सिंह ने बताया कि कांधला पुलिस भभीसा चौकी पर चेकिंग कर रही थी। उसी समय बाइक पर दो संदिग्ध लोगों को पुलिस ने रुकने का इशारा किया तो वे पुलिस टीम पर फायर करते हुए भाग निकले। इसके बाद पुलिस ने पीछा किया। पुलिस की जवाबी कार्रवाई में बदमाश गोली लगने से घायल हो गया। अस्पताल ले जाने पर चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। उसका साथी मौके से भाग गया, जिसकी पुलिस तलाश कर रही है। एसपी ने बताया मारा गया बदमाश नफीस कांधला के मोहल्ला खेल का निवासी था और थाने का हिस्ट्रीशीटर था। उस पर 34 मुकदमे दर्ज थे। उसके कब्जे से बाइक, पिस्टल, तमंचा और कारतूस बरामद हुए हैं। पुलिस अधीक्षक, शामली एनपी सिंह ने बताया कि मुठभेड़ के दौरान बदमशों की तरफ से फायरिंग में कांधला थाना प्रभारी सतीश कुमार बल-बल बचे हैं। उनकी बुलेट प्रूफ जैकेट पर गोली लगी है। थाना कांधला पुलिस की प्रभावी कार्रवाई में 1,00,000 रुपये के इनामी व हिस्ट्रीशीटर अपराधी नफीस पुत्र मूदा निवासी मोहल्ला खैल, कस्बा व थाना कांधला, जनपद शामली पुलिस मुठभेड़ के दौरान आत्मरक्षा के लिए की गई फायरिंग में घायल हो गया, जिसे उपचार के लिए अस्पताल ले जाया गया, जहां दौरान उपचार उसकी मृत्यु हो गई। अभियुक्त नफीस के विरुद्ध कुल 34 आपराधिक मुकदमे पंजीकृत थे, जिनमें हत्या, लूट व जानलेवा हमले जैसे गंभीर अपराधों के तीन मुकदमों में वह वांछित था। मौके से एक पिस्टल .32 बोर, एक खोखा, पांच जिंदा कारतूस, एक तमंचा .315 बोर, दो खोखा कारतूस तथा एक मोटरसाइकिल बरामद की गई।


**NAME CHANGE**
I, hitherto known Balveer Singh S/O: Dharmsingh, R/O ladapur, Ladpur, Mathura. Uttar Pradesh-281401, have changed my name and shall hereafter be known as Surendra Singh.

**NAME CHANGE**
I, REETA GOEL W/O NAVEEN KUMAR KANSAL residing at H NO-226-227, GALI NO-3, NEHRU MARKET, BADARPUR Delhi-110044. have changed my name to REETU KANSAL for all future purposes.

**NAME CHANGE**
I, Ashutosh Kumar S/o Dhan Prakash R/o 150/151, Bhola Nath Nagar, Shahdara, Delhi-110032 have changed my name to Ashutosh Goyal.

**NAME CHANGE**
I, HANSA GADHWAL wife of No.-22051552X, Rank-SEP, Name-MUKESH KUMAR GADHWAL residing at VILL-SUNDARIYA, PO-MOTLAWAS, TEHSIL-DANTARAMGARH, DIST-SIKAR, RAJASTHAN-332702, have changed my name from HANSA GADHWAL to HANSA CHOUDHARY for all future purposes vide Affidavit dated 18/10/2025 before Notary Public, Delhi.

**NAME CHANGE**
I, SUSHILA YADAV Wife of JC-332457N Rank-SUB Name-KUNWAR SINGH YADAV residing at VILL-EKAGHARA, PO-SHAMBHUA, TEH-KANPUR, DIST-KANPUR NAGAR, UTTAR PRADESH-209308, have changed my name from SUSHILA YADAV to SUSHILA DEVI for all future purposes and in my husband's service records my date of birth wrongly mentioned as 12/12/1979 instead of my correct date of birth as 20/05/1977 vide Affidavit dated 18/10/2025 before Notary Public Delhi.

**NAME CHANGE**
I, No. 14449513H, Hav. Ranjit Kumar Singh, Village-Rabio, Post-Wargawan, Tehsil-Sirdala, District-Nawada, State-Bihar-805122 have changed my son's name in my army service record from Sorya to Sorya singh for all purposes vide affidavit dated 18/10/2025.

**NAME CHANGE**
I, No. 14449513H, Hav. Ranjit Kumar Singh, Village-Rabio, Post-Wargawan, Tehsil-Sirdala, District-Nawada, State-Bihar-805122 have changed my daughter name in my army service record from Sayna to sayana Singh for all purposes vide affidavit dated 18/10/2025


**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

**(धारा 82 सीआरपीसी/84 भा.न.स.स.देखिए)**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि **(1) विनोद शर्मा (2) कुसुम शर्मा** निवासी- जी-193, सेक्टर-63, नोएडा, गौतमबुद्ध नगर, उत्तर प्रदेश 201301 ने **सीसी संख्या 2755/24 धारा 138 एनआई अधिनियम थाना करोल बाग, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है की किया है) और उस पर जारी किये गए गिरफ्तारी के वारंट को यह कह कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **(1) विनोद शर्मा, (2) कुसुम शर्मा** मिल नहीं रहे और मुझे समाधानप्रद रूप से दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **(1) विनोद शर्मा, (2) कुसुम शर्मा** फ़रार हो गए है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आपको छिपा रहे है)। इस लिए इस के द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि उक्त अभियुक्त **(1) विनोद शर्मा, (2) कुसुम शर्मा, सीसी संख्या 2755/24 धारा 138 एनआई अधिनियम थाना करोल बाग, दिल्ली** न्यायालय के समक्ष या मेरे समक्ष उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए **सुबह 10:00 बजे दिनांक 19.11.2025** को या उससे पहले हाजिर हो।

आदेश से
**सुश्री आरुषि परवाल**
न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी-05
कक्ष संख्या 02, भूतल (मध्य जिला)
तीस हज़ारी न्यायालय, दिल्ली

DP/14116/CD/2025


**कौमी पत्रिका**
संपादक-गुरचरन सिंह बब्बर
स्वामी मुद्रक एवं प्रकाशक, गुरचरन सिंह बब्बर ने कौमी पत्रिका प्रिंटिंग प्रेस, सेक्टर ए-4/ए-144 इंडस्ट्रीयल एरिया ट्रोनिका सिटी लोनी (गाजियाबाद), उत्तर प्रदेश से छापकर प्रकाशित किया।

**Corporate Office:**
5, Bahadurshah Zafar Marg
ITO, New Delhi-110002
फोन : 011-41509689, 23315814
मोबाइल नंबर : 9312262300

**E - mail address :** qpatrika@gmail.com
**Website:** www.qaumipatrika.in

**R.N.I. No. UP-HIN/2007/21472**

**Legal Advisors:**
Advocate Mohd. Sajid
Advocate Dr. A.P.Singh
Advocate Manish Sharma
Advocate Pooja Bhaskar Sharma

## रेवाड़ी में थार व ट्रक की टक्कर में दो युवकों की मौत

एजेंसी

**रेवाड़ी।** रेवाड़ी-जैसलमेर हाईवे पर शुक्रवार रात को कुंड के समीप काठूवास टोल प्लाजा पर नारनौल की ओर से आ रही एक तेज रफ्तार थार गाडी अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकराकर दूसरी लेन में आ रहे ट्रक से जा टकराई। इस हादसे में थार में सवार दो युवकों की मौके पर ही मौत हो गई। मृतकों की पहचान राजस्थान के झुंझुनूं के गांव सई कलां निवासी 26 साल के सरजीत और चूरू के गांव शिमला निवासी 19 साल के चेतन के रूप में हुई है। स्थानीय लोगों ने थार सवार दोनों युवकों को बाहर निकालकर अस्पताल पहुंचाया। जहां पर डाक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने शवों को कब्जे में लेकर कार्रवाई शुरू कर दी। पुलिस के अनुसार सरजीत और चेतन राजस्थान से दिल्ली जा रहे थे। रेवाड़ी-जैसलमेर हाईवे संख्या 11 पर काठुवास टोल प्लाजा पार कर कुंड बैरियर के पास पहुंचते ही थार का संतुलन बिगड़ गया और वह डिवाइडर तोड़कर सामने से आ रहे ट्रक से टकरा गई। राजस्थान से रेवाड़ी पहुंचे परिजन अजयपाल ने बताया कि चेतन और सरजीत अपना व्यवसाय करते थे और दिल्ली के लिए निकले थे। उन्होंने आरोप लगाया कि हाईवे पर किसी वाहन ने थार को पीछे से टक्कर मारी, जिसके कारण यह हादसा हुआ। परिजनों ने बताया कि सरजीत चेतन के मामा का लड़का था।

## फरीदाबाद में प्रापर्टी डीलर ने 14वीं मंजिल से कूदकर दी जान

**फरीदाबाद।** फरीदाबाद में एक प्रापर्टी डीलर ने 14वीं मंजिल से कूदकर आत्महत्या कर ली। पुलिस ने मृतक के शव को पोस्टमार्टम के लिए सिविल अस्पताल भेज मामले की जांच शुरु कर दी है। मृतक की पहचान 56 वर्षीय राजकुमार चौधरी के रुप में हुई है, जो कि आज सीकरी के पास बनी एक सोसायटी में अपने मित्र से मिलने आया था और बाद में उसने 14वीं मंजिल से कूदकर जान दे दी। बताया जाता है कि उसके पास से एक सुसाइट नोट भी बरामद किया गया है, जिसमें उसने आत्महत्या के लिए अपने पार्टनरों को जिम्मेवार बताया है। मृतक के बेटे के अनुसार उसके पिता राजकुमार चौधरी प्रापर्टी का काम करते थे और बल्लभगढ़ के संजय शर्मा सहित अन्य लोगों के साथ प्रापर्टी खरीदते बेचते थे, पिछले कुछ समय से उनके पिता का अपने पार्टनरों से विवाद चल रहा था, जो कि मामला थाने में भी लंबित था। राजकुमार चौधरी पिछले एक महीने से अपने घर पर भी किसी से बातचीत नहीं करते थे और परेशान रहते थे। मृतक के बेटे ने बताया कि उसके पिता को उनके पार्टनर परेशान कर रहे थे, जिससे आहत होकर उन्होंने यह कदम उठाया। फिलहाल पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया है। पुलिस प्रवक्ता यशपाल ने बताया कि सुसाइट नोट के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## जींद में अनियंत्रित गाड़ी हुई दुर्घटनाग्रस्त, दो की मौत

**जींद।** गांव निडानी के निकट टाटा एस गाड़ी के अनियंत्रित होकर दुर्घटनाग्रस्त होने से दो लोगों को अपनी चपेट में ले लिया। आसपास लोगों द्वारा दोनों को उपचार के लिए नागरिक अस्पताल लाया गया जहां चिकित्सकों ने दोनों को मृत घोषित कर दिया। ा पुलिस ने मृतकों के शवों का नागरिक अस्पताल में पोस्टमार्टम करवा परिजनों को सौंप दिया। पुलिस ने अज्ञात टाटा एस गाड़ी चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।तेलवा पंचायत सितुहार जिला बिहार निवासी 25 वर्षीय मिथलेश सादा, पीरवत (60) अपने साथियों के साथ टाटा एस गाड़ी में सवार होकर जा रहे थे। गांव निडानी के निकट टाटा एस गाड़ी की स्पीड ज्यादा होने के चलते चालक अनियंत्रित खो बैठा और गाड़ी दुर्घटनाग्रस्त हो गई। जिसमें मिथलेश व परीवत गंभीर रूप से घायल हो गए। आसपास लोगों द्वारा उपचार के लिए दोनों को नागरिक अस्पताल लाया गया जहां चिकित्सकों ने दोनों को मृत घोषित कर दिया। मृतक मिथलेश के पिता राम बहादुर ने बताया कि वो मजदूरी का काम करते हैं। काम के सिलसिले में ही वो जा रहे थे। गांव निडानी के पास चालक ने टाटा एस गाड़ी को लापरवाही से तेजी से चलाया। जिसमें उसके बेटे व गांव के ही पीरवत की मौत हो गई। पुलिस ने मृतक मिथलेश के पिता राम बहादुर की शिकायत पर अज्ञात टाटा एस चालक के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज कर लिया है।

## फरीदाबाद के मेवला महाराजपुर में घर का दरवाजा तोड़ चोरों ने चुराई लाखों की नगदी व ज्वैलरी

**फरीदाबाद।** हरियाणा के फरीदाबाद के मेवला महाराजपुर में घर में चोरों ने घुसकर दस लाख कैश और कई लाख रूपए की ज्वैलरी को चोरी कर लिया। घटना के समय परिवार का कोई सदस्य पर मौजूद नहीं थी। घर में घुसने से पहले चोरों की एक सीसीटीवी वीडियो भी सामने आई है। थाना सराय ख्वाजा पुलिस मामले की जांच कर रही है। सराय थाना ख्वाजा पुलिस को दी शिकायत में ऊषा देवी (30 साल) ने शिकायत देते हुए बताया कि वह मूल रूप से उत्तर प्रदेश के रहने वाली हैं। 30 सितंबर को उनके पति मुकेश कुमार (35) की मौत हो गई थी। उत्तर प्रदेश के महोबा स्थित गांव में पूरा परिवार गया हुआ था। शुक्रवार देर रात चोर उनके घर का दरवाजा तोड़कर घर के अंदर घुस गए। घर के अंदर टैक्सी खरीदने के लिए 10 लाख रूपए कैश रखे हुए थे। इसके अलावा कई लाख रूपए की ज्वेलरी भी रखी हुई थी। चोर कमरे में रखी अलमारी के अंदर से ज्वेलरी और कैश चोरी कर ले गए। घर में घुसने से पहले दो चोर गली में घूमते हुए और घर के अंदर घुसते हुए सीसीटीवी में कैद हो गए।

## बिहार में एनडीए सरकार ने विकास, सुरक्षा और विश्वास का वातावरण बनाया: नायब सिंह सैनी

एजेंसी

**चंडीगढ़।** हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि बिहार अब विकास के मार्ग पर तेजी से आगे बढ़ रहा है और जनता का विश्वास एनडीए सरकार में और मजबूत हुआ है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन एवं नीतीश कुमार के नेतृत्व में बिहार में पुनः एनडीए की सशक्त, स्थिर और सुशासित सरकार का गठन होगा, जिससे प्रदेश तीव्र गति से विकास एवं समृद्धि के मार्ग पर निरंतर आगे बढ़ता रहेगा।



मुख्यमंत्री ने ा बिहार के दौरे पर चुनावी सभाओं को संबोधित किया। उन्होंने बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व की सराहना करते हुए कहा कि उनके मार्गदर्शन में बिहार ने विकास की नई दिशा प्राप्त की है। यहां सड़क, शिक्षा, स्वास्थ्य और बुनियादी सुविधाओं के क्षेत्र में उल्लेखनीय सुधार हुआ है। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने आरजेडी-कांग्रेस गठबंधन पर तीखी टिप्पणी करते हुए कहा कि पिछली सरकारों ने गरीबों के हितों की अनदेखी की और बिहार को पिछड़ेपन की ओर धकेला। उन्होंने कहा कि इंडी गठबंधन के नेताओं ने झूठे वादों से सत्ता हासिल की और जनता को गुमराह किया। उन्होंने कहा कि एनडीए सरकार ने बिहार को 'जंगलराज' से निकालकर विकास और सुशासन की दिशा में आगे बढ़ाया है। आज बिहार में सुरक्षा व्यवस्था सुदृढ़ हुई है, महिलाओं में आत्मविश्वास बढ़ा है और गांव-गांव तक विकास की रोशनी पहुंची है। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि भाजपा-जदयू गठबंधन सरकार ने बिहार को विकसित राज्य बनाने के लिए ठोस प्रयास किए हैं। उन्होंने कहा कि बिहार अब नए युग में प्रवेश कर रहा है और जनता का उत्साह इस बात का प्रमाण है। अपने बिहार प्रवास के दौरान मुख्यमंत्री ने जनता से अपील की कि वे विकास, सुशासन और स्थिरता के पक्ष में एकजुट होकर भाजपा-जदयू गठबंधन का समर्थन करें। बिहार पहुंचने पर नागरिकों ने मुख्यमंत्री का जोरदार स्वागत किया।

## हरियाणा में ग्राम सभा के लिए पंचायतों को चाय खर्च देगी सरकार

एजेंसी

**चंडीगढ़।** हरियाणा सरकार ने दीपावली के अवसर पर प्रदेश की ग्राम पंचायतों को तोहफा दिया है। अब ग्राम सभा की बैठकों में जलपान पर खर्च पंचायत फंड से किया जा सकेगा। सरकार ने इसके लिए चार हजार रुपये की सीमा तय की है।

बैठक के दौरान अगर पंचायत लोगों के लिए चाय और नाश्ता परोसती है, तो उसका खर्च अब मान्य होगा - जेब से देने की जरूरत नहीं पड़ेगी। विकास एवं पंचायत विभाग हरियाणा की ओर से जारी आदेश के मुताबिक, यह अनुमति हरियाणा पंचायती राज एक्ट-1994 की धारा 44 और वित्त, बजट, लेखा व कर नियम 1996 के नियम 14 के तहत दी गई है। आदेश में कहा गया है कि हर ग्राम पंचायत अब ग्राम सभा की हर बैठक में 4,000 रुपये तक का व्यय वैध रूप से कर सकती है। विकास एवं पंचायत विभाग के आयुक्त एवं सचिव ने इस संदर्भ में आदेश दिए हैं। इस फैसले की जानकारी राज्य के सभी उपायुक्तों, जिला परिषद अधिकारियों, जिला विकास एवं पंचायत अधिकारियों और ब्लॉक विकास एवं पंचायत अधिकारियों को भेजी है। उन्हें कहा है कि वे इस आदेश को सभी ग्राम पंचायतों तक पहुंचाएं और आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करें। ग्राम पंचायत प्रतिनिधियों का कहना है कि यह कदम भले छोटा लगे, लेकिन इसका असर बड़ा होगा। पहले कई बार ग्राम सभा की बैठकों में लोगों की कम भागीदारी होती थी क्योंकि बैठकों में कोई व्यवस्था नहीं होती थी।

## जींद जिला में पटाखों पर लगाया प्रतिबंध,केवल ग्रीन पटाखों की अनुमति

एजेंसी

**जींद।** वायु प्रदूषण नियंत्रण व जनस्वास्थ्य सुरक्षा को देखते हुए जिलाधीश मोहम्मद इमरान रजा ने दिवाली त्यौहार पर भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 की धारा 163 के तहत आदेश जारी करते हुए जिला में ग्रीन पटाखों (हरित पटाखे) को छोड़ कर सभी प्रकार के पटाखों के निर्माण, बिक्री, भंडारण, ऑनलाइन बिक्री और उपयोग पर पूर्ण प्रतिबंध लगाया है। यह निर्णय जनस्वास्थ्य, पर्यावरण सुरक्षा और सर्वोच्च न्यायालय के निर्देशों के अनुरूप लिया गया है। ा जिलाध्यक्ष एवं उपायुक्त ने कहा कि वे वायु प्रदूषण को कम करने में प्रशासन का सहयोग करें और ग्रीन दिवाली, स्वच्छ दिवाली मनाकर पर्यावरण संरक्षण में अपना योगदान दें। क्योंकि बढ़ता वायु प्रदूषण बच्चों, बुजुर्गों और श्वसन या हृदय रोग से पीड़ित व्यक्तियों के लिए गंभीर स्वास्थ्य जोखिम उत्पन्न करता है। जिलाधीश ने अपने आदेशों में बताया कि केवल राष्ट्रीय पर्यावरण अभियांत्रिकी अनुसंधान संस्थान (एनईईआरआई) द्वारा प्रमाणित और द्योग संवर्धन और आंतरिक व्यापार विभाग के



पेट्रोलियम तथा विस्फोटक सुरक्षा संगठन (पीईएसओ) से लाइसेंस प्राप्त ग्रीन पटाखों को सीमित अवधि व समय में प्रयोग किए जाने की अनुमति होगी। उन्होंने बताया कि दीवाली के पहले दिन व दिवाली के दिन सुबह छह बजे से सात बजे तक और शाम आठ बजे से रात 10 बजे तक तक ग्रीन पटाखे प्रयोग करने की समय अवधि निर्धारित की गई है। इसके अलावा ग्रीन पटाखों की बिक्री केवल 18 अक्टूबर से 20 अक्टूबर तक ही अधिकृत स्थानों पर की जा सकेगी। जिलाधीश ने कहा कि ऑनलाइन मध्यम के जरिए किसी भी प्रकार के पटाखों की बिक्री, ऑर्डर या वितरण पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगा। इसके साथ ही एनसीआर क्षेत्र के बाहर से पटाखे लाने की अनुमति नहीं होगी। उन्होंने अपने आदेशों में कहा कि पुलिस, नगर परिषद, प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, अग्निशमन विभाग, नगरपालिकाएं और सभी उपमंडल अधिकारी इन आदेशों की पालना करवाना सुनिश्चित करेंगे। जिलाधीश ने कहा कि आदेशों का उल्लंघन करने पर संबंधित व्यक्ति, व्यापारी के विरुद्ध भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 पर्यावरण संरक्षण अधिनियम, 1986 तथा विस्फोटक अधिनियम 1884 के तहत कड़ी दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी।

## हिसार में अगले सप्ताह से शुरू होगा कुत्तों का बधियाकरण: निगम आयुक्त

एजेंसी

**हिसार।** नगर निगम द्वारा शहर में आवारा कुत्तों की संख्या को नियंत्रित करने के लिए बड़े पैमाने पर कुत्तों का बधियाकरण अभियान अगले सप्ताह से शुरू किया जाएगा। निगम आयुक्त नीरज कुमार ने बताया कि पशु कल्याण बोर्ड से मंजूरी मिल गई है। इसके बाद कुत्तों के बधियाकरण करने की पूरी सभी प्रकार की मंजूरी मिल चुकी है। उन्होंने बताया कि एजेंसी को पांच हजार कुत्तों का बधियाकरण का कार्य दिया गया हैं। शहर से आवारा कुत्तों को पकड़कर उनका सुरक्षित व मानवीय तरीके से बधियाकरण किया जाएगा, ताकि भविष्य में उनकी संख्या में अनियंत्रित वृद्धि को रोका जा सके।



निगम आयुक्त नीरज ने बताया कि नगर निगम ने इस कार्य के लिए पशु चिकित्सकों की विशेष टीम गठित की है, जो पूरी प्रक्रिया की निगरानी करेगी। इसके साथ ही अभियान को सफल बनाने के लिए नगर निगम ने शहर के कई क्षेत्रों को चिन्हित किया है, जहां से सबसे पहले कार्रवाई शुरू की जाएगी। अभियान में पशु कल्याण विभाग और सामाजिक संगठनों का भी सहयोग लिया जाएगा।

आयुक्त ने कहा कि कुत्तों का बधियाकरण पूरी तरह वैज्ञानिक और सुरक्षित प्रक्रिया है, जिससे कुत्तों को कोई हानि नहीं होती। यह प्रक्रिया उनके स्वास्थ्य और व्यवहार में भी सुधार लाती है। बधियाकरण के बाद कुत्तों को उसी स्थानपर छोड़ा जाएगा जहाँ से उन्हें पकड़ा गया था। उन्होंने बताया कि निगम का उद्देश्य न केवल आवारा कुत्तों की संख्या को नियंत्रित करना है, बल्कि नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित करना भी है। आयुक्त नीरज ने नागरिकों से अपील की कि वे अभियान के दौरान निगम टीम का सहयोग करें। उन्होंने कहा कि यह पहल स्वच्छ और सुरक्षित शहर के लक्ष्य की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। आयुक्त ने कहा कि हमें यह सुनिश्चित करना है कि हमारा शहर न केवल स्वच्छ बल्कि सुरक्षित भी हो। आवारा पशुओं की समस्या को नियंत्रित करना इस दिशा में एक अहम कदम है।

## नायब सरकार देश में विकास, सुशासन और विश्वास की नई पहचान बनी : मोहन लाल बड़ौली

एजेंसी

**चंडीगढ़।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मोहन लाल बड़ौली ने प्रदेशवासियों को दीपावली त्योहार की बधाई देते हुए कहा कि भाजपा सरकार के 11 वर्ष के कार्यकाल में हरियाणा का कमजोर व वंचित, महिला, युवा तथा किसान वर्ग खुशहाल हुआ है। जहां पहले योजनाओं का लाभ लेने के लिए गरीब व वंचित लोगों को सरकारी कार्यालयों के चक्कर काटने पड़ते थे, लेकिन आज भाजपा सरकार ऑनलाईन माध्यम से उनको घर बैठे योजनाओं का लाभ प्रदान कर रही है। हरियाणा में भाजपा सरकार के 11 वर्ष पूरे होने तथा मुख्यमंत्री नायब सैनी सरकार के एक वर्ष पूरा होने पर शुक्रवार को रेलवे रोड़ स्थित पीडब्ल्यूडी रेस्ट हाउस सोनीपत में पत्रकारवार्ता को संबोधित करते हुए भाजपा प्रदेशाध्यक्ष ने भाजपा सरकार की उपलब्धियों का बखान किया वहीं विपक्ष को भी घेरा।भाजपा प्रदेशाध्यक्ष ने कहा कि विधानसभा चुनाव 2024 में भाजपा ने अपने संकल्प पत्र में 217 वायदें किए थे, जिनमें से अब



तक नायब सरकार 48 वायदों को पूरा कर चुकी है और 90 वायदों को वर्ष 2025 के अंत तक पूरा कर देगी। उन्होंने कहा कि भाजपा जो कहती है वहीं करके दिखाती है। धरातल पर हुए कार्यों के विश्वास पर ही जनता ने तीसरी बार हरियाणा में भाजपा का परचम लहराने का कार्य किया। बडौली ने कहा कि पिछले दिनों हरियाणा में हुए शहरी निकाय चुनावों में भी भाजपा ने ऐतिहासिक जीत हासिल की, जिसकी बदौलत आज हरियाणा में ट्रिपल ईंजन की सरकार तीन गुणा रफ्तार से प्रदेश का विकास कर रही है। मोहन लाल बड़ौली ने कहा कि आज भाजपा सरकार देश में विकास, सुशासन और विश्वास की नई पहचान बनी है। पिछले 11 वर्षों में प्रदेश ने जनकल्याण, पारदर्शिता और विकास के नए आयाम स्थापित किए हैं। भाजपा ने हरियाणा एक-हरियाणवी एक के मंत्र के साथ राज्य ने समग्र विकास का रास्ता अपनाया है। उन्होंने कहा कि आज हरियाणा में पारदर्शी भर्ती प्रक्रिया से लाखों युवाओं को बिना पर्ची-बिना खर्ची के योग्यता के आधार पर सरकार नौकरी मिली है। पारदर्शी ट्रांसफर पॉलिसी से सरकारी तंत्र में जवाबदेही और निष्पक्षता आई। उन्होंने कहा कि ई-गवर्नेंस के जरिए प्रत्येक योजना और सेवा ऑनलाईन हुई, जिससे भ्रष्टाचार पर प्रभावी रोक लगी।

बड़ौली ने कहा कि आज हरियाणा देश का पहला राज्य है जो किसानों की 24 फसलों की खरीद एमएसपी पर कर रहा है। फसलों के दामों का सीधे किसानों के खाते में भुगतान किया जा रहा है। मेरी फसल, मेरा ब्यौरा जैसी योजनाओं से किसानों को सीधा लाभ मिल रहा है। सरकार ने मण्डियों में किसानों के लिए सभी सुविधाएं देने का कार्य किया है ताकि हमारे किसानों को किसी प्रकार की परेशानी न हो।

## जींद में फूड सेफ्टी विभाग की टीम ने तीन मिठाइयों के भरे सैंपल

एजेंसी

**जींद।** फूड सेफ्टी विभाग की टीम ने जुलाना में दस्तक दी और यहां तीन मिठाइयों की दुकानों से मिठाइयों के सैंपल लेकर जांच के लिए लैबोरेटरी भेजे। इन सभी सैंपलों को जांच के लिए लैब में भेजा गया है। जांच रिपोर्ट आने के बाद आगामी कार्रवाई जाएगी। खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम ने जुलाना पहुंची। यहां पर टीम ने तीन दुकानों पर दबिश देकर तीन सैंपल भरे। टीम ने इन दुकानों से खोया बर्फी, मिल्क केक तथा बर्फी के सैंपल लिए। फूड सेफ्टी अधिकारी योगेश कादियान ने बताया कि



दीपावली पर्व को देखते हुए लगातार सैंपलिंग की जा रही है। विभाग द्वारा अब तक 30 से ज्यादा मिठाइयों के सैंपल लिए जा चुके हैं।कई स्थानों पर दो हजार लीटर से ज्यादा मिलावटी घी के गोदाम सील किए हैं। टीम ने जुलाना स्थित सोनू मिष्ठान भंडार से मिल्क केक, बिकानेर मिष्ठान भंडार से बर्फी तथा महावीर बिकानेर मिष्ठान भंडार से खोया बर्फी के सैंपल लिए गए। सैंपल लेकर जांच के लिए भेज दिए हैं। जांच रिपोर्ट आने के बाद आगामी कार्रवाई की जाएगी। खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम ने सभी दुकानदारों को साफ.-सफाई रखने तथा खुले में मिठाइयां नहीं रखने की हिदायत दी।

## भारत का दृष्टिकोण विश्व कल्याण और मानवता के हित में: डॉ. चौहान

एजेंसी

**सिरसा।** हरियाणा ग्रामीण विकास संस्थान, नीलोखेड़ी के निदेशक डॉ. वीरेंद्र सिंह चौहान ने कहा कि भारत का दृष्टिकोण हमेशा संपूर्ण मानवता के कल्याण के लिए रहा है। हमने कभी अपने स्वार्थ के लिए नहीं, बल्कि हमेशा विश्व शांति, सहयोग और न्याय के लिए आवाज उठाई है। डॉ. चौहान सिरसा में एक निजी स्कूल में आयोजित मॉडल संयुक्त राष्ट्र सम्मेलन के उद्घाटन समारोह को संबोधित कर रहे थे। डॉ. चौहान ने कहा कि भारत ने संयुक्त राष्ट्र संघ की स्थापना से लेकर आज तक एक जिम्मेदार और सक्रिय सदस्य की भूमिका निभाई है।

उन्होंने विद्यार्थियों से कहा कि मॉडल यूएन केवल एक प्रतियोगिता नहीं, बल्कि वैश्विक जिम्मेदारी का प्रशिक्षण है, जिससे युवाओं में नीति-निर्माण, संवाद और सहमति की संस्कृति विकसित होती है। डॉ. चौहान ने कहा कि भारत की युवा पीढ़ी में नेतृत्व, संवेदनशीलता और संवाद की क्षमता है, जो नए युग के विश्व-निर्माण की दिशा तय करेगी। इस मौके पर डॉ. चौहान ने भारत



सरकार के पंचायती राज, शिक्षा एवं जनजातीय मामलों के मंत्रालयों की संयुक्त पहल मॉडल युवा ग्राम सभा की जानकारी भी प्रतिभागियों को दी। इस कार्यक्रम के तहत जवाहर नवोदय विद्यालयों और एकलव्य विद्यालयों में विद्यार्थियों को ग्राम सभा के वास्तविक स्वरूप में भागीदारी का अवसर दिया जा रहा है। देशभर में यह आयोजन पहली बार हो रहा है। विद्यालय की प्राचार्य रमा दहिया ने बताया कि दो दिन तक चलने वाले इस सम्मेलन में दो सौ से अधिक विद्यार्थी विभिन्न देशों का प्रतिनिधित्व करते हुए वैश्विक मुद्दों पर विचार-विमर्श कर रहे हैं। कार्यक्रम का एक आकर्षक दृश्य तब बना जब आज सभी प्रतिभागी भारतीय परिधानों में सजकर पहुंचे, जिससे पूरे परिसर में भारतीय संस्कृति और एकता की झलक दिखाई दी।

इस अवसर पर राजकीय महिला महाविद्यालय के प्राचार्य शत्रुजीत सिंह शेखावत ने विशिष्ट अतिथि के रूप में सहभागिता की।

## पुलिस ने जरूरतमंदों के साथ मनाया दीपावली पर्व

एजेंसी

**जींद।** सभी उप पुलिस अधीक्षकों सहित सभी थाना प्रभारियों ने अपने-अपने इलाका क्षेत्रों में अनाथालयों, वृद्धाश्रमों व झुग्गी बस्तियों में पहुंच कर जरूरमंदों को दीपावली की सौगातें दी। दीपों का पर्व दीपावली केवल रोशनी का नही बल्कि प्रेम, करुणा और मानवीय संवेदना का प्रतीक है। इसी भावना को साकार करते हुए पुलिस परिवार ने पूरे जिले में खुशियों की दीपावली मनाई। उप पुलिस अधीक्षक जींद संदीप कुमार, उप पुलिस अधीक्षक नरवाना कमलदीप राणा, उप पुलिस अधीक्षक सफीदों गौरव शर्मा व उप पुलिस अधीक्षक उचाना संजय कुमार सहित सभी थाना प्रभारियों ने अपने-अपने क्षेत्रों में अनाथालयों,




वृद्धाश्रमों और झुग्गी, झोपडियों का दौरा करके जरूरतमंद बच्चों, बुजुर्गों व परिवारों के साथ दीपावली की खुशियां सांझा की। मिठाइयां, कपड़े, दीपक और उपहार वितरित किए। साथ ही सभी को सुरक्षित, नशामुक्त और पर्यावरण संवेदनशील दीपावली मनाने का संदेश दिया। पुलिस अधीक्षक कुलदीप सिंह ने कहा कि दीपावली का असली अर्थ तभी पूरा होता है, जब हमारी रोशनी किसी और के जीवन का अंधकार मिटाए। जींद पुलिस का हर जवान समाज के प्रति संवेदनशील हैए और यह पहल उसी भावना का प्रतीक है। थाना स्तर पर आयोजित इन मानवीय गतिविधियों के दौरान सभी थाना प्रभारियों ने स्थानीय नागरिकों को भी प्रेरित किया कि वे पटाखों के स्थान पर जरूरतमंदों की मदद करें और अपने आसपास सफाई व पर्यावरण संरक्षण में योगदान दें।

## भीड़ व मॉब के अंतर को समझकर निपटें पुलिस कर्मचारी

एजेंसी

**चंडीगढ़।** हरियाणा पुलिस महानिदेशक ओपी सिंह ने प्रदेश के सभी पुलिस कर्मचारियों को भीड़ व मॉब के बीच का अंतर समझकर धरने-प्रदर्शनों से निपटने के निर्देश जारी किए हैं। पुलिस महानिदेशक ने राज्य के सभी पुलिस कर्मचारियों व अधिकारियों को जारी निर्देश में कहा है कि अहिंसक धरना, प्रदर्शन, जुलूस, रोष मार्च इत्यादि प्रजातंत्र की व्यवस्था हैं। लाठी-डंडा अंग्रेजों की भाषा थी। निरंकुश तंत्र था। शोषण में जुटे थे। लोगों के समूह को ख़तरनाक समझते थे। सबक़ सिखाने के लिए जलियांवाला बाग कांड तक कर गए।

डीजीपी ने कहा कि उन्होंने पुलिस अकादमी निदेशक को कहा है कि वह कर्मचारियों के लिए प्रोटेस्ट क्राउड मैनेजमेंट पर एक शॉर्ट-टर्म कोर्स डिज़ाइन करें। इससे आप सीख पायेंगे कि 'क्राउड' और 'मॉब' में क्या फ़र्क़ है, कैसे एक उत्तेजित भीड़ को शांत किया जा सकता है।

वर्तमान परिवेश में पुलिस कर्मियों को क्राउड (भीड़) और मॉब (उपद्रवी भीड़) के बीच का अंतर समझना होगा। डीजीपी ने विधि-व्यवस्था के संचालन में लगे पुलिसकर्मियों और अधिकारियों को लिखा है कि भारत में बहु-पार्टी



लोकतांत्रिक शासन-व्यवस्था है। स्वतंत्र और निष्पक्ष मतदान के माध्यम से चुने गए प्रतिनिधि सत्ता पक्ष और विपक्ष के रूप में जनता की जरूरतों और दिक्कतों को विभिन्न माध्यमों से प्रकट करते हैं। इन्हीं के आधार पर नीतियां बनती हैं और सरकारी कार्यक्रमों के माध्यम से जिले में तैनात अधिकारी इन नीतियों को लागू करते हैं। उन्होंने जोर दिया कि इन सभी कार्यों का उद्देश्य हमेशा जन-कल्याण होता है।

युवा-बहुल्य भारत में बात-बात पर बल-प्रयोग कोई बुद्धि की बात नहीं है। ये हमारे नागरिक हैं। इन्हें नियम के अनुसार चलने के प्रेरित-प्रशिक्षित करना हमारा ही काम है। डीजीपी ने कहा है कि बेहतर होगा कि आप खेल-कूद एवं सांस्कृतिक गतिविधियों के माध्यम से नियमित 'क्राउड-होस्टिंग' करें। इससे आप युवाओं से जुड़ेंगे, उन्हें सही रास्ते चलने के लिए प्रेरित कर पायेंगे। इससे आपको भीड़ के संरचना और स्वभाव के बारे में भी फर्स्ट-हैंड पता चलता रहेगा। समाज में सकारात्मक प्रभाव रखने वाले लोगों से गठजोड़ बनेगा। व्यवस्था सुचारू रखने में सहायता मिलेगी। आपराधिक प्रवृत्ति के मतलब-परस्त लोग अपनी स्वार्थ-पूर्ति के लिए अक्सर इन प्रजातांत्रिक व्यवस्थाओं का दुरुपयोग करते हैं। लोगों को बहकाकर तोड़ फोड़ और आगजनी पर उतर आते हैं। कभी-कभी इनके तार दुश्मन देशों से भी जुड़े होते हैं।

## डोनाल्ड ट्रंप प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से सपनों में बात करते हैं, फिर सुबह उठकर मीडिया में घोषणा कर देते हैं: विज

एजेंसी

**अंबाला।** हरियाणा के ऊर्जा, परिवहन एवं श्रम मंत्री अनिल विज ने आज अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के ब्यानों पर सवाल खडा करते हुए तंज किया कि कभी सपने भी सच्चे होते हैं! विज ने कहा कि ''मुझे ऐसा लगता है कि नरेन्द्र मोदी डोनाल्ड ट्रंप के सपनों में आते हैं और डोनाल्ड ट्रंप प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से सपनों में बात करते हैं तथा फिर सुबह उठकर मीडिया में घोषणा कर देते हैं''।विज आज अंबाला छावनी में मुख्यमंत्री ग्रामीण आवास योजना 2.0 (चरण-2) कार्यक्रम के उपरांत मीडिया कर्मियों द्वारा भारत के रूस से तेल न खरीदने के संबंध में अमेरिका के राष्ट्रपति द्वारा दिए गए ब्यान के संबंध में पूछे गए सवाल का जवाब दे रहे थे। ऊर्जा मंत्री ने मीडिया कर्मियों के सवाल का जवाब देते हुए कहा कि ''एक बार फिर अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने दावा किया है कि मेरी भारत के प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के साथ बात हुई है और उन्होंने मान लिया है कि हम रूस से तेल नहीं खरीदेंगें, परंतु भारत सरकार ने इस दावे का खण्डन किया है''। विज ने कहा कि ''पहले भी आपरेशन सिंदूर के समय इस प्रकार से हो चुका है, जब ट्रंप ने कहा था कि मैंने समझौता कराया है, लेकिन भारत सरकार ने कहा कि हमारी इस बारे में कोई भी बातचीत नहीं हुई है''। आज सुबह विज ने अपने एक्स हैंडल पर लिखा किः--- ''एक बार फिर डोनाल्ड ट्रंप ने भारत के रूस से तेल न खरीदने बारे नरेंद्र मोदी से हुई बात का दावा किया है परन्तु भारत सरकार ने इसे नकार दिया है। पहले ऑपरेशन सिंदूर बारे भी ऐसा हो चुका है। मुझे लगता है कि नरेंद्र मोदी डोनाल्ड ट्रंप के सपनों में आते है और ट्रंप वहां नरेंद्र मोदी से बात कर लेते है और सुबह उठ कर मीडिया में घोषणा कर देते हैं। परन्तु सपने भी कभी सच होते हैं?''

## आईओबी करेगा विस्तार, जल्द होगी 1,100 नई नियुक्तियां




**नई दिल्ली** इंडियन ओवरसीज बैंक (आईओबी) के एक वे रिष्ठ अे धिकारी ने कहा है कि बैंक का प्रदर्शन बीते ढाई वर्षों में लगातार बेहतर हुआ है। इस दौरान बैंक ने 85 लाख नए चालू और बचत खाते खोले हैं, जिनमें 24,000 करोड़ रुपए की जमा राशि है। इनमें से 95 फीसदी खाते बचत खाते हैं, जिस पर ब्याज खर्च कम होता है। 2024-25 की जुलाई-सितंबर तिमाही में आईओबी का शुद्ध लाभ 57.79 फीसदी बढ़कर 1,226 करोड़ तक पहुंच गया। वहीं, बैंक की सकल एनपीए दर घटकर 1.83 फीसदी रह गई, जो पिछले वर्ष इसी तिमाही में 2.72 फीसदी थी। बैंक की शुद्ध ब्याज आय 20.53 फीसदी बढ़कर 3,059 करोड़ रुपए रही और कुल कर्ज में 20.79 फीसदी की वृद्धि हुई। बैंक अब तेजी से देशभर में विस्तार कर रहा है। अगले 6-8 महीनों में 234 नई शाखाएं बिहार, उत्तर प्रदेश समेत अन्य राज्यों में खोली जाएंगी। इसके साथ ही चालू वित्त वर्ष में 1,100 नई नियुक्तियां की जा रही हैं, जिनमें से लगभग आधे लोग पहले ही शामिल हो चुके हैं।

## अक्टूबर में एफपीआई ने भारतीय शेयर बाजार में किया 6,480 करोड़ का निवेश

### लगातार तीन महीने की बिकवाली के बाद विदेशी निवेशकों ने फिर दिखाया भरोसा

**नई दिल्ली** लगातार तीन महीने तक भारतीय शेयर बाजार से पूंजी निकालने के बाद, विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों (एफपीआई) ने अक्टूबर 2025 में फिर से वापसी की है। डिपॉजिटरी आंकड़ों के अनुसार, एफपीआई ने इस माह अब तक भारतीय शेयरों में शुद्ध रूप से 6,480 करोड़ रुपए का निवेश किया है। इससे पहले एफपीआई ने जुलाई में 17,700 करोड़ रुपए, अगस्त में 34,990 करोड़ रुपए और सितंबर में 23,885 करोड़ रुपए की निकासी की थी। विशेषज्ञों का मानना है कि यह बदलाव भारत की मजबूत वृहद आर्थिक स्थिति के कारण आया है। मॉर्निंगस्टार इंडिया के हिमांशु श्रीवास्तव के अनुसार, भारत में स्थिर विकास दर, नियंत्रण में मुद्रास्फीति और मजबूत घरेलू मांग जैसे कारकों ने निवेशकों का विश्वास फिर से बहाल किया है। साथ ही, अमेरिका में ब्याज दरों में कटौती की संभावनाओं और वैश्विक तरलता में सुधार ने भी एफपीआई की धारणा को सकारात्मक किया है।

## अक्टूबर में आईपीओ की धूमःएलजी ने किया धमाका




**नई दिल्ली** अक्टूबर का महीना शेयर बाजार के लिए किसी बड़े उत्सव से कम नहीं रहा। इस दौरान कई बहुप्रतीक्षित आईपीओ ने बाजार में दस्तक दी और निवेशकों की नजरें इन पर टिकी रहीं। खासकर, एलजी इलेक्ट्रॉनिक्स इंडिया, टाटा कैपिटल और वीवर्क इंडिया के आईपीओ ने चर्चा बटोरी। एलजी इलेक्ट्रॉनिक्स ने बाजार में 50 फीसदी के प्रीमियम के साथ धमाकेदार एंट्री की। 1,140 रुपए की इश्यू प्राइस के मुकाबले एनएसई पर यह 1,710 पर लिस्ट हुआ। हालांकि शुरुआती जोश के बाद शेयर गिरकर 1,627 रुपए तक आ गया, और फिलहाल 1,668 रुपए पर ट्रेड कर रहा है, यानी लिस्टिंग प्राइस से करीब 2 फीसद नीचे। टा ग्रुप की टाटा कैपिटल का आईपीओ निवेशकों में भरोसे के चलते सुर्खियों में रहा, लेकिन लिस्टिंग प्रीमियम सिर्फ 1.23 फीसदी रहा। एनएसई पर यह 330 रूपए पर लिस्ट हुआ और फिलहाल करीब 335 रूपए पर कारोबार कर रहा है। यह कंपनी विविध वित्तीय सेवाएं देती है और लॉन्ग टर्म निवेश के लिए उपयुक्त मानी जा रही है। वहीं, वीवर्क इंडिया का प्रदर्शन अपेक्षाकृत शांत रहा। 644.85 की लिस्टिंग के बाद शेयर 621 रुपए तक गिरा और अब 643 रुपए पर स्थिर है। को-वर्किंग स्पेस और हाइब्रिड ऑफिस मॉडल पर काम करने वाली इस कंपनी में लंबी अवधि में ग्रोथ की संभावनाएं देखी जा रही हैं।

# आरबीएल बैंक में यूएई के एमिरेट्स एनबीडी ने किया 26,850 करोड़ का निवेश

### ▸▸ अब तक की सबसे बड़ी विदेशी बैंकिंग डील

**नई दिल्ली**

भारत के बैंकिंग क्षेत्र में अब तक की सबसे बड़ी विदेशी डील होने जा रही है। संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) के सबसे बड़े बैंक एमिरेट्स एनबीडी ने आरबीएल बैंक में लगभग 26,850 करोड़ रुपए (3 अरब डॉलर) निवेश कर 60 फीसदी हिस्सेदारी खरीदने की घोषणा की है।

यह निवेश 280 रुपए प्रति शेयर के भाव से किया जाएगा। यह सौदा प्रेफरेंशियल इश्यू के माध्यम से पूरा किया जाएगा, जिसके बाद एमिरेट्स एनबीडी शेष भारतीय शेयरधारकों से 26 फीसदी हिस्सेदारी के लिए अनिवार्य ओपन ऑफर लाएगा। इस डील को आरबीएल बैंक और एमिरेट्स एनबीडी दोनों के निदेशक मंडलों ने मंजूरी दे दी है। हालांकि, अंतिम रूप से यह डील भारतीय रिज़र्व बैंक, सेबी, शेयरधारकों और अन्य नियामकीय संस्थाओं की मंजूरी पर निर्भर करेगी। आरबीएल बैंक ने इस सौदे को लेकर 12 नवंबर 2025 को एक एक्स्ट्राऑर्डिनरी जनरल मीटिंग बुलाई है।




बैंक को उम्मीद है कि सभी मंजूरियाँ मिलने के बाद यह डील 1 अप्रैल 2026 से प्रभावी हो जाएगी।

इस समझौते के तहत भारत में एमिरेट्स एनबीडी की मौजूदा शाखाओं का आरबीएल बैंक में विलय किया जाएगा।

इससे आरबीएल का कैपिटल बेस मजबूत होगा, लोन देने की क्षमता बढ़ेगी और दीर्घकालिक विकास योजनाओं को समर्थन मिलेगा।

## धनतेरस 2025: भारत में रिकॉर्ड चांदी खरीद, वैश्विक बाजार में मची हलचल

### देश की सबसे बड़ी रिफाइनरी एमएमटीसी-पीएएमपी के स्टॉक खाली, लंदन में भी चांदी की भारी किल्लत



**नई दिल्ली** इस बार दिवाली और धनतेरस पर भारत में चांदी की अभूतपूर्व खरीदारी हुई, जिससे देश की सबसे बड़ी रिफाइनरी एमएमटीसी-पीएएमपी पहली बार स्टॉक से खाली हो गई। बाजार के जानकारों ने कहा` कि उन्होंने अपने 27 साल के करियर में ऐसी खरीदारी पहले भी नहीं देखी। बाजार में भारी डिमांड के चलते सप्लाई बाधित हो गई है। भारत की इस जबरदस्त मांग का असर लंदन जैसे वैश्विक बाजारों पर भी पड़ा। वहां कई बैंकों ने ग्राहकों को चांदी की कीमत बताना तक बंद कर दिया, क्योंकि स्टॉक खत्म हो चुका था। विशेषज्ञों के अनुसार, यह स्थिति पिछले 45 वर्षों में सबसे गंभीर चांदी संकटों में से एक मानी जा रही है। चांदी की मांग बढ़ने के पीछे कई कारक बताए जा रहे हैं- जैसे पहला, सोशल मीडिया पर इसे अगला गोल्ड कहा जाने लगा, दूसरा सोने-चांदी का अनुपात 100ः1 पहुंच गया, जिससे निवेशकों ने सस्ता विकल्प चुना, तीसरा सोलर इंडस्ट्री में चांदी की खपत तेजी से बढ़ रही है और चौथा डॉलर की कमजोरी ने भी निवेशकों को आकर्षित किया। लंदन वेयरहाउस में अब केवल 150 मिलियन औंस चांदी बची है, जबकि रोजाना का व्यापार करीब 250 मिलियन औंस है। अमेरिका और चीन में ईटीएफ और इंडस्ट्री की भारी खरीदारी से संकट और गहरा गया। हालांकि, न्यूयॉर्क के कॉमेक्स वेयरहाउस से 20 मिलियन औंस चांदी निकाले जाने के बाद कीमतों में 5 फीसदी की गिरावट दर्ज की गई।

## दिवाली सप्ताह में भारतीय शेयर बाजार की दिशा तय करेंगे 5 बड़े फैक्टर

**मुंबई**




दिवाली के त्योहार के चलते आने वाला सप्ताह ट्रेडिंग के लिहाज से छोटा रहेगा। 21 और 22 अक्टूबर को बाजार बंद रहेगा, जबकि 21 तारीख को 1:45 बजे से 2-45 बजे तक मुहूर्त ट्रेडिंग होगी।

इसके बावजूद बाजार का मूड पॉजिटिव बना हुआ है और तेजी जारी रहने की उम्मीद है। अगले सप्ताह कई बड़ी कंपनियों के तिमाही नतीजे सामने आएंगे, जो निवेशकों के लिए अहम संकेत होंगे। अगर ये रिजल्ट्स उम्मीदों से बेहतर आते हैं, तो बाजार में तेजी और मजबूती आएगी। विदेशी संस्थागत निवेशक लगातार तीसरे दिन भारत के शेयरों के नेट खरीदार बने हुए हैं। निफ्टी की अर्निंग्स में लगभग 8 फीसदी की बढ़ोतरी की उम्मीद है, जो विदेशी निवेशकों को आकर्षित कर सकता है।

रुपया डॉलर के मुकाबले मजबूती दिखा रहा है, जो निवेशकों के विश्वास को बढ़ाता है और बाजार में सकारात्मकता लाता है।

अमेरिका के महंगाई आंकड़े बाजार की दिशा को प्रभावित कर सकते हैं। यदि मुद्रास्फीति नियंत्रित रहती है, तो अमेरिकी फेडरल रिजर्व ब्याज दरों को स्थिर रख सकता है, जिससे भारतीय बाजार को फायदा होगा।

भारत और अमेरिका के बीच चल रही व्यापार बातचीत सकारात्मक माहौल में है।

अगर कोई ठोस समझौता होता है, तो यह सेंसेक्स और निफ्टी के लिए नई ऊंचाईयां तय कर सकता है।

## एनसीएलटी ने टीवीएस की दिवाला याचिका खारिज की

**नई दिल्ली** राष्ट्रीय कंपनी विधि न्यायाधिकरण (एनसीएलटी) की चंडीगढ़ पीठ ने टीवीएस सप्लाई चेन सॉल्यूशंस द्वारा दूरसंचार उपकरण निर्माता जीटीई टेलीकॉम इंडिया के खिलाफ दायर दिवाला याचिका को खारिज कर दिया है। याचिका दिवाला एवं ऋण शोधन अक्षमता संहिता (आईबीसी) की धारा 9 के तहत 4.27 करोड़ रुपए की बकाया राशि को लेकर दायर की गई थी। एनसीएलटी के सदस्य की पीठ ने कहा कि यह मामला पहले से विवादित था, और दोनों पक्ष 2017 से ही सुलह प्रक्रिया में शामिल थे। ऐसे में यह याचिका आईबीसी के तहत स्वीकार्य नहीं है। टीवीएस सप्लाई चेन, जो पहले टीवीएस लॉजिस्टिक्स सर्विसेज के नाम से जानी जाती थी, ने जीटीई पर आरोप लगाया था कि कंपनी ने 2012 से 2019 के बीच जारी कई इनवॉइस का आंशिक या देर से भुगतान किया। आरोप था कि जीटीई भुगतान में देरी के लिए चालानों में खामियों का बहाना बनाती रही। जीटीई ने 2018 में टीवीएस को पत्र भेजकर 5.60 करोड़ रुपए की विसंगतियों का दावा किया था, हालांकि कोई सहायक दस्तावेज नहीं दिए गए। एनसीएलटी ने इस पत्राचार को पूर्व से चला आ रहा विवाद मानते हुए कहा कि आईबीसी की धारा 9 तभी लागू होती है जब दावा निर्विवाद हो।

## धनतेरस पर कार बाजार में बंपर सेल, मारुति और हुंडई की रिकॉर्ड डिलीवरी

### ▸▸ जीएसटी 2.0 की राहत और त्योहारों के जोश से ऑटो सेक्टर में आई नई रफ्तार

**नई दिल्ली**

धनतेरस 2025 ने देश के ऑटोमोबाइल सेक्टर को नई ऊंचाइयों पर पहुंचा दिया है। इस शुभ अवसर पर देश की दो प्रमुख कार कंपनियों मारुति सुजुकी इंडिया और हुंडई मोटर इंडिया ने जबरदस्त बिक्री दर्ज की। ग्राहक उत्साह, बाजार में सकारात्मक माहौल और सरकार की ओर से जीएसटी 2.0 के तहत टैक्स राहत जैसे कारकों ने इस वृद्धि में अहम भूमिका निभाई। मारुति सुजुकी ने पहली बार धनतेरस पर 50,000 गाड़ियों की डिलीवरी का रिकॉर्ड बनाया है। कंपनी के मार्केटिंग एंड सेल्स हेड के अनुसार, शनिवार शाम 6 बजे तक ही 38,500 गाड़ियां डिलीवर हो चुकी थीं और रविवार को 10,000 और डिलीवरी होने का अनुमान है। पिछले वर्ष दो दिन में 42,000 गाड़ियों की डिलीवरी हुई थी, जबकि इस बार यह आंकड़ा पार कर लिया गया। बनर्जी ने बताया कि पिछले एक महीने में कंपनी को 4.5 लाख बुकिंग्स मिलीं और 3.25 लाख गाड़ियां बिक चुकी हैं। छोटी गाड़ियों की मांग भी बनी रही, जिनमें से 94,000 यूनिट् की बिक्री हुई है। कंपनी के शोरूम पर भारी भीड़ देखी गई और पूजा के लिए पंडितों तक को बुलाया गया ताकि ग्राहक शुभ समय पर गाड़ी ले सकें। वहीं हुंडई मोटर इंडिया ने भी शानदार प्रदर्शन करते हुए 14,000 गाड़ियों की डिलीवरी की, जो पिछले साल के मुकाबले 20 फीसदी अधिक है। कंपनी के एक वे रिष्ठ अे धिकारी ने बताया कि यह डिलीवरी कई दिनों में फैली है, जिससे हर ग्राहक को बेहतर अनुभव मिल सके। धनतेरस की इस बंपर बिक्री से स्पष्ट है कि त्योहारी मौसम और सरकारी नीतियां मिलकर ऑटो इंडस्ट्री को नई रफ्तार दे रही हैं। आने वाले महीनों में यह गति और भी तेज हो सकती है।

## इटली के मिलान शहर से दिल्ली की एयर इंडिया फ्लाइट रद्द

### दिवाली से पहले भारतीय यात्रियों की यात्रा प्रभावित




**नई दिल्ली** इटली के मिलान शहर से दिल्ली आने वाली एयर इंडिया की फ्लाइट एआई138 को हाल ही में तकनीकी खराबी के चलते अचानक रद्द कर दिया गया। यह फ्लाइट दिवाली से ठीक पहले भारत लौटने वाले सैकड़ों भारतीय यात्रियों के लिए अहम थी। तकनीकी दिक्कत के कारण विमान उड़ान भरने में असमर्थ रहा, जिससे यात्रियों में हड़कंप मच गया। एयर इंडिया ने बताया कि यह फैसला यात्रियों की सुरक्षा को प्राथमिकता देते हुए लिया गया। एयर इंडिया ने रद्द उड़ान के यात्रियों के लिए अस्थायी होटल और भोजन की व्यवस्था की है। कई यात्रियों को हवाई अड्डे के बाहर भी ठहराया गया है ताकि उन्हें अधिक असुविधा न हो। एयरलाइन ने यात्रियों की सुरक्षा और सुविधा के प्रति अपनी प्रतिबद्धता जताई है। इसके साथ ही कंपनी ने कहा कि स्थिति पर लगातार निगरानी रखी जा रही है और सभी आवश्यक कदम उठाए जा रहे हैं। एयर इंडिया ने 20 अक्टूबर से वैकल्पिक उड़ानों की बुकिंग शुरू कर दी है। सीटों की उपलब्धता के आधार पर सभी यात्रियों को जल्द से जल्द भारत भेजने का प्रयास किया जा रहा है।

# सेंसेक्स की शीर्ष 10 कंपनियों में से 7 के मार्केट कैप में 2.16 लाख करोड़ की बढ़ोतरी

### टीसीएस, इन्फोसिस और एलआईसी को नुकसान

**नई दिल्ली**

पिछले सप्ताह शेयर बाजार में सकारात्मक रुख देखने को मिला, जिससे बीएसई सेंसेक्स 1,451.37 अंक की बढ़त के साथ बंद हुआ। इसका असर देश की प्रमुख कंपनियों के बाजार पूंजीकरण (मार्केट कैप) पर भी पड़ा। सेंसेक्स की शीर्ष 10 में से 7 कंपनियों के कुल बाजार मूल्यांकन में 2,16,544.29 करोड़ रुपए की जोरदार बढ़त दर्ज की गई। सबसे अधिक लाभ रिलायंस इंडस्ट्रीज और भारती एयरटेल को हुआ। रिलायंस का बाजार मूल्यांकन 47,363.65 करोड़ रुपए बढ़कर 19,17,483.71 करोड़ रुपए हो गया। वहीं, भारती एयरटेल ने 41,254.73 करोड़ रुपए की बढ़त के साथ 11,47,235.08 करोड़ रुपए का पूंजीकरण हासिल किया। एचडीएफसी बैंक के मूल्य में 33,185.59 करोड़ की वृद्धि दर्ज की गई और इसका कुल बाजार पूंजीकरण 15,40,210.78 करोड़ पहुंच गया। आईसीआईसीआई बैंक 40,123.88 करोड़ की बढ़त के साथ 10,26,491.35 करोड़ पर पहुंचा। बजाज फाइनेंस का मूल्यांकन 28,903.45 करोड़ बढ़कर 6,65,899.19 करोड़ रुपए रहा। हिंदुस्तान यूनिलीवर के मार्केट कैप में 17,774.65 करोड़ की वृद्धि हुई और भारतीय स्टेट बैंक ने 7,938.34 करोड़ रुपए जोड़े। वहीं दूसरी ओर इन्फोसिस, टीसीएस और भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी)को नुकसान उठाना पड़ा। इन्फोसिस का बाजार मूल्यांकन 30,306.35 करोड़ घटकर 5,98,773.87 करोड़ रह गया। टीसीएस में 23,807.01 करोड़ और एलआईसी में 7,684.87 करोडि रुपए की गिरावट दर्ज की गई। रिलायंस इंडस्ट्रीज अभी भी भारत की सबसे मूल्यवान कंपनी बनी हुई है, इसके बाद क्रमशः एचडीएफसी बैंक, भारती एयरटेल, टीसीएस और अन्य कंपनियां हैं।



# वित्त वर्ष 2030 तक 45,000 करोड़ का निवेश करेगी हुंडई इंडिया

**नई दिल्ली**

ऑटो कंपनी हुंडई मोटर भारत में अपने लंबी अवधि के रोडमैप के तहत वित्त वर्ष 2030 तक 45,000 करोड़ रुपए का निवेश करेगी। हुंडई मोटर ने घोषणा की कि कंपनी का लक्ष्य भारत को वैश्विक स्तर पर अपना दूसरा सबसे बड़ा बाजार बनाना है। इस निवेश का मुख्य उद्देश्य नए प्रोडक्ट लॉन्च, क्षमता विस्तार और अनुसंधान एवं विकास (आर एंड डी) को सपोर्ट करना होगा। हुंडई मोटर कंपनी के अध्यक्ष और सीईओ जोस मुनोज ने एचएमआईएल के पहले इन्वेस्टर डे में कहा कि पिछले साल के ऐतिहासिक आईपीओ और भारत में 30 वर्षों की सफलता के बाद, कंपनी अब अगले चरण के विकास के लिए यह बड़ा निवेश कर रही है।

मुनोज के अनुसार, लगभग 60 प्रतिशत निवेश उत्पाद विकास और आर एंड डी में लगाया जाएगा, जबकि बाकी 40 प्रतिशत क्षमता विस्तार और अपग्रेडेशन पर खर्च किया जाएगा।

कंपनी ने यह भी लक्ष्य रखा है कि कुल उत्पादन का 30 प्रतिशत निर्यात किया जाएगा। अपने 2030 रोडमैप के तहत, हुंडई 26 नए मॉडल लॉन्च करेगी, जिनमें 7 नए नाम शामिल होंगे। कंपनी एमपीवी और ऑफ-रोड एसयूवी सेगमेंट में प्रवेश करेगी और 2027 तक अपनी पहली स्थानीय रूप से डिजाइन और निर्मित इलेक्ट्रिक एसयूवी लॉन्च करने की योजना बना रही है। इसके अलावा, 2027 तक हुंडई का




लग्जरी ब्रांड जेनेसिस भी भारत में पेश किया जाएगा। हुंडई का लक्ष्य वित्त वर्ष 2030 तक अपने राजस्व को 1.5 गुना बढ़ाकर 1 लाख करोड़ रुपए तक ले जाना और घरेलू बाजार में 15 प्रतिशत से अधिक बाजार हिस्सेदारी हासिल करना है।

## भारत में वाहनों की शिपमेंट बढकर हुई 3,72,458 यूनिट्स

**नई दिल्ली**

भारत में बीते सितंबर महीने में यात्री वाहनों, कारों और एसयूवी सहित वाहनों की शिपमेंट 4.4 प्रतिशत बढ़कर 3,72,458 यूनिट्स हो गई, जबकि पिछले साल इसी महीने यह संख्या 3,56,752 यूनिट्स थी। प्राप्त जानकारी के अनुसार, दोपहिया वाहनों की बिक्री 7 प्रतिशत बढ़कर 21,60,889 यूनिट्स रही, जो सितंबर 2024 में 20,25,993 यूनिट्स थी। तिपहिया वाहनों की शिपमेंट भी 5.5 प्रतिशत बढ़कर 84,077 यूनिट्स पहुंच गई, जबकि पिछले साल यह आंकड़ा 79,683 यूनिट्स था। एसआईएएम के अध्यक्ष शैलेश चंद्रा ने बताया कि 22 सितंबर से लागू नई जीएसटी दरों के बावजूद, सितंबर में यात्री, दोपहिया और तिपहिया वाहनों ने अब तक की सबसे बड़ी बिक्री दर्ज की है। उन्होंने कहा कि अनुकूल परिस्थितियों और जीएसटी 2.0 सुधार के चलते ऑटो उद्योग का आउटलूक उत्साहजनक बना हुआ है। चंद्रा ने इसे भारतीय ऑटो उद्योग और




अर्थव्यवस्था के लिए ऐतिहासिक और सकारात्मक कदम बताया। जुलाई-सितंबर तिमाही में यात्री वाहनों की बिक्री 10,39,200 यूनिट्स रही, जो पिछले वित्त वर्ष की इसी तिमाही के 10,55,137 यूनिट्स से थोड़ा कम है। इसी अवधि में दोपहिया वाहनों की बिक्री पिछले साल की तुलना में 7 प्रतिशत बढ़कर 55,62,077 यूनिट्स हो गई। तिपहिया वाहनों की बिक्री जुलाई-सितंबर तिमाही में 10 प्रतिशत बढ़कर 2,29,239 यूनिट्स रही, जो आर्थिक गतिविधियों के उच्च स्तर को दर्शाता है।

## मारुति और टाटा की कारों की बिक्री में आया भारी उछाल




**नई दिल्ली**

हाल ही में केंद्र सरकार द्वारा छोटी कारों पर जीएसटी 28 प्रतिशत से घटाकर 18 प्रतिशत किए जाने के बाद इनकी बिक्री में जबरदस्त उछाल देखने को मिल रहा है। जीएसटी में कटौती के बाद छोटी कारें एक बार फिर आम ग्राहकों की पहुंच में आ गई हैं। नतीजा यह हुआ कि मारुति सुजुकी, जो इस सेगमेंट की मार्केट लीडर है, ने सिर्फ चार हफ्तों में करीब 4 लाख बुकिंग्स दर्ज की हैं।

इनमें से लगभग 80,000 बुकिंग्स ऑल्टो के10, एस-प्रेसो, सेलेरियो और वैगनआर जैसी छोटी कारों की हैं। इससे यह साफ हो गया कि लोगों का इन कारों से मोहभंग नहीं हुआ था, बल्कि ऊंची कीमतों ने ही उन्हें दूरी बना ली थी। मारुति के सीनियर एग्जीक्यूटिव ऑफिसर (सेल्स एंड मार्केटिंग) पार्थो बनर्जी के मुताबिक, हमने देखा है कि अब शोरूम में कई खरीदार हेलमेट के साथ पहुंच रहे हैं। यह संकेत है कि दोपहिया वाहन चलाने वाले ग्राहक अब अपनी पहली कार खरीदने आ रहे हैं। छोटे कार सेगमेंट में यह नए खरीदारों की लहर बाजार को नई जान दे रही है। उन्होंने बताया कि जीएसटी 2.0 से पहले जहां एंट्री-लेवल मॉडलों की हिस्सेदारी 16.7 प्रतिशत थी, अब यह बढ़कर 22.2प्रतिशत हो गई है। टाटा मोटर्स ने भी त्योहारी सीजन में शानदार बिक्री दर्ज की है। कंपनी के चीफ कमर्शियल ऑफिसर अमित कामत के अनुसार, हमारी हैचबैक कारें टियागो और अल्ट्रोज की बुकिंग्स इस साल पिछले साल की तुलना में 45 प्रतिशत अधिक रही हैं। ग्राहक न सिर्फ बुकिंग कर रहे हैं, बल्कि तेजी से डिलीवरी भी ले रहे हैं। जीएसटी में कटौती का यह कदम अब भारतीय ऑटो बाजार में फिर से छोटे कारों का दौर लौटाता दिख रहा है। जहां पहले एंट्री-लेवल कारें महंगी होकर आम लोगों की पहुंच से बाहर हो रही थी।

## बहुप्रतीक्षित अपाचे आरटीएक्स 300 को भारत में लॉन्च



**नईदिल्ली**

बाइक निर्माण क्षेत्र की कंपनी टीवीएस ने अपनी बहुप्रतीक्षित अपाचे आरटीएक्स 300 को भारत में लॉन्च कर दिया है। इस लॉन्च के साथ, टीवीएस अब एडवेंचर टूरर सेगमेंट में भी कदम रख चुकी है। इस बाइक की शुरुआती एक्स-शोरूम कीमत 1.99 लाख रुपए रखी गई है। नई अपाचे आरटीएक्स ब्रांड के नए प्लेटफॉर्म पर आधारित है और इसका मुकाबला केटीएम 250 एडवेंचर, येज्दी एडवेंचर और रॉयल एनफील्ड स्क्रैम 440 जैसे मॉडल से होगा। अपाचे आरटीएक्स 300 में 299सीसी, लिक्विड-ऑयल कूल्ड, सिंगल-सिलेंडर आरटी-एक्सडी4 इंजन लगाया गया है, जो 9,000 आरपीएम पर 35.5 एचपी और 7,000 आरपीएम पर 28.5 एनएम का टॉर्क प्रदान करता है। पावर मिल को 6-स्पीड गियरबॉक्स के साथ बाई-डायरेक्शनल क्विकशिफ्टर, असिस्ट और स्लिपर क्लच से जोड़ा गया है। बाइक की स्टील ट्रेलिस फ्रेम और एल्युमीनियम डाईकास्ट स्विंगआर्म इसे मजबूत और स्थिर बनाते हैं। बड़ा फ्यूल टैंक, साइड फेंडर और पारदर्शी विंडस्क्रीन इसे भारी और एडवेंचर-योग्य लुक देते हैं। आगे की तरफ आंख के आकार वाले एलईडी हेडलैंप, एलईडी टर्न इंडिकेटर्स और चोंच जैसे प्रोजेक्शन इसे आक्रामक लुक देते हैं। रियर में स्प्लिट सीट और अलग लगेज रैक लंबी यात्राओं के लिए उपयुक्त हैं। टीवीएस अपाचे आरटीएक्स 300 में फुल-कलर टीएफटी डिस्प्ले है जो स्पीड, कॉल और एसएमएस अलर्ट, मैप मिररिंग और गोप्रो कंट्रोल जैसी सुविधाएं प्रदान करता है। इसमें चार राइड मोड्स टूर, रैली, अर्बन और रेन और सुरक्षा के लिए एबीएस, ट्रैक्शन कंट्रोल, क्रूज कंट्रोल और टीपीएसएम फीचर्स दिए गए हैं। अपाचे आरटीएक्स 300 कई आकर्षक रंगों में उपलब्ध है, जिनमें वाइपर ग्रीन, टार्न ब्रॉन्ज़, मेटैलिक ब्लू, लाइटनिंग ब्लैक और पर्ल व्हाइट शामिल हैं। इस लॉन्च के साथ टीवीएस ने भारतीय बाजार में एडवेंचर टूरर सेगमेंट में अपनी मजबूत उपस्थिति दर्ज कराई है। बाइक का इंजन टू-वे थर्मोस्टेट, इंटेलिजेंट एयर-फ्लो तकनीक और पेटेंटेड डक्ट सिस्टम से लैस है, जो दहन को सेमलैस और तापमान को नियंत्रित रखता है

# दीपावली भौतिक ही नहीं, आत्मिक उजाले का महापर्व



ललित गर्ग

दीपावली का संबंध अनेक ऐतिहासिक, धार्मिक और दार्शनिक प्रसंगों से जुड़ा है। इसी दिन भगवान रामचंद्रजी चौदह वर्ष के वनवास और रावण पर विजय प्राप्त कर अयोध्या लौटे थे। यह धर्म, मयार्दा और सत्य की विजय का प्रतीक बना। प्राचीन हिन्दू महाकाव्य महाभारत अनुसार कुछ दीपावली को 12 वर्षों के वनवास व 1 वर्ष के अज्ञातवास के बाद पांडवों की वापसी के प्रतीक रूप में मानते हैं।

दीपावली केवल दीपों का ही पर्व नहीं है बल्कि यह आत्मा के भीतर बसे अंधकार को मिटाने की साधना का अनुष्ठान है। यह भारतीय संस्कृति की आत्मा है, जो जन-जन के जीवन में सुख, समृद्धि और खुशहाली का उजास फैलाती है। पांच दिवसीय इस उत्सव की श्रृंखला धनतेरस से आरंभ होकर भाई दूज तक चलती है, पर इसका अर्थ केवल उत्सव नहीं, बल्कि एक गहन आध्यात्मिक यात्रा है। दीपावली केवल एक त्योहार नहीं, इसका धार्मिक, सामाजिक, सांस्कृतिक और आर्थिक महत्व भी है। दीपावली का संदेश है कि सच्चा उजाला बाह्य नहीं, बल्कि भीतर में होना चाहिए। हमारी आंतरिक 'उज्ज्वलता' ही सच्ची 'धन्यता' है, वही हमारे कर्म, करुणा और विवेक का उजाला है। यह पंच दिवसीय पर्वों की श्रृंखला भीतर बसे अहंकार, ईर्ष्या, द्वेष और लोभ जैसे नरकासुरों को समाप्त करने का दुर्लभ अवसर है। दीपावली का मूल भाव है अंधकार से प्रकाश की ओर, अज्ञान से ज्ञान की ओर, नकार से स्वीकार की ओर बढ़ना। जब लाखों दीप जलते हैं, तो वे केवल घरों को नहीं, हृदयों को भी प्रकाशित करते हैं। प्रत्येक दीप हमें यह संदेश देता है कि परिस्थितियाँ चाहे कैसी भी हों, जीवन में धर्म के दीप जलते रहना है, बुझना नहीं।

दीपावली का संबंध अनेक ऐतिहासिक, धार्मिक और दार्शनिक प्रसंगों से जुड़ा है। इसी दिन भगवान रामचंद्रजी चौदह वर्ष के वनवास और रावण पर विजय प्राप्त कर अयोध्या लौटे थे। यह धर्म, मयार्दा और सत्य की विजय का प्रतीक बना। प्राचीन हिन्दू महाकाव्य महाभारत अनुसार कुछ दीपावली को 12 वर्षों के वनवास व 1 वर्ष के अज्ञातवास के बाद पांडवों की वापसी के प्रतीक रूप में मानते हैं। जैन परंपरा में यह दिन अत्यंत पवित्र और ऐतिहासिक है, क्योंकि इसी दिन भगवान महावीर का निर्वाण हुआ और इसीलिए इसे महावीर निर्वाण दिवस कहा जाता है। महावीर का निर्वाण केवल देह का अंत नहीं था, बल्कि आत्मा की पूर्ण जागृति का क्षण था, जब उन्होंने संसार के अंधकार में मोक्ष का शाश्वत दीप प्रज्वलित किया। बौद्ध परंपरा में यह दिन बुद्धत्व की स्मृति का प्रतीक है, वहीं सिक्ख परंपरा में यह दिन गुरु हरगोविंदजी के कारावास से मुक्ति दिवस के रूप में मनाया जाता है, जब उन्होंने अन्य कैदियों को भी मुक्त कराया था। इन सभी प्रसंगों में एक अद्भुत एकता झलकती है-अंधकार से मुक्ति, ज्ञान से आलोक और अहंकार से आत्मा की ओर यात्रा। 'तमसो मा ज्योतिर्गमय' अर्थात अन्धकार की ओर नही, प्रकाश की ओर जाओ, यह उपनिषदों की आज्ञा है।



दीपावली अब केवल राष्ट्रीय ही नहीं, अन्तर्राष्ट्रीय पर्व बन गया है। दीपावली को विशेष रूप से हिंदू, जैन और सिख समुदाय के साथ विशेष रूप से दुनिया भर में मनाया जाता है- श्रीलंका, पाकिस्तान, म्यांमार, थाईलैंड, मलेशिया, सिंगापुर, इंडोनेशिया, ऑस्ट्रेलिया, न्यूजीलैंड, फिजी, मॉरीशस, केन्या, तंजानिया, दक्षिण अफ्रीका, गुयाना, सूरीनाम, त्रिनिदाद और टोबैगो, नीदरलैंड, कनाडा, ब्रिटेन शामिल संयुक्त अरब अमीरात, और संयुक्त राज्य अमेरिका। भारतीय संस्कृति की समझ और भारतीय मूल के लोगों के वैश्विक प्रवास के कारण दीपावली मनाने वाले देशों की संख्या धीरे-धीरे बढ़ रही है। कुछ देशों में यह भारतीय प्रवासियों द्वारा मुख्य रूप से मनाया जाता है, अन्य दूसरे स्थानों में यह सामान्य स्थानीय संस्कृति का हिस्सा बनता जा रहा है।

दीपावली का एक और महत्त्वपूर्ण पहलू है गोवर्धन पूजा, जो प्रकृति के प्रति आभार का प्रतीक है। यह हमें सिखाती है कि समृद्धि केवल मनुष्य की मेहनत से नहीं, बल्कि प्रकृति की कृपा से भी मिलती है। गाय, अन्न, जल, वृक्ष, मिट्टी-सबका सम्मान ही सच्ची पूजा है। भाई दूज इस श्रृंखला का अंतिम दिन है, जो स्नेह और पारस्परिक विश्वास का दीप जलाता है। यह पर्व केवल बहन-भाई के संबंधों का उत्सव नहीं, बल्कि जीवन में प्रेम, सहयोग और संरक्षण के भाव को पुष्ट करने का अवसर है। दीपावली का मूल भाव अंधकार दूर भगाना है। जीवन को सुख और समृद्धि की रोशनी से जगमग करना है। एक पौराणिक कथा के अनुसार विष्णु ने नरसिंह रूप धारणकर हिरण्यकश्यप का वध किया था तथा इसी दिन समुद्रमंथन के पश्चात लक्ष्मी व धन्वंतरि प्रकट हुए। कई लोग दीपावली को भगवान विष्णु की पत्नी तथा उत्सव, धन और समृद्धि की देवी लक्ष्मी से जुड़ा हुआ मानते हैं। आज दीपावली का स्वरूप भले ही भव्य और चकाचौंध से भरा हो, पर इसका सच्चा अर्थ है भीतर के दीप को जलाना। जैसे हम घरों की सफाई करते हैं, वैसे ही अपने मन की सफाई भी आवश्यक है। ईर्ष्या, क्रोध, स्वार्थ और असत्य का अंधकार मिटे, और उसकी जगह सच्चाई, सहिष्णुता, करुणा और सेवा का उजास फैले-यही दीपावली का सार है। महात्मा गांधी ने कहा था, 'सच्चा दीपक वही है जो अंधकार में राह दिखाए, न कि केवल सजावट बने।' यदि हम एक दीप अपने भीतर जलाएं-मानवता का, विनम्रता का, और सहअस्तित्व का तो यही सबसे बड़ा पूजन होगा।

दीपावली का पर्व ज्योति का पर्व है। दीपावली का पर्व पुरुषार्थ का पर्व है। यह आत्म साक्षात्कार का पर्व है। यह अपने भीतर सुषुप्त चेतना को जगाने का अनुपम पर्व है। यह हमारे आभामंडल को विशुद्ध और पर्यावरण की स्वच्छता के प्रति जागरूकता का संदेश देने का पर्व है। प्रत्येक व्यक्ति के अंदर एक अखंड ज्योति जल रही है। उसकी लौ कभी-कभार मद्धिम जरूर हो जाती है, लेकिन बुझती नहीं है। उसका प्रकाश शाश्वत प्रकाश है। वह स्वयं में बहुत अधिक देदीप्यमान एवं प्रभामय है। इसी संदर्भ में महात्मा कबीरदासजी ने कहा था-'बाहर से तो कुछ न दीसे, भीतर जल रही जोत'। जो महापुरुष उस भीतरी ज्योति तक पहुँच गए, वे स्वयं ज्योतिर्मय बन गए। जो अपने भीतरी आलोक से आलोकित हो गए, वे सबके लिए आलोकमय बन गए। ज्ञान दुनिया का सबसे बड़ा प्रकाश दीप है। जब ज्ञान का दीप जलता है तब भीतर और बाहर दोनों आलोकित हो जाते हैं। अंधकार का साम्राज्य स्वतः समाप्त हो जाता है। ज्ञान के प्रकाश की आवश्यकता केवल भीतर के अंधकार मोह-मूर्च्छा को मिटाने के लिए ही नहीं, अपितु लोभ और आसक्ति के परिणामस्वरूप खड़ी हुई पर्यावरण प्रदूषण और अनैतिकता जैसी बाहरी समस्याओं को सुलझाने के लिए भी जरूरी है। यह हमारे आभामंडल को विशुद्ध और पर्यावरण की स्वच्छता के प्रति जागरूकता का संदेश देने का पर्व है। प्रत्येक व्यक्ति के अंदर एक अखंड ज्योति जल रही है। उसकी लौ कभी-कभार मद्धिम जरूर हो जाती है, लेकिन बुझती नहीं है। उसका प्रकाश शाश्वत प्रकाश है। वह स्वयं में बहुत अधिक देदीप्यमान एवं प्रभामय है। इसी संदर्भ में महात्मा कबीरदासजी ने कहा था-'बाहर से तो कुछ न दीसे, भीतर जल रही जोत'। जो महापुरुष उस भीतरी ज्योति तक पहुँच गए, वे स्वयं ज्योतिर्मय बन गए। युद्ध, आतंकवाद, भय, हिंसा, प्रदूषण, अनैतिकता, ओजोन का नष्ट होना आदि समस्याएँ इक्कीसवीं सदी के मनुष्य के सामने चुनौती बनकर खड़ी है। आखिर इन समस्याओं का जनक भी मनुष्य ही तो है। मनुष्य को मोह का अंधकार भगाने के लिए धर्म का दीप जलाना होगा। जहाँ धर्म का सूर्य उदित हो गया, वहाँ का अंधकार टिक नहीं सकता।

दीपावली का संदेश सीमित नहीं है; यह हमें समाज, संस्कृति और मानवता के स्तर पर नया दृष्टिकोण देता है। यह केवल दीपों की पंक्तियाँ नहीं, बल्कि जीवन की दिशा है। हम केवल अपने घर को नहीं, बल्कि किसी और के जीवन को भी रोशन करेंगे। यह पर्व हमें याद दिलाता है कि प्रकाश की सबसे बड़ी जीत तब होती है जब वह अंधकार के सबसे गहरे कोने में पहुँचता है। हरिवंश राय बच्चन के शब्दों में-'दीप जलाओ लेकिन ऐसे, जिसमें धुआँ न हो; उजाला हो, पर अहंकार न हो।' जब भीतर का दीप जलता है, तो बाहरी दीप स्वतः दीप्तिमान हो उठते हैं। दीपावली पर्व की सार्थकता के लिए जरूरी है, दीये बाहर के ही नहीं, दीये भीतर के भी जलने चाहिए। क्योंकि दीया कहीं भी जले उजाला देता है। दीए का संदेश है-हम जीवन से कभी पलायन न करें, जीवन को परिवर्तन दें, क्योंकि पलायन में मनुष्य के दामन पर बुजदिली का धब्बा लगता है, जबकि परिवर्तन में विकास की संभावनाएँ जीवन की सार्थक दिशाएँ खोज लेती हैं।

(लेखक, पत्रकार, स्तंभकार)

## संपादकीय

### सुप्रीम कोर्ट के अहम आदेश से लोगो की भावनाओ का सम्मान

सुप्रीम कोर्ट ने त्योहारों पर लोगो की भावनाओ का सम्मान करते हुए दो अहम फैसले को केंद्र में रखकर लोगो को दीपावली की भेंट अर्पित कर दी है। करोड़ो लोगो का दिल जीत लिया है। पर्यावरण से दिल्ली - एनसीआर के नागरिकों को काफी कुछ सहन करना पड़ता है। दीपावली पर की जाने वाली आतिशबाजी से शहर का वातावरण प्रदूषित हो जाता है। जिससे लोगो को स्वांस लेने में दिक्कते आती है। हर वर्ष दिल्ली और एनसीआर की हवा प्रदूषित होती है। सरकार दिल्ली में पटाखो पर प्रतिबंध लगा देती है। लेकिन इस बार दिल्ली सरकार ने सुप्रीम कोर्ट को गुहार लगाकर सीमित समय के लिए पटाखो की अनुमति की मांग की थी। इसको मद्देनजर रखते हुए माननीय सुप्रीम कोर्ट ने ग्रीन पटाखो की सशर्त मंजूरी दी है। दिल्ली एनसीआर में सीमित समय के लिए ग्रीन पटाखो को जलाने की अनुमति दी गई है। इस फैसले से युवाओ के चेहरे खिल उठे है। दरअसल, पटाखे जलाने की सुप्रीम की मंजूरी से करोड़ो लोगो के मन मे खुशी की लहर है। दीपावली भारत का सांस्कृतिक त्योहार है। बारह महीने में एक बार आने वाले इस सूचिता के पर्व पर हर व्यक्ति के मन मे उमंग रहती है कि वे भी आतिशबाजी कर खुशी के इस पर्व को खूब मनाए। लेकिन पर्यावरण के लिए खतरा बनता धुंआ शहर की हवा में जहर घोलता है। जिससे दीपावली के बाद शुरूआती दिनों में लोगो को स्वांस लेने मेंबहुत तकलीफ सहन करनीं पड़ती है। स्वांस लेने मेंअमूमन लोगो को मुश्किलें पैदा हो जाती है। इसको ध्यान में रखकर माननीय सुप्रिम कोर्ट ने दीपावली पर्व पर तीन दिन के लिए ग्रीन पटाखे की अनुमति दी है। जिससे लोगो के मन मे खुशी है। पर्यावरण को ध्यान में रखते हुए सुप्रीम कोर्ट का स्वागतयोग्य फैसला है। दीपावली पर्व का हर व्यक्ति को बेसब्री से इंतजार रहता है। । दीपावली पर युवाओ के मन मे उदासीनता देखी जा रही थी कि इस बार पटाखो का लुफ्त नही उठा सकेंगे। परन्तु माननीय सुप्रीम कोर्ट के फैसले से युवाधन खुश है। कोर्ट ने हिन्दुओ की भावनाओ का सम्मान किया है। जबकि हर वर्ष दीपावली पर दिल्लीवासियों को पटाखे जलाने के लिए वंचित रखा जाता था। आम आदमी की सरकार प्रतिवर्ष दिल्ली -एनसीआर में आतिशबाजी पर प्रतिबंध लगा देती थी। सांस्कृतिक और धार्मिक पर्व दीपावली पर हिन्दुओ की भावनाओ को ठेस पहुंचाई जाती थी। क्योकि हर वर्ष एक ही चर्चा रहती थी कि इस बार भी पटाखे नही जला सकेंगे? लोगो की भावनाओ को ठेस पहुंचाने का कार्य पूर्ववर्ती सरकारे करती आ रही थी। सुप्रीम के इस फैसले का विपक्षी दलों ने विरोध किया है।

#### चिंतन-मनन

### जीवन का अर्थ बताती है अर्थी

जीवन भर व्यक्ति इसी सोच में उलझा रहता है कि उसका परिवार है, बीबी बच्चे हैं। इनके लिए धन जुटाने और सुख-सुविधाओं के इंतजाम में हर वह काम करने के लिए तैयार रहता है जिससे अधिक से अधिक धन और वैभव अर्जित कर सके। अपने स्वार्थ के लिए व्यक्ति दूसरों को नुकसान पहुंचाने के लिए भी तैयार रहता है। जबकि हर व्यक्ति के शरीर में आत्मा रूप में बसा ईश्वर गलत तरीके से, दूसरों को अहित पहुंचाकर लाभ पाने के लिए मना करता है। लेकिन जब व्यक्ति आत्मा की बात नहीं सुनता है तो आत्मा मौन धारण कर लेती है। आत्मा को उस दिन का इंतजार रहता है जब व्यक्ति अर्थी पर पहुंचता है। इस समय व्यक्ति को जीवन का अर्थ और आत्मा की कही बातें याद आती है। लेकिन इस समय पश्चाताप के अलावा कुछ और नहीं बचता है। सब कुछ मिट्टी में मिल चुका होता है। आपने मृत व्यक्ति को बांस की फट्ठियों पर लेकर जाते हुए कभी न कभी जरूर देखा होगा। बांस की फट्ठियों पर जिस पर शव को लिटाया जाता है इसे अर्थी कहते हैं। अर्थी को उठाने के लिए चार कंधों की जरूरत पड़ती है। जब व्यक्ति की अर्थी उठायी जाती है उस समय आत्मा मृत व्यक्ति से कहती है देखो, तुम्हारी यही औकात है। तुम्हें खुद सहारे की जरूरत है, तुम झूठा अहंकार करते रहे कि तुम लोगों को आश्रय दे रहे हो। जिन लोगों के लिए तुम दिन रात धन-वैभव जुटाने में लगे रहे। आज वह संगी साथी परिवार तुम्हें विराने में ले जाकर अग्नि में समर्पित कर देगा। जीवन का मात्र यही अर्थ है। इसलिए अर्थी को जीवन का अर्थ बताने वाला कहा गया है। अर्थी ले जाते समय लोग जोर-जोर से नारे लगाते हैं राम नाम सत्य है, सब की यही गत्य है। नारे लगाने वाले लोग मृत व्यक्ति को और दुनियां को यह बताता है कि वास्तविक सत्य राम का नाम है। अंत में सभी की यही गति होनी है। इसलिए प्रभु का नाम भजते हुए ईमानदारी और सहृदयता के साथ जीवन जीना चाहिए।

## मिलावटखोरों पर सर्जिकल स्ट्राइक से रुकेगी मिलावटखोरी ?



नरेंद्र भारती

कश्मीर सें कन्याकुमारी तक आजकल त्योहारों का सीजन जोरों पर है देश में नकली व मिलावटी मिठाईया बिक रही हैं और लाखों क्विंटल मिठाईयां बन रही है और बाजारों में पहुंच रही हैं। मिठाईयों की गुणवत्ता परखी जा रही है और बड़े पैमाने पर मिलावट भरी मिठाईयां जब्त की जा रही हैं।देश के हर राज्य में प्रतिदिन छापेमारी हो रही है समाचार पत्रों में प्रकाशित समाचारों के मुताबिक सहारनपुर दिल्ली हाईवे पर टीम ने 1100 किलों नकली पनीर पकड़ा गया जबकि मेरठ में 2500 किलों मिलावटी मावा जब्त किया गया।लखनउ में खाद्ध सुरक्षा एंव औषधी प्रशासन ने 5000 किलों नकली मिठाई जब्त की है। मिलावटखोरो कुछ तो रहम कीजिये मानव के स्वास्थय से खिलवाड़ मत कीजिये त्यौहारी सीजन दिवाली, भैया दूज, धनतेरस में मिलावटखोर मुनाफा कमाने के चक्कर में घटिया किस्म की मिठाईयां बेचने से बाज नहीं आ रहे हैं। उतर प्रदेश, दिल्ली, पंजाब , दिल्ली , हिमाचल , में नकली मिठाई पकड़ी जा रही है प्रतिदिन प्रशासन छापेमारी कर रहा है और मिलावट करने वालों पर शिकंजा कसा रहा है लेकिन यह मिलावट करने वाले सुधर नहीं रहे हैं । प्रतिदिन लोग पकड़े जा रहे हैं और नकली उत्पादों सें बनी नकली मिठाई नष्ट की जा रही है । मिठाईयों में रंग मिलाया जा रहा है । ऐसी जहर बनाने वाले उद्योगों पर कार्रवाई करनी चाहिए इनके लाइसेंस रद्द करने चाहिए । देश में जहरयुक्त मिठाई बेचीं जा रही है कैसी विडंबना है की मिलावट करने वाले किसी की जान लेने से भी नहीं डरते हैं और खुलेआम उल्लंघ्न कर रहे हैं । तैयोहारी सीजन में नकली दूध, पनीर , मावा से मिठाईयां बनाई जा रही हैं । मिलावट का यह धंधा खूब फ्लफुल रहा है। खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम 2006 में सजा व जुमार्ना दोनों का प्रावधान है । वही आई पी सी की धारा 272 एवं 273 के अंतर्गत पुलिस प्रशासन को सीधे कार्रवाई की छूट है । नकली दूध बेचा जा रहा है जिससे लाईलाज बीमारिया हो रही हैं लोग कैंसर से ग्रस्त हो रहे हैं । मिलावट करने वाले चंद चांदी के सिक्कों के लिए यमराज बन गए हैं स प्रतिवर्ष पता नहीं कितने लोग इन मिलावटखोरों की वजह से मारे जा रहे हैं ऐसे लोगों को सजा ए मौत देनी चाहिए जो लालच में मौत बाँट रहे हैं नकली दूध से नवजात बच्चे मारे जा रहे हैं । आखिर इंसान किस ओर जा रहा है जो इंसानों की जान ले रहा है ऐसे लोगों को फांसी की सजा देनी चाहिए ताकि फिर कोई ऐसा जुर्म न कर सके प्रशासन अगर सक्रिय रहे तो लोगो की जान बच सके यह बहुत ही घिनौना जुर्म है ऐसे लोगों को हवालातों में डाला जाये और उम्रकेद की सजा दी जाये काल कोठरी में डाला जाये ताकि तिल तिल मर सके और मौत की भीख मांगे और ताउम्र अपने कर्मो को भुगत सके खाद्य विभाग को जागरूकता शिविर लगाने चाहिए तथा समाज के लोगों को इन मिलावट करने वालों की मिठाई का बहिस्कार करना चाहिए सयह देश हित में है देश में हर वर्ष लाखों क्विटंल मिलावटी मिठाई पकड़ी जाती है जिसे खाद्य विभाग के अधिकारी नस्ट कर देते हैं। मिलावट के मुख्य सरगनाओं को सार्वजनिक स्थानो पर सजा देनी चाहिए खाद्य मंत्रालय को अपना अभियान पूरा वर्ष जारी रखना चाहिए ताकि इन पर शिकंजा कसा रहे और मिलावट का यह काला धंधा पूरी तरह खत्म हो सके।ताकि गैर कानूनी कारोबार करने वाले लोग बेनकाब हो सकें।खाद्य विभाग की सक्रियता से इन मिलावटखोर माफिया के लोगों को पकडना होगा तभी इस पर पूर्ण रोक लग सकती हैं। समाज के लोगों को भी इस अभियान में सहयोग करना होगा ताकि इन मिलावट के माफियों का साम्राज्य खत्म किया जा सके ।अभी समय है फिर पछतानें कि सिवाय कुछ नहीं होगा।मिलावट माफिया का सफाया करना होगा ताकि विश्व गुरु की साख पर दाग न लग सके।देश में फैलते मिलावट माफिया के



लोगों के इस जाल को काटना समय की पुकार है यदि लोगों ने कोई कदम न उठाए तो भारत में मिलावटखोर माफियाओं की जडें इतनी फैल जाएगी कि इन्हे काटना बेहद मुशिकल हो जाएगा। अगर अब भी लापरवाही बरती तो यह कारोबार निर्बाध चलता रहेगा ।मिलावट करने वालों नागों का फन कुचलना होगा। ऐसे आपरेशन होते रहने चाहिए मिलावखोरों पर सर्जिकल स्ट्राइक की जानी चाहिए तभी इस पर पूर्ण रोक लग सकती है ।

(वरिष्ठ पत्रकार)

(यह लेखक के व्यक्तिगत विचार हैं इससे संपादक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है)

## मौकापरस्त अमेरिका के दबाव में नही आ रहा है भारत



कांतिलाल मांडोत

अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने दावा किया है कि भारत अब रूस से तेल नही खरीदेगा।गुरुवार को वाइट हाउस में पत्रकार परिषद को सम्बोधित करते हुए कहा कि मोदी मेरे अच्छे दोस्त है।भारत के रूस से तेल खरीदने में मुझे खुशी नही थी।मोदी ने मुझे भरोसा दिया है कि भारत रूस से तेल नही खरीदेगा।लेकिन भारत के विदेश मंत्रालय ने जवाब देते हुए कहा कि हमारी आयात नीति हितों के आधार पर है।भारतीय उपभक्ताओ के हितों की रक्षा करना हमारी निरन्तर प्राथमिकता रही है।भारत ने कहा कि मोदी की ट्रम्प के साथ ऐसी कोई बातचीत नही हुई है।उसी के साथ ट्रम्प का जुठ पकड़ा गया है।अमेरिका भारत को अपने मुट्ठी में करना चाहता है।भारत और अमेरिका अर्थक्रान्ति के साझा भविष्य है।देश आजाद होने के बाद अमेरिका से भारत के साथ अच्छे रिश्ते नही रहे।आजादी के बाद भारत के प्रथम प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू का झुकाव सोवियत संघ की तरफ था।इसकी वजह से भारत की मानसिकता अमेरिका विरोध की थी।भारत को वश में करने के लिए अमेरिका ने लगातार कोशिशें की।भारत के साथ साथ अमेरिका पाकिस्तान का भी हिमायती बना रहा।नेहरू के बाद भी देश मे वामपंथी विचारधारा के प्रभाव ने भारत और अमेरिका के सम्बन्धों में कभी इस तरह की गर्माहट महसूस नही होने दी,लेकिन अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने उनके पहले टर्म में भारत के साथ व्यापारिक रिश्ते मजबूत रखे थे।दरअसल, भारत की बढ़ती आर्थिक ताकत के बाद भारत को जलाने और भारत को कमजोर करने के लिए अमेरिका पाकिस्तान से द्विपक्षीय सम्बंध स्थापित करने लग गया।अमेरिका पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ के साथ मजबूत रिश्ते रखने लगा है।अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति जो बाइडन ने पाकिस्तान को कभी भी शह नही दी।नेहरू के बाद इंदिरा से लेकर कांग्रेस के सभी प्रधानमंत्री अमेरिका की हाहजूरी करने में कोई कसर नही छोड़ी।अमेरिका के तत्कालीन राष्ट्रपति जॉर्ज बुश ने भारत के प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह से न्यूयॉर्क में मुलाकात की तो दोनो नेताओ ने व्यक्तिगत स्तर पर तारतम्य स्थापित करने में जरा सी देरी नही की गई।मनमोहन सिंह और तत्कालीन राष्ट्रपति जॉर्ज बुश ने द्विपक्षीय बातचीत कर भारत और अमेरिका के सम्बन्धो को आगे बढ़ायाथा।गौरतलब है कि पहले से ही कांग्रेस का झुकाव सोवियत संघ की तरफ ज्यादा होने के कारण अमेरिका ने करीब 66 साल तक भारत को दरकिनार करता रहा।

उल्लेखनीय है कि ओबामा के दो टर्म के बाद अमेरिका और भारत के रिश्ते पटरी पर आने लगे थे।डोनाल्ड ट्रम्प को पहले ट्रम्प में यह समझ मे आया कि भारत के प्रति उसे अपने पारम्परिक नजरिया में बदलाव की जरूरत है।तत्कालीन अमेरिका के राष्ट्रपति ओबामा 26 जनवरी पर विशेष अतिथि के रूप में केंद्र सरकार के निमंत्रण पर परेड में शामिल हुए।उनको पहली बार परेड देखने का मौका मिला।भारत की सैन्य ताकत देखने का मौका मिला । ओबामा ने अंदाज लगा दिया कि मोदी के नेतृत्व में भारत शक्तिशाली देश के रूप में उभर चुका है।तब से अमेरिका भारत पर आफरीन है।लेकिन इस वर्ष भारत दुनिया की तीसरी इकोनॉमी की तरफ कदम बढ़ाते देख अमेरिका अलर्ट मोड़ में आ गया।क्योकि उसको यह आभास हो गया कि अमेरिका फर्स्ट की अवधारणा किसी अन्य देश का हिस्सा न बन जाए?तभी से भारत पर टैरिफ वार किया गया। 50 प्रतिश टैरिफ लगाने के लिए अमेरिका तैयार हो गया।बारबार जुठ का सहारा लेकर अमेरिका भारत को दबाना चाहता है।कारोबारी मानसिकता वाले डोनाल्ड ट्रम्प के दबाव में भारत कभी भी काम नही करेगा।भारत ने स्वावलंबी अभिगम अपनाकर अर्थक्रान्ति के साझा भविष्य को पटरी पर लाने के लिए आत्मनिर्भर भारत का नारा दिया है।दीपावली में स्वदेशी वस्तुओ को खरीदने के लिए मोदी ने आह्वान किया।लोग भारत मे निर्मित वस्तुओ का इस्तेमाल कर भारत को मजबूत बनाने का लक्ष्य हासिल कर रहे है।देश का धन देश मे रहेगा तो भारत जल्द तरक्की करेगा।युवाओ का देश भारत नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में चौतरफा परिवर्तन के दौर से गुजर रहा है।भारत की पहचान ऐशियाई ताकत के रूप में होने के बाद अमेरिका पचा नही पा रहा है।डोनाल्ड ट्रम्प की पहली बार जीत के लिए भरतवंशी भी ट्रम्प की जीत के हिमायती थे।ट्रम्प ने अवैध रूप से घुसपैठ करने वाले लोगो को हथकड़ी पहनाकर भारत भेजे गए,तब लोगो के मन मे यह विचार आया कि अमेरिका औ? भारत के बीच मजबूत रिश्ते होते हुए अमेरिका ऐसी हरकत क्यो कर रहा है? लोगो के जेहन में सवाल पैदा हो रहे थे।क्योकि भारत का विरोध करने का अमेरिका का पहला मौका था।डेमोक्रेटिक हो या रिपब्लिकन, सभी अमेरिकी राष्ट्रपति ने हमेशा भारत से ज्यादा पाकिस्तान को तरजीह देते रहे थे।लेकिन कांग्रेस ने कभी विरोध नही जताया।मोदीं प्रधानमंत्री बनने के बाद अमेरिका जिस पटरी पर चल रहा था उसमें बदलाव देखा गया।

नई आर्थिक विश्वव्यवस्था में अमेरिका सहित दुनिया के तमाम विकसित व विकाशशील देशो के साथ कदमताल करते हुए भारत विकसित राष्ट्र की तरफ आगे बढ़ रहा है।अमेरिका नही चाहता है कि भारत का नाम दुनिया मे बाला हो और अमेरिका फर्स्ट का तमगा किसी दूसरे देश के हाथों में चला जाए।भारत को कमजोर करने के लिए कई देश लगे हुए है।कांग्रेस तो भारत को बदनाम करने के लिए विदेशो में लोकतंत्र पर हमला करती है।उल्लेखनीय है कि भारतीय बाजार आज भी दुनिया को आकर्षित करने का दम रखता है।कभी भारत मिश्रित अर्थव्यवस्था वाला देश था।लेकिन मिश्रित अर्थव्यवस्था का तिलिस्म तो पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह के समय मे ही टूटने लगा था।बावजूद इसके मनमोहन सिंह देश की जनता को यह यकीन दिलाते रहे थे कि उदार आर्थिक नीतियां की दिशा में कदम बढ़ाते हुए ,गरीब और अमीरों के बीच संतुलन स्थापित करने की कोशिश कर रही है।अब भारत आर्थिक महाशक्ति के रूप में छलांग लगा चुका है।

तत्कालीन प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह ने अमेरिका और भारत के बीच सामरिक साझेदारी को पूरी तरह से गोपनीय रखा था।कूटनीति का तकाजा का हवाला देते हुए देश को जानकारीसाझा नही की गई।लेकिन भारत और अमेरिका के बीच किस तरह से खिचड़ी पकी थी।उसकी खबर पत्रकारों के साथ साझा करने में गोपनीयता बरती गई थी।उसका कारण पाकिस्तान था।इस तरह की मानसिकता कांग्रेस की रही है।भला कोई भी सरकार देश से कोई बात कैसी छुपा सकती है?

अब भारत की परिस्थितिया और भारत की मानसिकता दोनो बदल चुकी है।भारत ने महाशक्ति के रूप में ऊंची छलांग लगाई है।इस्लामिक आतंकवाद के खिलाफ भी अमेरिका और भारत दोनो देश एक दूसरे के करीब है।लेकिन उसके बावजूद पाकिस्तान के साथ रिश्ते रखने का मोह अमेरिका को छूटता नही है।अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप आतंकवाद के लिए अपने देश मे संजीदा है।पहले मुसलमानो के लिए अमेरिका में डाटा बेस बनाने की बात भी की थी।भारत की बढ़ती हुई ताकत को काबू करने के लिए एटमी हथियारों की होड़ कई वर्षों पहले शुरू हो गई थी।भारत अपना हित देखने के लिए कटिबद्ध है।बार बार भारत पर दबाव करने वाला अमेरिका दो वर्ष में भारत को सेल्यूट करेगा।आज तो मोदी के लिए ग्रेट शब्द इस्तेमाल किया गया है और कल भारत ग्रेट के नारों से दुनिया मे गूंज होगी।

## संक्षिप्त समाचार

### ब्रिटेन की संसद में उठा बांग्लादेश में हिंदुओं पर अत्याचार का मुद्दा

**लंदन, एजेंसी।** ब्रिटेन की संसद में बांग्लादेश में धार्मिक अल्पसंख्यकों, खासकर हिंदू समुदाय पर हो रहे अत्याचार और हिंसा का मुद्दा जोरशोर से उठाया गया। इस मामले में ब्रिटिश सरकार ने स्पष्ट रूप से कहा कि वह किसी भी तरह की नफरत या हिंसा की कड़ी निंदा करती है, जो किसी भी अल्पसंख्यक धार्मिक समुदाय के खिलाफ हो। यह मामला ब्रिटिश हिंदुओं की संसदीय समिति के अध्यक्ष और कंज़र्वेटिव पार्टी के सांसद बॉब ब्लैकमैन ने उठाया। उन्होंने हाल ही में प्रकाशित एक रिपोर्ट का हवाला दिया, जिसमें बताया गया कि बांग्लादेश में हिंदुओं को दिवाली से पहले प्रताड़ना, हिंसा और हत्या का सामना करना पड़ रहा है, उनके मंदिरों को तोड़ा जा रहा है और घरों को जला दिया जा रहा है। हाउस ऑफ कॉमन्स में सरकार की ओर से जवाब देते हुए सर एलन कैंपबेल, जो कि संसद में नेता हैं, ने कहा कि हम बांग्लादेश में मानवाधिकार और मानवीय स्थिति पर लगातार नज़र रखे हुए हैं और अंतरिम सरकार के साथ मिलकर वहां शांतिपूर्ण लोकतांत्रिक बदलाव में सहयोग कर रहे हैं। उन्होंने यह भी कहा कि ब्रिटेन धर्म की स्वतंत्रता की रक्षा के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है।

### प्रिंस एंड्रयू ने छोड़ा 'ड्यूक ऑफ यॉर्क' की उपाधि

**लंदन, एजेंसी।** ब्रिटेन के प्रिंस एंड्रयू ने शुक्रवार को घोषणा की कि वे अपनी शाही उपाधि 'ड्यूक ऑफ यॉर्क' छोड़ रहे हैं। यह फैसला उस समय आया है जब यौन अपराधी जेफ्री एप्सटीन के साथ उनकी पुरानी दोस्ती एक बार फिर सुर्खियों में आई है। किंग चार्ल्स तृतीय के छोटे भाई एंड्रयू ने बकिंघम पैलेस की ओर से जारी एक बयान में कहा कि मेरे खिलाफ जारी आरोप महामहिम राजा और शाही परिवार के कार्यों से ध्यान भटका रहे हैं, इसलिए मैंने यह कदम उठाने का निर्णय लिया है। गौरतलब है कि एंड्रयू पहले भी एप्सटीन से संबंधों को लेकर विवादों में घिर चुके हैं और 2022 में उन्हें सार्वजनिक भूमिकाओं से भी हटाया गया था।

### पाकिस्तान में आत्मघाती हमला नाकाम, चार आतंकियों को सुरक्षाबलों ने मार गिराया

**इस्लामाबाद, एजेंसी।** पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में शुक्रवार को सुरक्षा बलों ने एक आत्मघाती हमले की साजिश नाकाम कर दी। अधिकारियों के अनुसार, उत्तरी वजीरिस्तान जिले के मीर अली क्षेत्र में आतंकियों ने एक सैन्य कैंप को निशाना बनाने की कोशिश की। एक आत्मघाती हमलावर ने विस्फोटकों से भरी गाड़ी कैंप की दीवार से टकरा दी, जिससे जोरदार धमाका हुआ। इसके बाद तीन अन्य आतंकी कैंप में घुसने की कोशिश कर रहे थे, जिन्हें सुरक्षाबलों ने गोलीबारी में मार गिराया। इस पूरे ऑपरेशन में चारों आतंकी ढेर हो गए और सुरक्षाबलों को कोई नुकसान नहीं हुआ। इसी तरह की घटनाएं बाजौर और बन्नू जिलों में भी हुईं, जहां सुरक्षाबलों ने समय रहते विस्फोटकों से भरी गाड़ियों को निशाना बनाकर बड़ा आतंकी हमला टाल दिया। बन्नू में एक थ्री-व्हीलर मरीन पुलिस स्टेशन की ओर बढ़ रहा था, जिसे पुलिस ने समय रहते उड़ा दिया। अधिकारियों के मुताबिक, बीते दो दिनों में पूरे क्षेत्र में की गई कार्रवाई में अब तक 88 आतंकियों को मारा गया है।

### ट्रंप ने सुप्रीम कोर्ट से मांगी शिकागो में गार्ड तैनाती

**वाशिंगटन, एजेंसी।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के प्रशासन ने शुक्रवार को सुप्रीम कोर्ट से अनुरोध किया कि शिकागो क्षेत्र में नेशनल गार्ड (सैनिक बल) को तैनात करने की अनुमति दी जाए। यह कदम डेमोक्रेटिक गवर्नरों के साथ बढ़ते टकराव के बीच उठाया गया है, जो अमेरिका में सैन्य बलों की तैनाती को लेकर ट्रंप का विरोध कर रहे हैं। इससे पहले एक संघीय न्यायाधीश ने कम से कम दो हफ्तों के लिए इलिनॉय और टेक्सास से आने वाले गार्ड सैनिकों की तैनाती पर रोक लगा दी थी। इसके बाद फेडरल अपील कोर्ट ने भी इस आदेश को पलटने से इनकार कर दिया।

### अफ्रीकी देश मोजाम्बिक के पास नाव पलटने से 3 भारतीयों की मौत, 5 लापता

**मापुटो , एजेंसी।** दक्षिण पूर्वी अफ्रीकी देश मोजाम्बिक के बेइरा पोर्ट के पास शुक्रवार को एक नाव के पलटने से 3 भारतीयों की मौत हो गई और पांच लोग लापता हो गए। भारतीय उच्चायोग के अनुसार, यह हादसा एक टैंकर के क्रू मेंबर्स को किनारे से जहाज तक ले जाने के दौरान हुआ। नाव में कुल 14 भारतीय नागरिक सवार थे। उच्चायोग ने अपने बयान में कहा- बेइरा पोर्ट के पास क्रू ट्रांसफर के दौरान एक नाव पलट गई, जिसमें 14 भारतीय नागरिक थे। कुछ भारतीयों को बचा लिया गया है, लेकिन कुछ की मौत हो गई और कुछ अभी भी लापता हैं।

# अफगानिस्तान पर पाकिस्तान की एयर स्ट्राइक, तीन क्रिकेटर्स समेत 10 लोगों की मौत और कई घायल

**काबुल, एजेंसी।** पाकिस्तान ने शुक्रवार देर रात अफगानिस्तान के अंदर हवाई हमले किए, जिसमें 10 लोगों की मौत हो गई और 12 अन्य घायल हैं। इन हमलों ने 48 घंटे के युद्धविराम को तोड़ दिया, जिसने सीमा पर लगभग एक सप्ताह की हिंसक झड़पों को शांत किया था। तालिबान अधिकारी ने बताया कि पाकिस्तान ने पक्तिका प्रांत में तीन जगहों पर बमबारी की है। अब अफगानिस्तान इसका जवाब देगा। प्रांतीय अस्पताल के अधिकारी ने बताया कि मृतकों में 2 बच्चे शामिल हैं।



अफगानिस्तान क्रिकेट बोर्ड ने बताया कि टूर्नामेंट के लिए मौजूद तीन खिलाड़ी भी हमलों में मारे गए। अब बोर्ड ने अगले महीने पाकिस्तान के साथ होने वाली त्रिकोणीय टी20आई सीरीज से हटने का फैसला किया। वहीं, पाकिस्तान के सीनियर सुरक्षा अधिकारी ने कहा कि ये सटीक हवाई हमले अफगान सीमा में हाफिज गुल बहादुर गुट को निशाना बनाकर किए गए, जो तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान से जुड़ा है। इस्लामाबाद ने दावा किया कि यह समूह उत्तरी वजीरिस्तान में सैन्य शिविर पर आत्मघाती हमले और गोलीबारी में शामिल था, जिसमें 7 पाकिस्तानी अर्धसैनिक सैनिक मारे गए थे।

**पाकिस्तान-अफगानिस्तान में क्यों बढ़ा तनाव :** पाकिस्तान और अफगानिस्तान के बीच तनाव का मुख्य कारण सुरक्षा मुद्दे हैं। इस्लामाबाद का आरोप है कि अफगानिस्तान अपनी जमीन पर टीटीपी जैसे उग्रवादी समूहों को पनाह देता है, जिसे काबुल ने खारिज किया है। शनिवार से सीमा पर हिंसा तेजी से बढ़ी थी, जब काबुल में विस्फोट हुए उस समय जब तालिबान के विदेश मंत्री भारत की यात्रा पर थे। तालिबान ने इसके बाद पाकिस्तान के साथ दक्षिणी सीमा पर आक्रामक कार्रवाई शुरू की, जिसके जवाब में इस्लामाबाद ने कड़ा रुख अपनाने की बात कही। पाकिस्तान के रक्षा मंत्री ख्वाजा मुहम्मद आसिफ ने काबुल पर भारत का प्रॉक्सी बनने और पाकिस्तान के खिलाफ साजिश रचने का आरोप लगाया।

**क्रिकेट मैच खेलकर लौट रहे खिलाड़ियों पर हमला हुआ :** एसीबी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक बयान जारी कर बताया कि यह हमला पक्तिका प्रांत की राजधानी शराना में एक फ्रेंडली क्रिकेट मैच खेलकर लौट रहे खिलाड़ियों कबीर, सिब्घतुल्लाह और हारून पर हुआ।ष्ठक्कने हमले के बारे में कोई और जानकारी नहीं दी। अफगानिस्तान ने पाकिस्तान में होने वाली टी-20 सीरीज नाम वापस लिया हमले के बाद अफगानिस्तान क्रिकेट बोर्ड (एसीबी) ने नवंबर में पाकिस्तान में होने वाली ट्राई टी-20 सीरीज से नाम वापस ले लिया। टीम को 17 और 23 नवंबर को पाकिस्तान के खिलाफ मुकाबले खेलने थे। यह पहली बार होता जब अफगानिस्तान, पाकिस्तान की सरजमीं पर उसके खिलाफ खेलता। हालांकि, इससे पहले अफगानिस्तान ने 2023 एशिया कप और इस साल की चैंपियंस ट्रॉफी के मैच पाकिस्तान में खेले थे, लेकिन तब उसका मेजबान टीम पाकिस्तान से मुकाबला नहीं हुआ था। पाकिस्तानी हमले से काबुल में स्कूल-घरों को नुकसान तालिबान ने आरोप लगाया कि पाकिस्तान ने बुधवार को काबुल पर दो ड्रोन हमले किए। काबुल पुलिस के प्रवक्ता खालिद जाद्रान के मुताबिक, ड्रोन ने एक घर और बाजार को निशाना बनाया। इन हमलों में कम से कम 5 लोगों की मौत हुई और दर्जनों घायल हैं। हमले में पास का एक स्कूल भी प्रभावित हुआ। इस स्कूल में 500 से ज्यादा बच्चे पढ़ते हैं और करीब 50 क्लासरूम हैं। हमले के समय छात्र घर जा चुके थे। स्कूल के अधिकारी मोहम्मद सादिक ने कहा, आज जब बच्चे और उनके परिवार लौटे और स्कूल की हालत देखी, तो कई की आंखों में आंसू थे। यह एक शैक्षणिक स्थान है, कोई सैन्य ठिकाना नहीं। इस स्कूल का क्या कसूर था। पाकिस्तानी हमले से अफगानिस्तान में अब तक 37 मौतें यूएन के मुताबिक पाकिस्तानी हमलों में इस हफ्ते अफगानिस्तान के 6 प्रांतों में 37 नागरिक मारे गए और 425 घायल हुए। जबकि पाकिस्तान का कहना है कि उसने आतंकी ठिकानों पर कार्रवाई की। पाकिस्तानी रक्षामंत्री बोले-तालिबान के फैसले दिल्ली से हो रहे इसके बाद गुरुवार को पाकिस्तान के रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ ने बयानबाजी तेज कर दी। उन्होंने भारत पर आरोप लगाते हुए कहा कि तालिबान के फैसले दिल्ली से लिए जा रहे हैं।

## राष्ट्रपति ट्रंप ने रिपब्लिकन पार्टी के पूर्व सांसद की सजा माफ की, धोखाधड़ी के लिए हुई थी सात साल की जेल

**न्यूयॉर्क, एजेंसी।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने शुक्रवार को रिपब्लिकन पार्टी के पूर्व सांसद जॉर्ज सेंटोस की सजा माफ की। सेंटोस पर धोखाधड़ी और लोगों की पहचान चुराने के आरोप लगे थे, जिसके चलते उन्हें सात साल से अधिक की जेल हुई थी। सेंटोस ने पिछले साल कबूल किया था कि उन्होंने दान देने वालों (डोनर) को धोखा दिया और अपने चुनावी अभियान के लिए 11 लोगों की पहचान चुराई थी, जिसमें उनके परिवार के लोग भी शामिल थे। सेंटोस को जुलाई में न्यू जर्सी की एक कम क्षमता वाली जेल में भेजा गया था, जहां करीब पचास कैदी रहते थे। राष्ट्रपति ट्रंप ने सोशल मीडिया पर बताया कि सेंटोस को तत्काल रिहा किया जाएगा। उन्होंने सेंटोस को शुभकामनाएं भी दीं। वहीं, सेंटोस के वकील ने कहा कि पूर्व सांसद का परिवार जेल पहुंच रहा है और उन्होंने उनकी रिहाई के लिए राष्ट्रपति की कार्रवाई की सराहना की है। जेल प्रशासन की ओर से अभी कोई प्रतिक्रिया नहीं आई है। सेंटोस ने जेल में रहते हुए स्थानीय अखबार में जेल की स्थिति पर नियमित रिपोर्ट लिखी। हाल ही में उन्होंने ट्रंप से सीधे अपील की कि उन्हें परिवार और समुदाय के पास लौटने का मौका दिया जाए। ट्रंप की ओर से कई रिपब्लिकन नेताओं की सजा पहले माफ की चुकी है। मई में उन्होंने पूर्व सांसद माइकल ग्रिम को भी माफ किया था, जो अपने रेस्तरां में



वेतन और आमदनी के गलत तरीके के लिए दोषी पाए गए थे। लेकिन सेंटोस का मामला अपनी पार्टी के भीतर विवादास्पद रहा है। वह 2022 में सार्वजनिक तौर पर ट्रांसजेंडर रिपब्लिकन सांसद बने। लेकिन जल्द ही उनके जीवन की झूठी कहानी सामने आ गई। उन्होंने दावा किया था कि वह एक सफल व्यवसाय सलाहकार हैं। मगर बाद में पता चला कि उन्होंने कॉलेज की पढ़ाई पूरी नहीं की और न ही उन्होंने कथित प्रतिष्ठित कंपनियों में काम किया था। वह यहूदी भी नहीं थे, जैसा उन्होंने बताया था। वास्तव में सेंटोस आर्थिक रूस से तंगी में थे और उन्हें बेघर होने का खतरा था। 2023 में उन पर दाताओं से चोरी, बेरोजगारों से धोखाधड़ी और कांग्रेस (संसद) में झूठ बोलने के आरोप लगे। कुछ ही महीनों में उन्हें प्रतिनिधि सभा से निकाल दिया गया और वह इतिहास के छठे सांसद बने जिन्हें सदस्यों ने हटाया। सेंटोस ने मुकदमे से पहले ही अपना गुनाह कबूल किया। पूर्व सहयोगी सांसद मार्जोरी टेलर ग्रीन ने उनके लिए सजा माफी की अपील की थी।

## रेड क्रॉस को सौंपा गया इस्राइली बंधक ताबूत, नेतन्याहू के कार्यालय ने की पुष्टि

**येरूशलम, एजेंसी।** इस्राइल को शुक्रवार को एक और बंधक का शव सौंपा गया है। इस्राइली प्रधानमंत्री कार्यालय ने बताया कि हमास ने यह शव रेड क्रॉस के जरिये सौंपा गया। शव सौंपकर हमास युद्ध को खत्म करने के लिए जारी संघर्षविराम को बनाए रखने की कोशिश कर रहा है। बाद में रेड क्रॉस ने यह शव इस्राइली सेना और सुरक्षा एजेंसियों को सौंप दिया। शव को इस्राइल के राष्ट्रीय फोरेंसिक चिकित्सा केंद्र को भेजा गया, जहां से इसकी पहचान की प्रक्रिया पूरी होगी। इसके बाद ही परिजनों की इसकी सूचना दी जाएगी। हमास की तरफ से शव की पुष्टि हमास के लड़ाकू संगठन कसम ब्रिगेड ने कहा कि यह शव एक कब्जे में लिए गए कैदी का है। इसका मतलब है कि यह शव किसी इस्राइली नागरिक का है, न कि किसी अन्य देश के बंधक का। संघर्षविराम समझौते के तहत शवों की वापसी जरूरी है। इसके अलावा, सहायता सामग्री की आपूर्ति, सीमा खोलना और गाजा के पुनर्निर्माण जैसे मुद्दे भी इस समझौते का हिस्सा हैं। ट्रंप की चेतावनी



और शवों की खोज हमास का कहना है कि वह संघर्षविराम के नियमों का पालन कर रहा है और शवों को लौटाने की कोशिश कर रहा है। इस हफ्ते हमास ने इस्राइल को नौ बंधकों के शव सौंपे हैं। एक अतिरिक्त शव भी दिया गया, जिसे इस्राइल ने कहा कि वह बंधक का नहीं था।

इस्राइली सेना और सुरक्षा एजेंसियों ने कहा कि हमास को समझौते के तहत सभी शव लौटाने होंगे। उधर, अमेरिका के राष्ट्रपति ट्रंप ने चेतावनी दी थी कि अगर हमास सभी शव नहीं लौटाता तो वह इस्राइल को युद्ध फिर से शुरू करने की अनुमति देगा।

## ट्रंप बोले- मुझे नोबेल पुरस्कार की नहीं, जिंदगियां बचाने की परवाह

**वॉशिंगटन, एजेंसी।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने शुक्रवार को एक बार फिर दावा किया कि उन्होंने अब तक आठ संघर्षों को सुलझा लिया है और अब वह अफगानिस्तान व पाकिस्तान के बीच जारी संघर्ष को भी आसानी से हल कर सकते हैं। पत्रकारों से बातचीत में उन्होंने कहा कि यह उनके लिए आसान मामला है।

ट्रंप का यह बयान उस समयआया है, जब अफगानिस्तान व पाकिस्तान के बीच सीमा पर तनाव बढ़ा हुआ है। अफगान तालिबान के अधिकारियों ने शुक्रवार देर रात दावा किया कि पाकिस्तान ने संघर्षविराम का उल्लंघन करते हुए फिर से हमला किया है।

अमेरिकी राष्ट्रपति ने पत्रकारों से बातचीत के दौरान मई में भारत और पाकिस्तान के बीच सैन्य संघर्ष खत्म करने का दावा दोहराया। इसके बाद वह अफगानिस्तान-पाकिस्तान के मुद्दे की तरफ आगे बढ़े। उन्होंने कहा, मुझे लगता है कि पाकिस्तान ने हमला किया या अफगानिस्तान के साथ हमले जारी हैं। अगर मुझे इसे हल करना पड़ा तो यह मेरे लिए एक आसान मामला है।

उन्होंने एक बार फिर दावा किया कि उन्होंने कई संघर्ष सुलझा लिए हैं, जिसमें भारत-पाकिस्तान के बीच युद्धविराम भी शामिल है। हालांकि भारत ने उनके इस दावे को कई बार सिरे से खारिज किया है। ट्रंप ने यह भी कहा कि इतने सारे संघर्षों को सुलझाने के बावजूद उन्हें नोबेल पुरस्कार नहीं मिला। उन्होंने कहा, यह (नोबेल पुरस्कार) किसी और को मिल गया। वह एक बहुत अच्छी महिला हैं। मैं उन्हें नहीं जानता लेकिन वह उदार हैं। मुझे इन चीजों की परवाह नहीं है। मुझे केवल जिंदगियां बचाने की परवाह है। ट्रंप नोबेल शांति पुरस्कार विजेता वेनेजुएला की विपक्षी नेता मारिया कोरिना मचाडो की बात कर रहे थे। पाकिस्तान और अफगानिस्तान के बीच हाल ही में सीमा पर खूनी झड़पें हुईं, जिसके बाद दोनों देशों ने 48 घंटे के संघर्षविराम पर सहमति जताई थी। दोनों देशों ने इसके लिए एक-दूसरे की जिद को जिम्मेदार ठहराया। हालांकि, अफगानिस्तान के अधिकारियों ने शुक्रवार रात कहा कि पाकिस्तान ने संघर्षविराम को तोड़ते हुए अफगानिस्तान के अंदर हवाई हमले किए, जिनमें दस लोग मारे गए। तालिबान के एक वरिष्ठ अधिकारी ने समाचार एजेंसी एएफपी को बताया, पाकिस्तान ने संघर्षविराम को तोड़ते हुए पक्तिका प्रांत में तीन जगहों पर बमबारी की है। अफगानिस्तान इसका जवाब देगा। इन हमलों में अफगानिस्तान में के तीन स्थानीय क्रिकेट खिलाड़ियों की भी मौत हो गई, जिसकी पुष्टि अफगानिस्तान के क्रिकेट बोर्ड ने की है। ये खिलाड़ी पक्तिका प्रांत के उरगुन जिले के रहने वाले थे। क्रिकेट बोर्ड ने हमले को कायरतापूर्ण बताया। इससे पहले इस हफ्ते तालिबान सरकार ने दावा किया था कि उन्होंने पाकिस्तान की 25 चौकियां कब्जे में ली हैं, जिसमें 58 पाकिस्तानी सैनिक मारे गए हैं और 30 घायल हुए हैं। इस पूरे घटनाक्रम की शुरुआत काबुल के अब्दुल हक चौक पर हुए विस्फोट से हुई थी। उस समय तालिबान के विदेश मंत्री आमिर खान मुत्ताकी भारत दौरे पर थे। अफगान अधिकारियों ने इस धमाके लिए पाकिस्तान को जिम्मेदार ठहराया। लेकिन पाकिस्तान ने इसमें अपनी कोई भूमिका होने से इनकार किया। हिंसक झड़पों के बाद दोनों पक्षों ने युद्धविराम पर सहमति जताई।

## भारत की गोद में जा बैठा तालिबान, बौखलाया पाकिस्तान बोला- खत्म हो गए सारे रिश्ते

**इस्लामाबाद, एजेंसी।** अफगानिस्तान के साथ तनाव के बीच पाकिस्तानी रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ ने भी जहर उगल दिया है। उन्होंने कहा कि अब दोनों देशों के बीच पुराने संबंधों का युग समाप्त हो गया है। आसिफ ने शुक्रवार को कहा कि पाकिस्तान में रहने वाले अफगान नागरिक तुरंत अपने देश की ओर रवाना हो जाएं। उन्होंने कहा, अब उनकी अपनी सरकार है। हमारी धरती और संसाधन केवल 25 करोड़ पाकिस्तानियों के लिए हैं।

बता दें कि पाकिस्तान की एयरस्ट्राइक के बाद दोनों देशों में तनाव काफी बढ़ गया था। सीमा पर गोलीबारी में दोनों तरफ का नुकसान हुआ। इसके बाद बॉर्डर पर 48 घंटे का सीजफायर हो गया। शुक्रवार शाम को 6 बजे सीजफायर खत्म होने से पहले ही ऐलान हो गया कि इस अस्थायी युद्धविराम को दोहा में वार्ता खत्म होने तक बढ़ाया जाता है। इसके बाद भी पाकिस्तान ने अफगानिस्तान के पत्तिका प्रांत में एयरस्ट्राइक कर दी।

इसको लेकर तालिबानी अधिकारियों ने का कहा कि दोनों के बीच समझौता टूट गया है। ख्वाजा आसिफ ने कहा कि पाकिस्तान की तरफ से अफगानिस्तान को 836 प्रोटेस्ट नोट भेजे गए हैं। इसके अलावा उससे 13 मांगें रखी गई हैं। यह सभी सीमा पार आतंकवाद से संबंधित हैं। उन्होंने कहा, अब कोई भी प्रतिनिधिमंडल काबुल नहीं जाएगा। अब कोई प्रोटेस्ट नोट और शांति की अपील नहीं की जाएगी। उन्होंने कहा, आतंक जहां भी पल रहा है, उसे उसकी कीमत चुकानी पड़ेगी।

**भारत का भी लिया नाम :** आसिफ ने बीच में भारत को भी घसीटते हुए कहा कि तालिबान सरकार भारत की तरफ से काम कर रही है और पाकिस्तान के खिलाफ साजिश रच रही है। उन्होंने कहा, काबुल के शासक आज भारत की गोद में जा बैठे हैं। वे कभी हमारी हिफाजत में रहते थे। ख्वाजा आसिफ ने कहा कि अगर सीमा पर अफगानिस्तान कोई भी उकसावे की गतिविधि करता है तो उसका मुंहतोड़ जवाब दिया जाएगा। बता दें कि पाकिस्तान ने काबुल पर उस समय एयरस्ट्राइक की थी जब अफगान विदेश मंत्री भारत की यात्रा पर थे। इससे साफ जाहिर होता है कि वह आतंकी घटनाओं से ज्यादा भारत और अफगानिस्तान की बढ़ती करीबी से परेशान है।

## जहां हैं, वहीं रुक जाएं और युद्ध खत्म करें.., जेलेंस्की के साथ बैठक के बाद यूक्रेन और रूस से बोले ट्रंप



**वॉशिंगटन, एजेंसी।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने शुक्रवार को व्हाइट हाउस में यूक्रेनी समकक्ष वोलोदिमिर जेलेंस्की से लंबी बैठक के बाद कीव और मॉस्को से कहा कि जहां हैं, वहीं रुक जाएं और अपने क्रूर युद्ध को समाप्त करें। पिछले नौ महीनों में इस युद्ध को लेकर ट्रंप की नाराजगी कई बार सामने आ चुकी है, जब से वह दोबारा राष्ट्रपति बने हैं। लेकिन इस बार उन्होंने संकेत दिया कि यक्रेन को वह इलाका छोड़ देना चाहिए जो रूस ने कब्जे में ले लिया है।

ट्रंप ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ट्रूथ सोशल पर लिखा, काफी खून बह चुका है। अब जमीन की सीमाएं युद्ध और साहस से तय हो रही हैं। अब उन्हें वहीं रुक जाना चाहिए। दोनों ही पक्ष खुद को विजेता मानें और ऐतिहासिक फैसला करें। बाद में जब ट्रंप फ्लोरिडा पहुंचे (जहां वह साप्ताहांत बिता रहे हैं), तो उन्होंने दोनों देशों से तत्काल युद्ध बंद करने की अपील की और संकेत दिया कि रूस वही जमीन अपने पास रख सकता है, जो उसने यूक्रेन से ले ली है। ट्रंप ने पत्रकारों से कहा, आप जंग के मोर्चे की जो स्थिति है, उसी को मानें। वरना मामला बहुत जटिल हो जाएगा। उसी मोर्चे पर रुकें और दोनों पक्ष घर जाएं, अपने परिवारों के पास लौटें, हत्या बंद करें। बस वही होना चाहिए। ट्रंप का रवैया समय के साथ बदलता रहा है। पहले वह यूक्रेन को जमीन छोड़ने की सलाह दे रहे थे। लेकिन हाल के हफ्तों में उन्होंने रूस के राष्ट्रपति पुतिन के प्रति नाराजगी जताई और यूक्रेन की ज्यादा मदद करने की बात करने लगे थे। इसका मतलब है कि ट्रंप की सोच स्थिर नहीं रही। कभी वो यूक्रेन को समर्थन देने की बात करते हैं, तो कभी उसे समझौता करने के लिए कहते हैं। पिछले महीने न्यूयॉर्क में संयुक्त राष्ट्र महासभा की बैठक के दौरान जेलेंस्की से मुलाकात के बाद ट्रंप ने यहां तक कहा था कि उन्हें लगता है यूक्रेन वो सभी इलाके वापस ले सकता है जो उसने फरवरी 2022 में रूस के हमले के बाद खो दिए। यह ट्रंप का एक बड़ा यू-टर्न था, क्योंकि इससे पहले वह कहते थे कि यूक्रेन को शांति के लिए जमीन छोड़नी होगी।

## बांग्लादेश: सांविधानिक सुधारों से युवा असंतुष्ट, संसद परिसर में किया बवाल, मुख्य गेट फांदकर घुसे प्रदर्शनकारी

**ढाका, एजेंसी।** राजनीतिक दलों ने शुक्रवार को लोकतांत्रिक सुधार सुनिश्चित करने वाले जुलाई चार्टर पर हस्ताक्षर कर दिए लेकिन युवाओं के भारी विरोध व नवगठित (नेशनल सिटिजन पार्टी-एनसीपी) के विरोध के कारण अंतरिम सरकार का जश्न फीका पड़ गया। हालात यह रहे कि जुलाई चार्टर के सांविधानिक प्रावधानों में अपनी मांगों की अनदेखी से नाराज युवा प्रदर्शनकारी मुख्य दरवाजे को फांदकर संसद भवन परिसर में दाखिल हो गए और जमकर बवाल काटा। इस दौरान सरकार विरोधी नारे भी लगे।

खुद को हसीना को सत्ता से बेदखल करने वाले प्रदर्शनकारी बताते हुए युवा शुक्रवार सुबह से ही संसद भवन के पास एकत्र होने लगे थे। वे इस बात पर नाराजगी जता रहे थे कि नए चार्टर में उनकी चिंताओं का समाधान नहीं किया गया है, जबकि हसीना के खिलाफ बड़े पैमाने पर हुए विद्रोह के दौरान उनके कई प्रियजनों की मौत हुई है। देखते ही देखते प्रदर्शन हिंसक हो गया। प्रदर्शनकारियों ने जब पीछे हटने से इन्कार किया तो पुलिस ने उनको तितर-बितर करने के लिए आंसू गैस के गोले छोड़े, लाठीचार्ज किया और तेज आवाज करने वाले ग्रेनेड का इस्तेमाल किया। इस बीच यूनुस ने संसद भवन के बाहर एकत्रित जनसमूह को बताया कि जुलाई चार्टर में हस्ताक्षरों का अर्थ है कि एक नया बांग्लादेश आकार ले रहा है। उन्होंने कहा, हम बर्बरता से निकलकर एक सभ्य समाज में प्रवेश कर चुके हैं।

**सांविधानिक व कानूनी बदलावों का नया रोडमैप है जुलाई चार्टर :** जुलाई 2024 में शुरू हुए राष्ट्रीय विद्रोह के नाम पर रखा गया जुलाई राष्ट्रीय चार्टर सांविधानिक संशोधनों, कानूनी परिवर्तनों और नए कानूनों के लिए एक रोडमैप की रूपरेखा प्रस्तुत करता है। यूनुस सरकार द्वारा गठित एक राष्ट्रीय सहमति आयोग ने हसीना की



अवामी लीग पार्टी को छोड़कर, प्रमुख राजनीतिक दलों के साथ कई दौर की बातचीत के बाद चार्टर तैयार किया। पूर्व पीएम खालिदा जिया के नेतृत्व वाली बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी और आठ समान विचारधारा वाली पार्टियों ने कहा कि वे चार्टर पर हस्ताक्षर करेंगे जबकि एनसीपी ने इससे इन्कार कर दिया है। फरवरी में चुनावों पर अनिश्चितता यूनुस ने अगला राष्ट्रीय चुनाव फरवरी में कराने का वादा किया है, 17 करोड़ की आबादी वाले मुस्लिम बहुल देश में इस्लामी पवित्र महीना रमजान शुरू होने से पहले। लेकिन सवाल यह है कि क्या हसीना की पार्टी और उसके सहयोगियों के बिना यह चुनाव समावेशी होगा। देश की सबसे बड़ी इस्लामी पार्टी, जमात-ए-इस्लामी ने भी चार्टर पर हस्ताक्षर करने को लेकर अब तक कोई फैसला नहीं लिया है। पिछले अगस्त में भारी विरोध प्रदर्शनों के बाद सत्ता से बेदखल हुई हसीना भारत में निर्वासन में हैं और मानवता के विरुद्ध अपराधों के आरोपों में उनकी अनुपस्थिति में उन पर मुकदमा चल रहा है। संयुक्त राष्ट्र ने कहा है कि हफ्तों तक चले विद्रोह में करीब 1,400 लोग मारे गए हैं।

## जानकारी

# बादाम बनाए हड्डियां मजबूत और करे सिर दर्द दूर



याददाश्त कमजोर है, तो बादाम इसका अचूक इलाज है। बादाम की 10 गिरी रात को पानी में भिगो कर सुबह छिलका उतार कर बारीक करके 20 ग्राम मक्खन, 10 ग्राम मिसरी मिलाकर एक महीने तक खाएं। दिमाग की कमजोरी दूर हो जाएगी और आपकी याददाश्त अच्छी हो जाएगी। सिर दर्द होता है, तो बादाम का तेल आपको राहत दिला सकता है। इसके लिए नाक में एक बूंद बादाम का तेल डालें, जिसे बादाम रोगन भी कहते हैं। दूसरा उपाय यह भी है कि आप एक कप पानी में पांच बूंद बादाम का तेल मिलाकर पी जाएं।

**बादाम के कुछ दाने आपको कई बीमारियों से दूर रखने में तो खास भूमिका निभाते ही हैं, इसके साथ ही कई समस्याओं में दवा की तरह भी काम आते हैं।**

बच्चे को अकसर कुछ-कुछ होता रहता है, तो उसे हृष्ट-पुष्ट व निरोगी बनाने के लिए रोजाना एक से दो बादाम पत्थर पर घिसकर चटाएं। इससे हृदय रोगियों के लिए तो बादाम काफी फायदेमंद साबित होता है। इसमें ओमेगा 3 फैटी एसिड अधिक होता है। यह बुरे कोलेस्ट्रॉल को कम करता है व अच्छे कोलेस्ट्रॉल को बढ़ाता है। इस वजह से हृदय की नलियों में कम रुकावट होती है और इसके प्रयोग से दिल का दौरा होने की आशंका कम हो जाती है। इसके लिए बादाम की 5-6 गिरी रात में पानी में रख दें और सुबह छिलका उतारकर उन्हें ठीक से चबा-चबा कर खाएं।

बादाम के तेल में विटामिन डी प्रचुर मात्रा में होता है, जो बच्चों की हड्डियों के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। इसलिए इस तेल से अपने बच्चे की मालिश करें। अच्छा हो अगर एक चम्मच नारियल तेल में पांच बूंद बादाम का तेल मिलाकर इससे नियमित रूप से बच्चे की मालिश करें। जरूरत महसूस करें तो आयुर्वेद विशेषज्ञ से सलाह ले लें।






**हार्ट अटैक या दिल की बीमारियों से पहले आपकी त्वचा पर कुछ संकेत दिखाई देते हैं। इन संकेतों को पहचानकर अगर आप सही समय पर इलाज शुरू कर दें, तो हार्ट अटैक से बच सकते हैं। जानें हार्ट अटैक के पूर्व संकेत या पहले दिखने वाले लक्षण।**

क्या आपको पता है कि दुनिया भर में सबसे ज्यादा मौतों का कारण हार्ट अटैक है? आंकड़ों को देखें तो साल 2016 में हार्ट अटैक के कारण 17 करोड़ 65 लाख लोगों की मौत हुई थी। इसके बाद के सालों में हार्ट अटैक के मामले और भी कई गुना बढ़ गए हैं। क्या आपने सोचा है कि इतनी संख्या में लोग दिल की बीमारियों से क्यों मरते हैं? इसके 2 कारण हैं-

पहला यह कि लोगों आजकल लोगों का खानपान इतना खराब हो गया है कि ज्यादातर लोग कम उम्र में (25-30 साल) हाई ब्लड प्रेशर, कोलेस्ट्रॉल बढ़ने और मोटापे जैसे रोगों के शिकार हो जाते हैं। ये सभी रोग हार्ट अटैक के खतरे को काफी बढ़ा देते हैं।

दूसरा कारण यह है कि लोगों को हार्ट अटैक के पूर्व संकेतों के बारे में पता नहीं है, इसलिए वे सही समय पर सावधानी नहीं बरत पाते हैं। आमतौर पर लोग यही मानते हैं कि हार्ट अटैक का संकेत सीने में तेज दर्द होता है। मगर आपको जानकर हैरानी होगी कि हार्ट अटैक आने से कुछ दिनों पहले ही शरीर में कुछ संकेत दिखाई देते हैं, जिन पर हम ध्यान नहीं देते हैं। ये संकेत दिल की सेहत की गड़बड़ी के हो सकते हैं और इसका इशारा यह भी हो सकता है कि जल्द ही आपका दिल काम करना बंद कर सकता है यानी आपको हार्ट अटैक आ सकता है। इन लक्षणों को आपको जान लेना चाहिए, ताकि आप हार्ट अटैक, हार्ट फेल्योर जैसे गंभीर और जानलेवा रोगों से बच सकें।

### अचानक शरीर में छोटे-छोटे दाने उभरना

शरीर में अचानक छोटे-छोटे दाने चिकने लाल दाने उभरना इस बात का संकेत हो सकते हैं कि आपका दिल बीमार है। ये दाने शरीर में कोलेस्ट्रॉल के खतरनाक स्तर तक पहुंच जाने पर दिखाई देते हैं। इसलिए ये इस बात का भी संकेत हो सकते हैं कि व्यक्ति को हार्ट अटैक हो सकता है।

### आंखों के बगल में पीली-सफेद पपड़ी या वैक्स जैसी त्वचा

दोनों आंखों के बगल में कई बार व्यक्ति को सफेद-पीले रंग की पपड़ी जैसी त्वचा दिखने लगती है। ये इस बात का संकेत है कि आपके शरीर में कोलेस्ट्रॉल बढ़ रहा है। कुछ लोगों में ये त्वचा जमे हुए मोम जैसी नजर आती है। आंखों के अलावा ऐसी पपड़ी आपकी हथेलियों और पैरों के पीछे भी दिखाई दे सकते हैं। अगर आप इस संकेत के बाद भी कोलेस्ट्रॉल को कंट्रोल नहीं करते हैं, तो आपको हार्ट अटैक का खतरा हो सकता है।

### त्वचा पर नीले या बैंगनी निशान दिखना

अगर आपको शरीर के किसी हिस्से में त्वचा नीली या बैंगनी रंग की दिखे, तो सावधान हो जाएं, क्योंकि ये आपके अस्वस्थ दिल का संकेत है। ये लक्षण ज्यादातर पैरों और तलवों में नजर आते हैं। त्वचा पर नीले या बैंगनी निशान का मतलब है कि आपके शरीर में कहीं खून जम गया है या आपके उस अंग को पर्याप्त ऑक्सीजन नहीं मिल पा रही है। धमनियों में खून जमा हो जाने के कारण धमनियां ब्लॉक हो जाती हैं, जो हार्ट अटैक का कारण बन सकता है।

### उंगली के पोरों में सूजन और नाखून नीचे की तरफ उगना

अगर आपके उंगली के अगले हिस्से में सूजन आ जाए और नाखून नीचे की तरफ झुकने लगें, तो ये भी हार्ट अटैक का पूर्व संकेत हो सकता है। दरअसल नाखूनों में उंगली में ये लक्षण तब दिखाई देते हैं, जब व्यक्ति को हार्ट इंफेक्शन हो या दिल की कोई दूसरी बीमारी हो। कई बार फेफड़ों की समस्या में भी ऐसे लक्षण दिख सकते हैं। मगर ये सभी बीमारियां हार्ट अटैक का कारण बन सकती हैं।

### नाखूनों के नीचे नीले या बैंगनी निशान

अगर आपको अचानक अपने नाखूनों के नीचे नीले या बैंगनी रंग के निशान दिखाई देने लगें, तो सावधान हो जाएं। नाखूनों में नजर आने वाले ऐसे निशान दिल की बीमारी का संकेत हो सकते हैं। हालांकि ऐसे निशान चोट के कारण भी दिख सकते हैं, मगर यदि आपको किसी ऐसी चोट के बारे में याद नहीं है, तो तुरंत डॉक्टर से संपर्क करें।

### हाथ-पैर की उंगलियों में छोटे उभार जिसमें दर्द हो

अगर आपको अपने हाथ-पैर की उंगलियों में पिछले कुछ दिनों से किसी छोटी सी गोली जैसी सूजन नजर आ रही है और इनमें दर्द हो रहा है, तो ये भी दिल की बीमारी का संकेत हो सकता है। आमतौर पर ऐसे उभार तभी आते हैं जब आपको हार्ट इंफेक्शन हो, जिसे इंफेक्टिव एंडोकार्डाइटिस भी कहते हैं। ये उभार कुछ घंटों या कुछ दिनों में अपने आप ठीक हो जाते हैं। मगर इनके दिखने पर आपको सावधान हो जाना चाहिए और तुरंत डॉक्टर से संपर्क करना चाहिए।

## सुझाव

# मशरूम का उपयोग करे याद्दाश्त ठीक



पौष्टिक तत्वों और अनोखे स्वाद की वजह से मशरूम का भोजन में खूब इस्तेमाल किया जाता है। इसमें एंटीऑक्सिडेंट, एंटी बैक्टीरियल और एंटी वायरल तत्वों से भरपूर औषधीय गुण भी पाए जाते हैं। मशरूम को सुपरफूड माना गया है, क्योंकि इससे न केवल पोषक तत्व मिलते हैं, बल्कि यह कई बीमारियों से हमारा बचाव भी करता है। एंटीऑक्सिडेंट, एंटी बैक्टीरियल और एंटी वायरल तत्वों से भरपूर मशरूम के फायदों के बारे में जानना जरूरी है।

### इम्यूनिटी बढ़ाए

मशरूम में मौजूद सेलेनियम, पेनिसिलिन जैसे एंटीबायोटिक तत्व शरीर में माइक्रोबियल विकास और फंगल संक्रमण को बाधित करने में सहायक हैं और प्रतिरोधक क्षमता को बढ़ाने में मददगार हैं।

### कैंसर सेल्स को बढ़ने से रोके

मशरूम में मौजूद फोलेट्स कैंसर सेल्स बनने से रोकते हैं। इसमें मौजूद एंटीऑक्सिडेंट्स शरीर को फ्री रेडिकल से बचाते हैं, जो कैंसर का कारण बनते हैं। फोलेट्स डीएनए को बनाने और रिपेयर करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। मशरूम में पाया जाने वाला सेलेनियम तत्व लिवर को सुचारू रूप से काम करने में मदद करता है। यह शरीर को डीटॉक्सीफाई करने में मदद करता है, जिससे कई बीमारियों से बचाव होता है।

### दिल को रखे दुरुस्त

मशरूम में मौजूद फाइबर, पोटैशियम, विटामिन सी और सेलेनियम जैसे एंटीऑक्सिडेंट तत्व हमारे दिल की सेहत को प्रोत्साहित करते हैं। एंटीऑक्सिडेंट्स दिल को फ्री रेडिकल से बचाते हैं। शरीर में बुरे कोलेस्ट्रॉल (एलडीएल) और अच्छे कोलेस्ट्रॉल (एचडीएल) के बीच संतुलन कायम रखने में भी मदद करते हैं।

### ब्लड प्रेशर को करे नियमित

पोटैशियम और सोडियम से भरपूर मशरूम का नियमित सेवन ब्लड प्रेशर को नियमित करने में मदद करता है। यह शरीर में सामान्य तरल पदार्थों के बीच संतुलन कायम रखता है।

### ऑस्टियोपोरोसिस में दे आराम

धूप में रखा फ्रेश मशरूम विटामिन डी का अच्छा स्रोत होता है। मशरूम में मौजूद विटामिन डी, कैल्शियम और फॉस्फोरस हड्डियों के स्वास्थ्य में महत्वपूर्ण योगदान देते हैं और जोड़ों के दर्द, हड्डियों में घनत्व कम होने या हड्डियों के टूटने की आशंका को कम करते हैं।

### टाइप 2 डायबिटीज में फायदेमंद

फाइबर से भरपूर, लेकिन कम शर्करा वाले मशरूम का सेवन डायबिटीज रोगियों के लिए फायदेमंद है। लिवर, अग्नाशय और अंत:स्रावी ग्रंथियों के समुचित क्रियान्वयन में यह मदद करता है।

### याददाश्त करे दुरुस्त

इसमें मौजूद कोलीन तत्व मस्तिष्क में रक्त और ऑक्सीजन के प्रवाह को बनाए रखता है। इससे याददाश्त और लर्निंग पावर में सुधार होता है। कोलीन मेमरी के सेल मेम्ब्रेन की संरचना को मेंटेन रखता है।

इन बातों का ध्यान में रखकर एक स्वस्थ व्यक्ति नियमित रूप से 100 ग्राम मशरूम का सेवन आसानी से कर सकता है। मशरूम खरीदते समय ध्यान रखना चाहिए कि वे ताजे और सूखे हों। चिपचिपे या मुरझाए मशरूम बासी होते हैं। घर लाने के बाद इन्हें फ्रिज में एयरटाइट बॉक्स में रखें। जब इन्हें बनाना हो, तभी धोएं और काटें।

# टाईम पास

## आज का राशिफल

**मेष** (चू चे चो ला ली लू ले लो आ)
आमोद-प्रमोद का दिन होगा और व्यावसायिक प्रगति भी होगी। ज्ञान-विज्ञान की वृद्धि होगी और सज्जनों का साथ भी रहेगा। कुछ कार्य भी सिद्ध होंगे। अपना कार्य दूसरों के सहयोग से बना लेंगे। प्रतिष्ठा बढ़ाने वाले सामाजिक कार्य संपन्न होंगे। किसी अपने की सलाह उपयोगी सिद्ध होगी। शुभांक-2-3-6

**वृष** (इ उ ए ओ वा वी वू वे वो)
व्यर्थ के आडम्बरों से बचें। कार्यक्षेत्र में विवाद बढ़ेगे। परिवार में किसी का स्वास्थ्य खराब हो सकता है। मानसिक तनाव में बढ़ोतरी होगी। किसी का अभद्र व्यवहार खिन्नता व तनाव बढ़ायेगा। कार्यक्षेत्र में आगे बढ़ने में रुकावट का एहसास होगा। विरोधियों के सक्रिय होने की संभावना है। शुभांक-5-7९-9

**मिथुन** (का की कू घ ड छ के को हा)
आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्ध हो रहे हैं। नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे। सभा-गोष्ठियों में मान-सम्मान बढ़ेगा। धार्मिक आस्थाएं फलीभूत होंगी। सुख-आनंद कारक समय है। लाभदायक कार्यों की चेष्टाएं प्रबल होंगी। आय के अच्छे योग बनेंगे। संतान की उन्नति के योग है। शुभांक-2-5-7

**कर्क** (ही हू हे हो डा डी डू डे डो)
बुद्धितत्व की सक्रियता से अल्प लाभ का हर्ष होगा। कुछ महत्वपूर्ण कार्य बनाने के लिए भाग-दौड़ रहेगी। सुखद समय की अनुभूतियां प्रबल होगी। मनोविनोद बढ़ेंगे। व्ययाधिक्य का अवसर आ सकता है। शुभ कार्यों का लाभदायक परिणाम होगा। कामकाज की अधिकता रहेगी। संतान की उन्नति के योग है। शुभांक-2-6-8

**सिंह** (मा मी मू मे मो टा टी टू टे)
व्यर्थ की भाग-दौड़ से बचें। जरा-सी लापरवाही आपको परेशानी में डाल सकती है। मानसिक व्यथा व संतान के कारण परेशानी होगी। आवेश में आना आपके हित में नहीं होगा इसलिए व्यवहार व वाणी पर नियत्रंण रखे। पारिवारिक परेशानी बढ़ेगी। पुरानी गलती का पश्चाताप होगा। पारिवारिक विवाद टाले। शुभांक-1-3-4

**कन्या** (टो पा पी पू ष ण ठ पे पो)
पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे। जोखिम से दूर रहना ही बुद्धिमानी होगी। शुभ कार्यों की प्रवृत्ति बनेगी और शुभ समाचार भी मिलेंगे। किसी से कहा सुनी न हो यही ध्यान रहे। अपना कार्य दूसरों के सहयोग से बना लेंगे। लाभकारी गतिविधियों में सक्रियता रहेगी। शुभांक-4-5-7

**तुला** (रा री रु रे रो ता ती तू ते)
अपने संघर्ष में स्वयं को अकेला महसूस करेंगे। विशेष परिश्रम से ही अभिष्ट कार्य सिद्ध होंगे। व्यर्थ प्रपंच में समय नहीं गंवाकर अपने काम पर ध्यान दीजिए। बनते हुए कार्यों में बांधा आएगी। विरोधियों के सक्रिय होने की संभावना है। शुभ कार्यों में अड़चनें और परिवार के बुजुर्ग-जनों से मतभेद रहेगा। शुभांक-3-5-7

**वृश्चिक** (तो ना नी नू ने नो य यी यू)
आर्थिक उन्नति के मार्ग प्रशस्त होंगे। रोजगार में तरक्की मिलेगी। जमीन जायदाद का लाभ भी हो सकता है। आवास, मकान तथा वाहन की सुविधाएं मिलेंगी। कर्ज तथा रोगों से मुक्ति भी संभव है। शत्रुओं की पराजय होगी। कुछ आर्थिक चिंताएं भी कम होंगी। नियोजित धन से लाभ होने लगेगा। शुभांक-3-6-8

**धनु** (ये यो भा भी भू धा फा ढा भे)
उच्च मनोबल रखकर कार्य करें, सफल होगे। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। शुभांक-2-4-6

**मकर** (भे जा जी खी खू खे खो गा गी)
आत्मीय जनों से मिलन होगा। यात्रा का दूरगामी परिणाम मिल जाएगा। कामकाज में आ रही बाधा को दूर कर लेंगे। सुविधा और समन्वय बना रहने से कामकाज में प्रगति बनेगी। लाभदायक कार्यों की चेष्टाएं प्रबल होंगी। बुद्धितत्व की सक्रियता से अल्प लाभ का हर्ष होगा। शुभांक-6-7-9

**कुंभ** (गू गे गो सा सी सू से सो दा)
घर-परिवार में प्रसन्नता व सहयोग का वातावरण बनेगा। रुका हुआ लाभ आज प्राप्त हो सकता है। मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी। व्ययाधिक्य का अवसर आ सकता है। कामकाज की अधिकता रहेगी। लाभ भी होगा और पुराने मित्रों का समागम भी। मेहमानों का आगमन होगा। शुभांक-2-4-5

**मीन** (दी दू थ झ ञ दे दो चा ची)
शांतिपूर्वक नित्य कार्य करे। संतान की प्रगति से संतोष होगा। व्यर्थ की भाग-दौड़ में समय व्यतीत होगा। श्रम अधिक करना पड़ सकता है। वरिष्ठजनों से मतभेद उभर सकते है। समय नकारात्मक परिणाम देने वाला बन रहा है। पारिवारिक तनाव, अलगाव का सामना करना पड़ सकता है। शुभांक-1-3-5

## काकुरो पहेली - 2632



खाली वर्गों में 1 से 9 तक के अंक लिखकर नीचे से ऊपर व दाएं से बाएं की जोड़ हल्के रंग के आधे वर्ग की संख्या से मेल खानी चाहिए. किसी भी अंक का उस जोड़ में पुनः उपयोग नहीं किया जा सकता.

उदाहरणत:



1+2+3+4+5+6=21
1+2+3+4+5+7=22
3+5+6+7+8+9=38
4+5+6+7+8+9=39

### काकुरो - 2631 का हल



## हंसी के फूव्वारें

एक महिला दूसरी महिला से बोली-'मेरे पति की याददाश्त बहुत कमजोर है.'

'वह कैसे ?'

'एक बार मैं चाट खाने गई तो देखा कि पतिदेव वहां पहले से ही जमे हुए हैं. मैंने जब उनका ध्यान अपनी ओर दिलाया तो बोले-'बहन जी! आपको पहले भी कहीं देखा है. पर कहां, यह ठीक से याद नहीं पड़ रहा.'

'बस ?' दूसरी महिला हंसती हुई बोली-'मेरे पति की याददाश्त तुम्हारे पति से भी ज्यादा कमजोर है.'

'तुम भी सुनाओ !'

'एक बार मैं उनके साथ फिल्म देखने गई. फिल्म देखने के बाद वे मुझे एक ओर खड़ा करके स्कूटर लेने चले गये. जब उन्हें गये काफी देर हो गई तो मैं अकेली ही घर पहुंच गई. मेरे दरवाजा खटखटाने पर दरवाजा उन्होंने खोला तो जानती हो बहन उन्होंने क्या पूछा ?'

'क्या पूछा ?'

'यही कि इतनी रात गये मैं कहां से आ रही हूं.'

□ □ □

एक दोस्त ने दूसरे से कहा-'यार! यह सुरेश भी साला अजीब इन्सान है. जब देखो कड़की में ही मिलता है.'

'क्यों ? क्या वह तुमसे पैसे मांगने आया था ?' मित्र ने पूछा.

'नहीं ! लेकिन मैं जब कभी भी उससे पैसे मांगने जाता हूँ, वह एक ही जवाब देता है-'मेरे पास पैसे नहीं हैं'.'

## फिल्म वर्ग पहेली - 2632



**बायें से दायें:-**

१. अमिताभ, अक्षय, करिश्मा की 'दिल लगाने की' गीत वाली फिल्म-२,२
३. 'आते आते तेरी' गीत वाली संजयदत्त, अनिताराज की फिल्म-२,१,२
६. दिलीपकुमार, निम्मी की 'आग लगी तन मन में' गीत वाली फिल्म-२
७. 'धक धक करने लगा' गीत वाली अनिलकपूर, माधुरी की फिल्म-२
९. 'कमसिन कली हूँ' गीतवाली फिल्म-२
१०. मनोज वाजपेयी, उर्मिला की रामगोपाल वर्मा निर्देशित फिल्म-२
११. राजेश खन्ना, शबाना की 'दिन महीने साल' गीत वाली फिल्म-४
१३. 'उगंली में अंगूठी' गीत वाली जीतेंद्र, जयाप्रदा की फिल्म-१
१४. गोविंदा, रवीना की 'तेरे प्यार ने ये क्या' गीत वाली फिल्म-३
१७. 'दोस्तों तुम सबको' गीतवाली अनिल, जैकी, टीना, हेमा की फिल्म-२
१८. नायक सुनीलदत्त वाली फिल्म 'मिलन' की नायिका कौन थी-३
२०. 'सनी' में अमुता सिंह का नायक-२
२२. अशोक, मधुबाला की 'मुश्किल है बहुत मुश्किल' गीत वाली फिल्म-३
२३. 'तुन्ना तुन्ना तक तक तुन्ना' गीत वाली संजयदत्त, अनिताराज की फिल्म-३
२४. सुनील शेट्टी, रवीना टंडन की 'बप्पा मोरिया' गीत वाली फिल्म-४
२६. 'ऐ दिल कहाँ तेरी मंजिल' गीतवाली देव आनंद, माला की फिल्म-२
२९. दीनो मोरिया, बिपाशा बसु की 'तुम अगर सामने' गीत वाली फिल्म-२
३१. 'गोरी के हाथ में' गीत वाली फिरोज खान, संजय, मुमताज की फिल्म-२
३२. ऋषिकपूर, शाहरूख, दिव्या की 'तेरी उम्मीद तेरा' गीत वाली फिल्म-३
३३. 'मेरा कँगना झाँझर चूड़ी' गीत वाली सुनील शेट्टी, रंभा की फिल्म-२

**ऊपर से नीचे:-**

१. जीतेंद्र, रेखा की 'मैं ने कह दी तूने सुन ली' गीत वाली फिल्म-२,३
२. 'दिलबर दिलबर' गीत वाली अनिल कपूर, शिल्पा, करिश्मा की फिल्म-२
३. 'सच कहते हैं हम' गीत वाली अक्षय कुमार, करिश्मा की फिल्म-४
४. 'तेरा जादू चल गया' में अभिषेक के साथ नायिका कौन थी-२
५. 'सुन सजना तेरे' गीत वाली मिथुन, जयाप्रदा, ममता कुलकर्णी की फिल्म-५
८. सलमान खान, रेवती की 'साथिया तूने क्या किया' गीत वाली फिल्म-२
११. फिल्म 'कालीचरण' में 'लॉयन' के नाम से कौन प्रसिद्ध हुआ-३
१२. 'इस टूट दिल की पीर' गीतवाली फिल्म-२
१५. जैकी श्रॉफ, रति की 'जितना कभी किसी ने' गीत वाली फिल्म-२
१६. फिल्म 'प्यार दिवाना होता है' में गोविंदा के साथ नायिका -२
१७. मिथुन, संगीता बिजलानी की 'नाले नाले मैं चली' गीत वाली फिल्म-४
१९. 'ओ गुड़िया ओ बहना' गीत वाली संजयदत्त, फरहा की फिल्म-३
२०. फिल्म 'निकाह' की नायिका कौन थी-३
२१. १९४२ ए लव स्टोरी' के गीत 'क्यों नये लग रहे हैं' की गायिका कौन?-३
२५. फिल्म 'अमर प्रेम' में नायिका कौन थी-३
२७. 'छू कर मेरे मन को' गीत वाली फिल्म-३
२८. धर्मेन्द्र, सायरा 'आज की रात नया चाँद' गीत वाली फिल्म-२
३०. संजय खान, डैनी, जीनत की 'उलझन सुलझे ना' गीत वाली फिल्म-२

### फिल्म वर्ग पहेली - 2631



## सूडोकु -2632

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 2 | | | | 1 | | |
| | | | | 2 | 5 | 7 | 3 | |
| | 9 | 4 | | 6 | 7 | | | 2 |
| | 5 | | 4 | | 3 | | | 9 |
| | 8 | | | 9 | | | 7 | |
| 1 | | | 6 | | 8 | | 2 | |
| 6 | | | 7 | 4 | | 9 | 5 | |
| | 4 | 5 | 8 | 3 | | | | |
| | | 8 | | | | 6 | | |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकु -2631 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | 1 | 6 | 2 | 3 | 7 | 4 | 5 | 8 |
| 8 | 2 | 3 | 4 | 5 | 9 | 1 | 7 | 6 |
| 4 | 5 | 7 | 1 | 6 | 8 | 3 | 9 | 2 |
| 5 | 6 | 8 | 7 | 1 | 2 | 9 | 3 | 4 |
| 1 | 7 | 4 | 9 | 8 | 3 | 2 | 6 | 5 |
| 2 | 3 | 9 | 5 | 4 | 6 | 8 | 1 | 7 |
| 7 | 4 | 1 | 8 | 9 | 5 | 6 | 2 | 3 |
| 3 | 8 | 5 | 6 | 2 | 1 | 7 | 4 | 9 |
| 6 | 9 | 2 | 3 | 7 | 4 | 5 | 8 | 1 |

## शब्द पहेली - 2632



**बाएँ से दाएँ**

1.लूटमार,डाका-4
5.रपटना -4
9.डोली उठानेवाले-3
10.पुत्र,लड़का-3
12.अधिकार-2
14.नवीन,नया-2
15.एक विदेशी शराब-2
16.कला,हुनर-2
17.मां का प्यार-3
19.दम,बल,जोर-3
21.पपीहा,पपीहरा-3
22.करामात,कारनामा-4
24.शमशीर,कृपाण-4
25.तरंगित,लहरीय-5
26.बोरिया-बिस्तर-4
29.साले की पत्नी-4
33.प्रयास,यत्न-3
34.सहायता,सहयोग-3
36.लीन,तल्लीन-3
37.गहन वन,बुनाई कर्म-2
38.टुकड़ा,कण-2
39.मैं का बहुवचन-2
41.भीगा हुआ-2
42.अंधकार,अंधेरा-3
43.द्रव मापने की इकाई-3
45.प्राचीर,स्तंभ-4
46.बादला,जरबाफ-4

**ऊपर से नीचे**

2.अधिकार-2
3.जगत,दुनिया-3
4. सुनसान शांति,-4
5.आदत-4
6.साजन, बालम-3
7.क्रमबद्धता-2
8.मूर्ख,बेवकूफ-4
11.बुनाई करने वाला-4
13.कटि,मध्यांग-3
16.धार्मिक आज्ञा-3
18.पितामह-2
20.कमर में पहनने वाला आभूषण -5
21.चलने का ढ़ंग-2
23.पिया,साजन-3
24.दया,रहम-3
26.बेमिसाल, अनूठा-4
27.स्वदेश,मातृभूमि-3
28.जनता,आम लोग -2
30.मैं का बहुवचन-2
31.अभिरुचि,तल्लीनता-3
32.जनता की राय-4
34.उपाधि,पदवी-4
35.देहरी,चौखट-4
38.कक्ष,रूम-3
40.बटाणा,काबुली-3
42.स्तर,परत-2
44.ईश्वर,खुदा,भगवान-2

### शब्द पहेली -2631 का हल



## कल्मिकिया में अवशेषों का प्रदर्शन भारत-रूस संबंधों को करेगा मजबूत : मनोज सिन्हा

एजेंसी

**नई दिल्ली।** जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने कहा कि कल्मिकिया में अवशेषों का प्रदर्शन भारत-रूस संबंधों को मजबूत करेगा। यह आयोजन कल्मिकिया के लोगों के लिए आस्था की ऐतिहासिक घर वापसी है। कल्मिकिया यूरोप का एकमात्र बौद्ध बहुल क्षेत्र है। यह आयोजन दो देशों के बीच आध्यात्मिक मित्रता और सांस्कृतिक सेतु का प्रतीक है और भगवान बुद्ध की शिक्षाओं की एकता को विश्व पटल पर दर्शाता है। रूस के कल्मिकिया से भगवान बुद्ध के पवित्र अवशेषों के प्रदर्शन के बाद इन्हें भारत वापस लाने के लिए भारतीय प्रतिनिधिमंडल के साथ पहुंचे मनोज सिन्हा ने मीडिया कहा कि कल्मिकिया में भगवान बुद्ध के पवित्र अवशेषों का प्रदर्शन भारत और रूस के बीच जनता से जनता के संबंधों को और मजबूत करेगा। मनोज सिन्हा ने प्रतिष्ठित गेड़ेन शेडुप चोइकोर्लिंग मठ में अवशेषों को श्रद्धांजलि अर्पित की। उन्होंने खातक अर्पित किया, दीप प्रज्ज्वलित किया और बाकुला रिनपोछे के समक्ष प्रार्थना की। उन्होंने शाजिन लामा को कश्मीरी शॉल भी भेंट की और आशीर्वाद प्राप्त किया। उच्चस्तरीय प्रतिनिधिमंडल 19 अक्टूबर को अवशेषों के साथ भारत लौटेगा। अब तक 90 हजार से अधिक श्रद्धालुओं ने मठ में अवशेषों को नमन किया।

## बीएसएफ ने भारत-पाक सीमा से पकड़ी हेरोइन और आइस ड्रग्स

**चंडीगढ़।** बीएसएफ ने भारत-पाकिस्तान सीमा पर सर्च ऑपरेशन चलाकर फिरोजपुर और अमृतसर सीमावर्ती क्षेत्र से हेरोइन व आइस ड्रग्स बरामद की है। बीएसएफ ने जानकारी दी कि बीएसएफ ने पंजाब पुलिस के साथ मिलकर फिरोजपुर के गांव टिंडीवाला के पास खेतों से 602 ग्राम हेरोइन बरामद की है। इसी प्रकार अमृतसर के अंतर्गत आते गांव बहिनी राजपूतां में 3.675 किलोग्राम आइस ड्रग्स बरामद की गई। इस बीच बीएसएफ ने रोडनवाला खुर्द के पास तलाशी के दौरान पीले रंग के टेप में लिपटी एक पिस्तौल बरामद की है।



## हिंदू संतों के प्रवास को प्रतिबंधित करने से बाज आए कर्नाटक सरकार: विहिप

**नई दिल्ली।** विश्व हिंदू परिषद (विहिप) ने लिंगायत आध्यात्मिक गुरु अदृश्य काडसिद्धेश्वर के विजयपुरा में प्रवेश पर प्रतिबंध के कर्नाटक सरकार के निर्णय की कड़ी निंदा की है। परिषद ने राज्य सरकार से तत्काल इस आदेश को वापस लेने की मांग की है। विहिप के केंद्रीय महामंत्री बजरंग बागड़ा ने यहां एक बयान में कहा कि महाराष्ट्र के कनेरी स्थित लगभग 1300 वर्ष प्राचीन काडसिद्धेश्वर मठ वीरशैव लिंगायत समुदाय की श्रद्धा और आस्था का केंद्र है। राज्य सरकार ने इस मठ के पूजनीय हिंदू लिंगायत मठाधीश अदृश्य काडसिद्धेश्वर महाराज के कर्नाटक के कई जिलों में कहीं आने-जाने को बाधित किया है और उनके प्रवास पर जिला बंदी नाम से रोक लगा दी है। बजरंग बागड़ा ने कहा कि अदृश्य काडसिद्धेश्वर कर्नाटक में अपने स्वयं के मठों में कर्नाटक में जाने से रोके जा रहे हैं। यह हिंदू समाज के धार्मिक मामलों में राज्य सरकार का अनुचित और अस्वीकार्य हस्तक्षेप है। साथ ही पूरे वीरशैव लिंगायत समुदाय का अपमान भी है। विश्व हिंदू परिषद यह मांग करती है कि राज्य सरकार तत्काल जिला बंदी के इस आदेश को वापस ले और ना तो हिंदू समाज के धार्मिक मामलों में किसी भी प्रकार का हस्तक्षेप करे और ना ही हिंदू संतों के प्रवास पर किसी प्रकार की रोकटोक लगाए।

## हजरत निजामुद्दीन औलिया की दरगाह पर मुस्लिम राष्ट्रीय मंच ने मनाया जश्ने चिरागां

**नई दिल्ली।** सूफी संत हजरत निजामुद्दीन औलिया की दरगाह पर विवादों के बीच मुस्लिम राष्ट्रीय मंच ने अपने पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के तहत जश्ने चिरागां का कार्यक्रम आयोजित किया है। इस मौके पर एमएरएम के संरक्षक इंद्रेश कुमार ने हजरत निजामुद्दीन औलिया की दरगाह पर चादर पेश की और देश में शांति, सौहार्द और सद्भाव के लिए विशेष दुआएं मांगी। बाद में दरगाह प्रांगण में आए हुए लोगों के जरिए चिरागां भी किया गया। इस अवसर पर विभिन्न धर्मों, समुदायों और विचारधाराओं से आए सैकड़ों लोगों ने मिलकर दीये जलाए और देश के लिए शांति, प्रेम और सौहार्द की दुआ की। जश्ने चिरागां के दौरान दरगाह परिसर को पारंपरिक दीपों, इत्र, फूलों और चादर से सजाया गया था। कार्यक्रम की शुरुआत परिसर की साफ-सफाई, इत्र-गुलाबजल छिड़काव और सूफियाना संगीत से हुई। इसके बाद श्रद्धालुओं ने मिलकर सैकड़ों दीये जलाए। इस आयोजन ने यह सशक्त संदेश दिया कि भारत की असली ताक़त उसकी विविधता में छिपी एकता और उसकी सांस्कृतिक मेलजोल की परंपरा में है। ज्ञात रहे कि दरगाह कमेटी ने शांति व्यवस्था के भंग होने की आशंका जताते हुए पुलिस से इस कार्यक्रम पर रोक लगाने की मांग की थी। इसके मद्देनजर पुलिस ने दरगाह परिसर के आसपास सुरक्षा के कड़े प्रबंध किए थे लेकिन एमआरएम के तत्वावधान में आयोजित यह कार्यक्रंम बिनकिसी विवाद के शांतिपूर्वक संपन्न हुआ।

# केदारनाथ धाम के क्षेत्र रक्षक भकुंट भैरवनाथ के कपाट बंद

एजेंसी

**देहरादून।** उत्तराखंड में बाबा केदारनाथ धाम के क्षेत्र रक्षक भकुंट भैरवनाथ कपाट वैदिक मंत्रोच्चार के साथ शीतकाल के लिए बंद हो गए हैं। इसके साथ ही केदारनाथ धाम के कपाट बंद करने की प्रक्रिया भी शुरू हो गई है। 23 अक्टूबर को भगवान केदारनाथ के कपाट बंद किए जाएंगे। भगवान केदारनाथ के क्षेत्र रक्षक के रूप में पूजे जाने वाले भकुंट भैरवनाथ के कपाट विधि विधान से दोपहर एक बजकर 15 मिनट पर बंद किए गए। इससे पहले केदारनाथ मंदिर में पूजा-अर्चना और भोग लगाया गया। श्री बदरीनाथ-केदारनाथ मंदिर समिति (बीकेटीसी) मुख्य कार्याधिकारी, केदार सभा तथा पंच पंडा समिति की मौजूदगी में कपाट बंद किए गए। केदारनाथ धाम के पुजारी बागेश लिंग, धर्माधिकारी औंकार शुक्ला, वेदपाठी यशोधर मैठाणी और तीर्थ पुरोहितों ने पूजा-अर्चना संपन्न की। स्थानीय पकवानों और रोट का भोग लगाया। हवन यज्ञ के साथ कपाट बंद की प्रक्रिया पूरी की गई। इस अवसर पर बीकेटीसी कार्यपालक मजिस्ट्रेट विजय प्रसाद थपलियाल, बीकेटीसी सदस्य विनीत पोस्ती, केदार सभा अध्यक्ष राजकुमार तिवारी, पूर्व अध्यक्ष विनोद शुक्ला, मंत्री राजेंद्र तिवारी, संतोष त्रिवेदी, भैरवनाथ पश्वा अरविंद शुक्ला, अनिल शुक्ला, अंकित सेमवाल, उमेश पोस्ती, बीकेटीसी प्रभारी अधिकारी केदारनाथ यदुवीर पुष्पवान आदि मौजूद रहे। श्री भैरवनाथ जी के कपाट बंद होने के साथ ही अब श्री केदारनाथ धाम के कपाट बंद करने की तैयारी व पंचमुखी डोली की पूजा-अर्चना की तैयारियां शुरू हो गई है।



## बिहार अब 'जंगलराज' नहीं, 'विकासराज' की पहचान बन चुका है : मानिक साहा

एजेंसी

**पटना।** बिहार विधानसभा की सभी 243 सीटों पर राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) की जीत तय है। चंपारण की सभी 9 विधानसभा सीटों पर भी राजग के उम्मीदवार विजयी होंगे और प्रदेश में एक बार फिर से डबल इंजन की सरकार बनेगी। त्रिपुरा के मुख्यमंत्री मानिक साहा ने यह दावा किया है। बगहा विधानसभा सीट से राजग प्रत्याशी राम सिंह और रामनगर विधानसभा क्षेत्र से चुनाव लड़ रहे नंदकिशोर राम के नामांकन में पहुंचे मानिक साहा ने एक जनसभा को संबोधित करते हुए राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के अध्यक्ष लालू यादव के शासनकाल पर निशाना साधते हुए कहा कि कभी बिहार 'जंगलराज' के नाम से जाना जाता था, लेकिन अब प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में 'विकासराज' की पहचान बन चुका है। मानिक साहा ने कहा कि बिहार की जनता अब जाति और परिवार की राजनीति नहीं, बल्कि विकास और स्थिरता को वोट दे रही है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश और बिहार दोनों तेजी से आगे बढ़ रहे हैं। उन्होंने कहा कि चंपारण की धरती ने हमेशा परिवर्तन और स्वराज का संदेश दिया है और इस बार भी जनता राजग को अभूतपूर्व जनसमर्थन देगी। सभा में क्षेत्रीय नेताओं और राजग समर्थकों की भारी भीड़ देखने को मिली। पूरे कार्यक्रम के दौरान 'फिर एक बार एनडीए सरकार' और 'नीतीश-मोदी जिंदाबाद' के नारे गूंजते रहे।



## अयोध्या में बना विश्व रिकॉर्ड, 2100 महिलाओं एवं विद्यार्थियों ने एकसाथ की सरयू आरती

एजेंसी

**अयोध्या।** सरयू आरती का पिछले साल बना विश्व रिकॉर्ड टूट गया। इस बार सरयू तट पर 2100 मातृ शक्तियों, संस्कृत के विद्यार्थी एवं वंचित समाज के लोगों के साथ रामनगरी अयोध्या में मां सरयू की आरती की गई। यह अलौकिक नजारा दर्शनीय तो था ही, साथ ही अयोध्या की दिव्यता का भी अनुभव करा रहा था।

मोक्षदानी मां सरयू की गत वर्ष 1151 लोगों ने सामूहिक रूप से आरती कर वर्ल्ड गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड में अपना नाम दर्ज कराया था। इस बार पिछले रिकॉर्ड को तोड़ 2100 का आंकड़ा पार कर नया रिकॉर्ड बनाया। सरयू आरती के दौरान विश्व रिकॉर्ड दर्ज करने वाली टीम के सदस्य ड्रोन कैमरे के साथ मुस्तैद थे। सरयू तट पर इस आरती का आयोजन जिला प्रशासन एवं नगर निगम के सहयोग से वशिष्ठ फाउंडेशन ने किया। इस दौरान नगर निगम महापौर महंत गिरीशपति त्रिपाठी, मुख्य विकास अधिकारी कृष्ण कुमार सिंह, अपर जिलाधिकारी अनिरुद्ध सिंह, नगर निगम के अधिकारी, धर्मगुरु एवं संभ्रांत जन मौजूद थे। कार्यक्रम के दौरान वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक गौरव ग्रोवर भी पहुंचे। शाम 6 बजे संपन्न हुए इस आयोजन में वशिष्ठ फाउंडेशन की सचिव राजलक्ष्मी तिवारी की अहम भूमिका रही। उन्होंने बताया कि व्यवस्था की दृष्टि से आरती स्थल को 11 जोन में विभाजित किया गया था। नयाघाट से लक्ष्मण घाट की ओर विस्तारित आरती स्थल के प्रत्येक जोन में 200 प्रतिभागियों को खड़े होकर आरती करने की व्यवस्था की गई थी। उन्होंने बताया कि सरयू आरती में अयोध्या के सामाजिक संगठनों से जुड़ी महिलाएं, संस्कृत के विद्यार्थी और वंचित समाज के प्रतिनिधि शामिल थे। रविवार को दीपोत्सव के दौरान भी सरयू आरती की जाएगी।



## बिहार विधानसभा चुनाव : नाराज झामुमो ने की छह सीटों पर उम्मीदवार उतारने की घोषणा

एजेंसी

**रांची।** बिहार विधानसभा चुनाव में महागठबंधन में तकरार के बीच अब झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) ने गठबंधन ने नाता तोड़ने का ऐलान किया है। झारखंड में सत्तारूढ़ झामुमो ने बिहार विधानसभा चुनाव स्वतंत्र रूप से लड़ने और छह सीटों पर अपने उम्मीदवार उतारने की घोषणा की है। बिहार चुनाव में झामुमो महागठबंधन से अलग हो गया है। झामुमो बिहार विधानसभा चुनाव के दूसरे चरण में 6 सीटों पर चुनाव लड़ेगा।

6 सीटों में चकाई, धमदाहा, कटोरिया, पिरपैंती, मनीहारी और जमुई शामिल हैं। इसमें कटोरिया और मनिहारी अनुसूचित जनजातीय आरक्षित सीटें हैं, जबकि पिरपैती अनुसूचित जाति सीट है। झामुमो के केंद्रीय महासचिव सुप्रियो भटटाचार्य ने पार्टी के कैंप कार्यालय में आयोजित प्रेस वार्ता में कहा कि उनकी पार्टी बिहार विधानसभा चुनाव संपन्न होने के बाद झारखंड महागंठबंधन में शामिल राष्ट्रीय जनता दल (राजद) और कांग्रेस को लेकर समीक्षा बैठक कर कोई बड़ा निर्णय ले सकता है। सुप्रियो ने दो टूक शब्दों में कहा कि महागठबंधन का यह कृत्य झामुमो के कार्यकर्ताओं के साथ धोखा है। गुरूजी (शिबू सोरेन) ने झामुमो को लड़ना सीखाया है। हमने लड़कर ही बिहार से झारखंड को अलग बनाया है। हम जानते हैं बिहार का जो दलीत और वंचित समाज है, वह गुरूजी के आदर्शों के साथ खड़ा है। बिहार में झाामुमो हेमंत सोरेन की अगुवाई में लड़ेगा और हम चुनाव जीतेंगे। साथ ही हम यह तय करेंगे बिहार की अगली सरकार बगैर झामुमो समर्थन के नहीं बनेगा। दरअसल, झामुमो ने महागठबंधन से 16 सीटों की मांग की थी। बाद में झामुमो 12 सीटों पर आ गया। सीटों के लिए झामुमो महासचिव विनोद कुमार पांडेय और मंत्री सुदिव्य कुमार सोनू ने पटना में बिहार विधानसभा में प्रतिपक्ष के नेता तेजस्वी यादव, झारखंड प्रभारी जय प्रकाश नारायण यादव, भोला यादव और अन्य वरीय नेताओं से मुलाकात भी की थी, लेकिन नतीजा झामुमो के पक्ष नहीं आया और अब झामुमो के नेताओं ने बिहार के छह विधानसभा क्षेत्रों से अपना उम्मीदवार उतारने का ऐलान कर दिया है। बिहार के लिए पार्टी ने जारी की 20 स्टार प्रचारकों की सूचीबिहार चुनाव को लेकर झामुमो ने 20 स्टार प्रचारक की सूची भी जारी की है। चुनाव प्रचार की कमान खुद पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष और झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के हथों में होगी।




## श्वसन संक्रमणों के खिलाफ प्रभावी भारत का पहला स्वदेशी एंटीबायोटिक नैफिथ्रोमाइसिन विकसित

एजेंसी

**नई दिल्ली।** केंद्रीय विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी राज्य मंत्री डॉ. जितेंद्र सिंह ने बताया कि भारत ने अपना पहला स्वदेशी एंटीबायोटिक नैफिथ्रोमाइसिन विकसित किया है, जो प्रतिरोधी श्वसन संक्रमणों के खिलाफ प्रभावी है। इसके साथ यह दवा कैंसर रोगियों और खराब नियंत्रित मधुमेह रोगियों के लिए भी प्रभावी है। उन्होंने कहा कि यह एंटीबायोटिक भारत में पूरी तरह से परिकल्पित, विकसित और चिकित्सकीय रूप से प्रमाणित पहला अणु है, जो दवा क्षेत्र में आत्मनिर्भरता की दिशा में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है। एंटीबायोटिक नेफिथ्रोमाइसिन को भारत सरकार के जैव प्रौद्योगिकी विभाग ने प्रसिद्ध निजी फार्मा कंपनी वॉकहार्ट के सहयोग से विकसित किया है। मल्टी-ओमिक्स डेटा इंटीग्रेशन एंड एनालिसिस के लिए आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का उपयोग विषय पर तीन दिवसीय चिकित्सा कार्यशाला का उद्घाटन करते हुए डॉ. जितेंद्र सिंह ने कहा कि भारत को अपने वैज्ञानिक और अनुसंधान विकास को गति देने के लिए एक आत्मनिर्भर पारिस्थितिकी तंत्र विकसित करना होगा। उन्होंने कहा कि विज्ञान और नवाचार में वैश्विक मान्यता प्राप्त करने वाले अधिकांश देशों ने निजी क्षेत्र की व्यापक भागीदारी के साथ आत्मनिर्भर, नवाचार-संचालित मॉडलों के माध्यम से ऐसा किया है।

मंत्री ने यह भी घोषणा की कि भारत ने जीन थेरेपी में एक बड़ी सफलता हासिल की है, जो हीमोफीलिया उपचार के लिए पहला सफल स्वदेशी नैदानिक ??परीक्षण है, जिसके लिए परीक्षण भारत सरकार के जैव प्रौद्योगिकी विभाग द्वारा समर्थित था और एक गैर-सरकारी क्षेत्र के अस्पताल, क्रिश्चियन मेडिकल कॉलेज वेल्लोर में किया गया था। डॉ. जितेंद्र सिंह ने आगे बताया कि भारत ने पहले ही 10,000 से ज़्यादा मानव जीनोम अनुक्रमित कर लिए हैं और इसे बढ़ाकर दस लाख तक पहुंचाने का लक्ष्य है। उन्होंने आगे बताया कि जीन थेरेपी परीक्षण में शून्य रक्तस्राव प्रकरणों के साथ 60-70 प्रतिशत सुधार दर दर्ज की गई, जो भारत के चिकित्सा अनुसंधान परिदृश्य में एक मील का पत्थर है। ये निष्कर्ष न्यू इंग्लैंड जर्नल ऑफ मेडिसिन में प्रकाशित हुए हैं, जो उन्नत जैव चिकित्सा नवाचार में भारत के बढ़ते नेतृत्व को रेखांकित करते हैं।



## हिन्दुत्व की रक्षा के लिए संस्कार,पर्यवारण व कुटुम्ब प्रबोधन का चिंतन जन-जन तक ले जाना होगा : भैयाजी जोशी

एजेंसी

**हरिद्वार।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष के तहत आयोजित संत संपर्क कार्यक्रम में संघ के पूर्व सरकार्यवाह सुरेश जोशी उपाख्य भैयाजी जोशी ने कहा कि मूल्यों के रक्षण की जरूरत हम सबके सामने है। चारित्रिक पतन भोगवाद की तरफ ले जा रहा है। हमें प्रयास करना होगा कि सही दिशा में उत्थान के मार्ग पर चलें, इसके लिए ऊर्जा और संतों के आशीर्वाद दोनों की आवश्यकता होगी। कनखल स्थित कपिल वाटिका में आयोजित कार्यक्रम में भैयाजी जोशी ने संतों का आह्वान किया कि कुछ विधर्मी जबरन धर्मांतरण करा रहे हैं। ताकत के बल पर पूरे विश्व में एकाधिकार जमाने की होड़ चल रही है। ऐसे में हमें हिंदुत्व की रक्षा के लिए संस्कार, पर्यावरण व कुटुंब प्रबोधन का चिंतन जन-जन तक ले जाना होगा। जगद्गुरु शंकराचार्य स्वामी राजराजेश्वराश्रम महाराज ने कहा कि संघ न राजनीतिक संगठन है न सामाजिक संगठन है और न कोई संस्था है। संघ एक विराट सनातन परिवार है। जो लोग संघ को राजनीतिक मानते हैं वह इसके बारे में नहीं जानते हैं। उन्हें अपनी अवधारणा को बदलने के लिए संघ में जाना पड़ेगा। योग गुरु बाबा रामदेव ने कहा कि आज पूरे विश्व मे छोटे-छोटे देश अपने आत्मबल पर टिके हैं। हम भारतीय इसमें काफी पीछे हैं। हम सबको राष्ट्र के प्रति पूर्ण समर्पणभाव से आत्म चिंतन करना होगा। तभी राष्ट्र सशक्त होगा। कार्यक्रम में स्वामी चिदानन्द मुनि, महामंडलेश्वर स्वामी डॉ. हरिचेतनानंद, महामंडलेश्वर स्वामी रूपेंद्र प्रकाश, स्वामी प्रबोधनानन्द, स्वामी राम मुनि, स्वामी रविदेव, स्वामी लोकेश दास, स्वामी ऋषिश्वरानंद, बाबा हठयोगी, स्वामी रामविशाल, स्वामी कृष्णा नन्द, साध्वी मैत्री गिरी, साध्वी प्राची समेत कई अन्य शीर्ष संत शामिल हुए।

## आई लव मोहम्मद का नारा लगाने के बजाय आचरण और चरित्र से नबी से प्रेम व्यक्त करें: मौलाना अरशद मदनी

एजेंसी

**कानपुर /नई दिल्ली।** जमीअत उलमा-ए-हिन्द के अध्यक्ष मौलाना सैयद अरशद मदनी ने कहा है कि मुसलमान बाज़ार में 'आई लव मोहम्मद' का प्रदर्शन करने के बजाय अपने आचरण और चरित्र से नबी-ए -करीम से प्रेम व्यक्त करें। वह गुरुवार की रात उत्तर प्रदेश के शहर कानपुर के परेड ग्राउंड में आयोजित 'तहफ़्फ़ुज़ ख़त्म-ए-नबूव्वत कॉन्फ़्रेंस' को संबोधित कर रहे थे। यह कॉन्फ़्रेंस जमीअत उलमा-ए-कानपुर के तत्वावधान में, दारुल उलूम देवबंद के मोहतमिम मुफ़्ती अबुल क़ासिम नोमानी की अध्यक्षता और क़ाज़ी-ए-शहर हाफ़िज़ अब्दुल क़ुद्दूस हादी की निगरानी में आयोजित हुई।

मौलाना मदनी ने कहा कि देश की स्थिति और तरह-तरह के भटकाव वाले फितनों सहित तमाम समस्याओं का हल हमारे नबी हज़रत मोहम्मद मुस्तफ़ा साहब की सीरत-ए-मुबारका (पैगंबर के बताए रास्ते) में मौजूद है।उन्होंने कहा कि नफरत के बीज अब विशाल वृक्षों का रूप ले चुके हैं। चारों ओर संकीर्णता, पक्षपात और धार्मिक दुश्मनी के बादल मंडरा रहे हैं। शरारती ताकतें इस्लाम की पवित्र शिक्षाओं को गलत रंग में पेश कर रही हैं, लेकिन हमें मुसलमानों को ऐसी स्थिति में भी अपने नबी-ए-करीम की शिक्षाओं के अनुसार धैर्य, सहनशीलता और मोहब्बत से काम लेना है। हमारा जवाब नफरत का नहीं बल्कि मोहब्बत का होना चाहिए, क्योंकि यही नबी करीम का तरीका था और यही अल्लाह तआला का हुक्म है। मौलाना अरशद मदनी ने आगे कहा कि अब हर मामले को धार्मिक रंग देकर एक विशेष समुदाय को न केवल निशाना बनाया जा रहा है बल्कि न्याय और कानून को ताक पर रखकर एकतरफा कार्रवाई द्वारा यह दिखाने की कोशिश की जा रही है कि अब देश में अल्पसंख्यकों, विशेष कर मुसलमानों के संवैधानिक और कानूनी अधिकार समाप्त कर दिए गए हैं। उन्होंने कहा कि दुख की बात यह है कि जात-पात, धर्म और संप्रदाय के नाम पर इंसान को इंसान से नफरत सिखाई जा रही है, जबकि सच्चाई यह है कि हम सब एक ही आदम मनु की औलाद हैं, एक ही सृष्टिकर्ता की रचनाएं हैं। इस्लाम ने हर धर्म, हर वर्ग और हर इंसान के साथ न्याय, इंसाफ़ और भलाई का आदेश दिया है।




## अटारी बॉर्डर पर रिट्रीट सेरमनी का समय बदला

एजेंसी

**चंडीगढ़।** मौसम में आए बदलाव के चलते भारत-पाक सीमा अटारी पर रोजाना होने वाली रिट्रीट सेरमनी का समय बदल दिया गया है। बीएसएफ द्वारा जारी जानकारी के अनुसार पहले रोजाना रिट्रीट का समय शाम 5.30 से 6.00 बजे होता था। अब मौसम में आ रहे बदलाव के मद्देनजर 30 मिनट समय पहले कर दिया गया है। बीएसएफ के अनुसार रिट्रीट सेरमनी अब रोजाना शाम 5 बजे से 5.30 तक का किया जाएगा।

इस संबंध में अधिकारियों ने सभी पर्यटकों और स्थानीय नागरिकों से अपील की है कि वे समय परिवर्तन को ध्यान में रखते हुए निर्धारित समय पर स्थल पर पहुंचें। रिट्रीट सेरमनी अमृतसर-अटारी बॉर्डर पर प्रतिदिन आयोजित किया जाता है, जिसे देखने के लिए देश-विदेश से बड़ी संख्या में पर्यटक पहुंचते हैं। इसमें सीमा सुरक्षा बल के जवान सैन्य शौर्य और अनुशासन का अद्भुत प्रदर्शन करते हैं।

# एनडीए की नामांकन सभा में हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने भरी हुंकार

एजेंसी

**कटिहार।** कटिहार में एनडीए की नामांकन सभा में एकजुटता का प्रदर्शन करते हुए हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि बिहार की पहचान विकास और विकास की एक धारा के रूप में बनी है। उन्होंने कहा कि अगर नियत सही हो और नेतृत्व दमदार हो तो कोई भी प्रदेश विकास की राह पर आगे बढ़ सकता है।

नायब सिंह सैनी ने कहा कि केंद्र की एनडीए सरकार ने बीते 11 वर्षों में बिहार को विकास परियोजनाओं और कार्यों के लिए 14.85 लाख करोड़ रुपये से अधिक की सहायता प्रदान की है। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार का मानना है कि जब तक नारी शक्ति आत्मनिर्भर नहीं होगी, तब तक इस देश का विकास अधूरा है। एनडीए सरकार ने मुख्यमंत्री महिला रोजगार योजना के तहत 10,000 रुपये देने का काम हमारी सरकार ने किया है। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार ने जीविका निधि में 105 करोड़ रुपये खातों में डाले हैं। शिक्षा का कायाकल्प करते हुए बिहार के अंदर 38 इंजीनियरिंग कॉलेज खोले हैं। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार ने बिजली की उपलब्धता 25फीसदी से बढ़ाकर 100फीसदी की है। सड़कों का जाल बिछाया है और हर गांव में सड़क पहुंचाने का काम किया है। गंगा के ऊपर 7 पुल बनाए हैं और पटना में मेट्रो शुरू की है।

उन्होंने कहा कि एनडीए सरकार ने सामाजिक सुरक्षा पेंशन 400 रुपये से बढ़ाकर 1100 रुपये की है। गरीब परिवारों को 2 लाख रुपये देने की योजना बनाई है। किसानों के खाते में 27,000 करोड़ रुपये किसान सम्मान निधि का पहुंचाने का काम किया है। मखाना उत्पादक क्षेत्र का लाभ किसानों को दिलाने का काम किया है।

एनडीए सरकार ने छठ महापर्व को यूनेस्को की अमृत सांस्कृतिक विरासत सूची में शामिल करने के लिए प्रयास किया है। उन्होंने कहा कि हरियाणा में बिहार के लोगों के लिए काम करने का वादा किया है।

नायब सिंह सैनी ने कहा कि हमें कटिहार जिले के सभी सातों विधानसभा से एनडीए के प्रत्याशियों को भारी बहुमत से विजयी बनाना है। विकसित भारत बनाने के लिए नरेंद्र मोदी और नीतीश कुमार को मजबूत करना होगा। इस अवसर पर अररिया के सांसद प्रदीप सिंह, विधान पार्षद अशोक कुमार अग्रवाल, पूर्व सांसद निखिल कुमार चौधरी, चतरा के पूर्व सांसद एवं कटिहार के प्रभारी सुनील कुमार सिंह, पूर्व विधायक विभाष चंद्र चौधरी और पूर्व विधान पार्षद राजवंशी सिंह सहित स्थानीय सभी वरिष्ठ नेता उपस्थित थे ।




## मथुरा के बांके बिहारी मंदिर का 54 साल से बंद खजाने का ताला खुला

एजेंसी

**मथुरा।** मथुरा जिले के लिए धनतेरस पर्व बेहद ऐतिहासिक और खास होने जा रहा है। यहां वृंदावन के ठाकुर श्री बांकेबिहारी जी महाराज के मंदिर में पिछले 54 वर्षों से बंद पड़े तोशखाने (खजाना) को शनिवार को मंदिर की हाई पावर्ड मंदिर प्रबंधन कमेटी के आदेश पर खोला जा रहा है। टीम मंदिर के अंदर प्रवेश कर चुकी है। वहीं गोस्वामी हंगामा कर रहे हैं। उनकी मांग है कि खजाने में से जो भी निकले, उसे मंदिर के बाहर स्क्रीन लगाकर लाइव किया जाए। सब की निगाह तोशखाने पर लगी हुई है। कहा जा रहा है कि इस खजाने में सोने-चांदी के आभूषण, कीमती वस्तुएं, प्राचीन धरोहरें और धार्मिक उपहार शामिल हो सकते हैं, जो दशकों से ताले में बंद पड़े हैं।यह पूरी प्रक्रिया सुप्रीम कोर्ट के निर्देशों और हाई पावर मैनेजमेंट कमेटी की देखरेख में की जा रही है। कमेटी ने 29 सितंबर को निर्णय लिया था कि मंदिर के 'तोशखाना' यानी खजाने वाले कमरे को खोला जाएगा। तब से ही तैयारी जोरों पर थी और आखिरकार दोपहर तीन बजे के बाद ताला खोला गया। मंदिर से जुड़े सदस्यों के अनुसार, खजाना जिस कमरे में रखा गया है, वह मंदिर के गर्भगृह के बिल्कुल पास स्थित है। लंबे समय से यह कमरा बंद है और केवल चुनिंदा पुजारियों व प्रशासनिक अधिकारियों को ही इसकी जानकारी थी। अब जब इसे खोला जाएगा, तो इसके भीतर क्या-क्या मिलेगा, यह सभी के लिए रहस्य बना हुआ है। श्रद्धालु बड़ी संख्या में मंदिर पहुंचकर इस ऐतिहासिक पल के साक्षी बनने की तैयारी में हैं।

**दीपदान विवाद भी उठा**

शाम बांके बिहारी मंदिर में एक नया विवाद भी सामने आया। मंदिर में दीपदान को लेकर हाई पावर टेम्पल मैनेजमेंट कमेटी के आदेशों की अनदेखी की गई। कमेटी ने निर्देश दिया था कि मंदिर के बाहर बने अर्धनिर्मित हॉल में केवल सात दीपक ही जलाए जाएं और हर दीपक में 50 ग्राम तेल से अधिक न हो।

साथ ही यह भी तय किया गया था कि दीपदान की प्रक्रिया सूर्यास्त के बाद शुरू होकर ठाकुरजी की आरती से पहले समाप्त हो जाएगी, लेकिन मंदिर के गर्भगृह के ठीक सामने जगमोहन क्षेत्र में नियमों की अनदेखी करते हुए दो दर्जन से अधिक दीपक जलाए गए। इस दौरान वहां भारी भीड़ उमड़ पड़ी और कई पुजारी दीपक जलाने में शामिल हुए।

मंदिर के सेवायत गोस्वामियों ने इस पर नाराजगी जताई और कहा कि हमें दीपदान की अनुमति नहीं दी गई, जबकि मंदिर के भीतर ही दीपदान कराया जा रहा है।

# ऑस्ट्रेलिया ने वर्षा बाधित पहले एकदिवसीय में भारत को सात विकेट से हराया

**पर्थ (ऑस्ट्रेलिया) (एजेंसी)।** ऑस्ट्रेलिया ने वर्षा बाधित पहले एकदिवसीय क्रिकेट मुकाबले में भारतीय टीम को सात विकेट से हराकर तीन मैचों की एकदिवसीय सीरीज में 1-0 की बढ़त हासिल कर ली है। इस मैच में मेजबान ऑस्ट्रेलियाई टीम ने टॉस जीतकर भारतीय टीम को पहले बल्लेबाजी के लिए बुलाया। बारिश की बाधा के कारण मैच 26-26 ओवर का कर दिया गया। भारतीय टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए केएल राहुल के 38 और अक्षर पटेल के 31 रनों की सहायता से 9 विकेट पर 136 रन बनाए। इसके बाद डकवर्थ लुइस प्रणाली से मेजबान ऑस्ट्रेलियाई टीम को जीत के लिए 131 रनों का लक्ष्य मिला जिसे उसने 21.3 ओवर में ही तीन विकेट के नुकसान पर हासिल कर लिया। इस मैच में कप्तानी कर रहे मिचेल मार्श ने 46 रन बनाकर टीम को जीत दिलायी। मार्श के अलावा जोश फिलिप ने 37 और रेन शॉ ने 21 रन बनाए।

इस मैच में पहले बल्लेबाजी करते हुए भारतीय टीम की शुरुआत खराब रही। सात माह बाद वापसी करते हुए सलामी बल्लेबाज रोहित शर्मा असफल रहे और केवल 8 रन ही बना पाये। कप्तान शुभमन गिल भी 10 रनों बनाकर ही पेवेलियन लौट गये। विराट कोहली भी शून्य पर ही आउट हो गये। श्रेयस अय्यर भी इस मैच में रन बनाने में विफल रहे। राहुल ने सबसे अधिक 38 और अक्षर ने 31 रन बनाए। इस मैच में डेब्यू कर रहे ऑलराउंडर नीतिश कुमार भी 19 रन ही बना पाये। मेजबान टीम की ओर से जोश हेजलवुड, मिचेल ओवेन और मैथ्यू कुहनेमन ने 2-2 विकेट लिए, जबकि मिचेल स्टार्क और नाथन एलिस को 1-1 विकेट मिला।



# भारतीय रोइंग टीम ने एशियाई रोइंग चैंपियनशिप में जीते 10 पदक



**हाई फोंग (वियतनाम) (एजेंसी)।** भारतीय रोइंग टीम ने एशियाई रोइंग चैंपियनशिप 2025 में शानदार प्रदर्शन करते हुए महिला और पुरुष वर्ग में तीन स्वर्ण, पांच रजत और दो कांस्य सहित कुल 10 पदक जीते। भारतीय रोइंग दल ने 16 से 19 अक्टूबर तक वियतनाम के हाई फोंग में आयोजित एशियाई रोइंग चैंपियनशिप में उल्लेखनीय प्रदर्शन किया। 15 स्पर्धाओं में तिरंगे का प्रतिनिधित्व करने वाले 37 एथलीटों (25 पुरुष और 12 महिलाएं) के साथ, भारत ने 10 स्पर्धाओं में पदक जीते।

पुरुषों की क्वाड्रपल स्कल (एम 4एक्स) में कुलविंदर सिंह, नवदीप सिंह, सतनाम सिंह, जाकर खान की टीम ने स्वर्ण पदक जीता। हीट्स 16 और 17 अक्टूबर को हुए, उसके बाद 18 और 19 अक्टूबर को फाइनल हुए, जिसके परिणामस्वरूप भारतीय टीम का अभियान बेहद सफल रहा। लाइटवेट पुरुष डबल स्कल (एलएम 2 एक्स ) में लक्ष्य, अजय त्यागी की टीम स्वर्ण पदक जीता।

वहीं बलराज पंवार ने पुरुषों की एकल स्कल (एम 1 एक्स) स्पर्धा में शानदार प्रदर्शन के साथ स्वर्ण पदक जीता है। यह उपलब्धि हाल के इतिहास में एशियाई रोइंग चैंपियनशिप में भारत के सबसे मजबूत प्रदर्शनों में से एक है, जिसने भारत एशियाई रोइंग में एक उभरती हुई ताकत के रूप में उभरा है। पुरुषों की आठ (एम8 प्लस) स्पर्धा में नितिन देओल, परविंदर सिंह, लखवीर सिंह, रवि, गुरप्रताप सिंह, भीम सिंह, जसविंदर सिंह, कुलबीर, किरण सिंह मैयोम ने रजत पदक जीता।

इस अभियान का एक महत्वपूर्ण आकर्षण लाइटवेट महिला जोड़ी (एलडबल्यू2) स्पर्धा रही। जहां गुरबानी कौर और दिलजोत कौर ने रजत पदक जीतकर एशियाई चैंपियनशिप में भारतीय महिलाओं के 15 साल के सूखे को समाप्त किया। भारतीय नौकायन महासंघ की ओर से जारी बयान में अध्यक्ष बालाजी मरदापा ने दल के प्रति हार्दिक गर्व और प्रशंसा व्यक्त करते हुए कहा, 'यह उपलब्धि केवल पदकों का संग्रह नहीं है। यह हमारे एथलीटों के वर्षों के धैर्य, त्याग और अटूट भावना का प्रतिबिंब है। पानी पर हर स्ट्रोक अरबों दिलों की आशा से प्रेरित था। हाई फोंग में भारत का प्रदर्शन इस बात का प्रमाण है कि हमारे रोवर्स एशिया के सर्वश्रेष्ठ रोवर्स के साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़े हो सकते हैं।'

# दीप्ति शर्मा ने रचा इतिहास, वनडे में 2000 रन और 150 विकेट लेने वाली पहली भारतीय बनी



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** दीप्ति शर्मा ने इंग्लैंड के खिलाफ महिला विश्व कप 2025 के मुकाबले में बड़ा मुकाम हासिल कर लिया है। दीप्ति महिला वनडे में 2000 रन और 150 विकेट लेने वाली चौथी महिला क्रिकेटर बन गई है। दीप्ति यह रिकॉर्ड बनाने वाली वह पहली भारतीय महिला क्रिकेटर भी हैं। महिला वनडे में 2000 रन और 150 विकेट हासिल करने के मामले में पहली तीन महिला खिलाड़ी ऑस्ट्रेलिया की एलिसा पेरी, वेस्टइंडीज की स्टेफनी टेलर और दक्षिण अफ्रीका की मारिजैन कैप हैं।

**महिला वनडे में 2000 रन और 150 विकेट का डबल**

4414, 166 – एलिस पेरी (ऑस्ट्रेलिया)

5873, 155 – स्टेफनी टेलर (वेस्टइंडीज)

3397, 172 – मारिज़ैन कैप (दक्षिण अफ्रीका)

2607, 150 – दीप्ति शर्मा (भारत)

**महिला वनडे में भारत के लिए सर्वाधिक विकेट**

255 – झूलन गोस्वामी (203 सराय)

150* – दीप्ति शर्मा (116 पारी)

141 – निकोला डेविड (97 इन्स)

100 – नूशिन अल खादीर (77 सराय)

99 – राजेश्वरी गायकवाड़ (64 सराय)

मैच की बात करें तो इंग्लैंड ने भारत के खिलाफ टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी का फैसला करते हुए विकेटकीपर बल्लेबाज एमी जोन्स (56) की अर्धशतकीय पारी की बदौलत 25 ओवर पूरे होने तक 2 विकेट के नुकसान पर 120 रन बनाए।

# वैभव सूर्यवंशी: 14 साल की उम्र में क्रिकेट की नई सनसनी

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** आईपीएल 2025 में महज 14 साल की उम्र में टूर्नामेंट का दूसरा सबसे तेज शतक बनाने के बाद वैभव सूर्यवंशी ने क्रिकेट की दुनिया में तहलका मचा दिया है। उस मैच में उन्होंने 35 गेंदों में 100 रन पूरे किए, जिसमें 7 चौके और 11 छक्के शामिल थे। यह किसी भी भारतीय खिलाड़ी का आईपीएल में अब तक का सबसे तेज शतक माना जाता है। इस प्रदर्शन ने उन्हें न सिर्फ भारत में, बल्कि दुनियाभर में क्रिकेट प्रेमियों के लिए नई सनसनी बना दिया। वैभव सूर्यवंशी को राजस्थान रॉयल्स ने आईपीएल 2025 से पहले 1.1 करोड़ रुपये में खरीदा था। उस समय उनकी उम्र केवल 13 साल थी। इस नीलामी में वे सबसे युवा बिकने वाले खिलाड़ी बने और आईपीएल में खेलने वाले सबसे कम उम्र के खिलाड़ी भी।



सूर्यवंशी आईपीएल के इतिहास में इकलौते ऐसे खिलाड़ी हैं, जो 2008 में शुरू हुई इस लीग में पैदा हुए और अब मैदान पर खेल रहे हैं। उनकी बेखौफ बल्लेबाजी का प्रभाव सिर्फ आईपीएल तक सीमित नहीं रहा। इंडिया ए की तरफ से उन्होंने इंग्लैंड ए और ऑस्ट्रेलिया ए के खिलाफ भी शानदार प्रदर्शन किया। पूर्व क्रिकेटर और भारत के पूर्व कोच रवि शास्त्री ने एक टॉक शो में बताया कि सूर्यवंशी उन्हें सचिन तेंदुलकर की याद दिलाते हैं। शास्त्री ने जयपुर में गुजरात टाइटंस के खिलाफ खेले गए मैच की यादें साझा करते हुए बताया कि कैसे ऑस्ट्रेलिया के दिग्गज ओपनर मैथ्यू हेडन भी उनके प्रदर्शन से हैरान रह गए थे।

शास्त्री ने कहा, 'वह 14 साल का नहीं हो सकता। उसने मोहम्मद सिराज और ईशांत शर्मा की गेंदों को एक्स्ट्रा कवर और मिडविकेट पर शानदार तरीके से खेला। अब उसके लिए सबसे मुश्किल समय है क्योंकि इतनी कम उम्र में उसने ऐसी छवि बना ली है जैसे सचिन ने बनाई थी। अगले दो-तीन सालों में उसे किसी मार्गदर्शक की जरूरत होगी, जो उसे सही दिशा दिखा सके।' वैभव सूर्यवंशी का यह जलवा साबित करता है कि भारतीय क्रिकेट के सामने आने वाले वर्षों में उनके जैसे युवा सितारों के लिए संभावनाओं का सागर खुला है। उनकी लगन और प्रतिभा ने दर्शकों और विशेषज्ञों दोनों का दिल जीत लिया है, और यह स्पष्ट है कि वे आने वाले समय में भारतीय क्रिकेट के नए चमकते सितारे होंगे।

# शुभमन गिल ने ऑस्ट्रेलिया के हाथों पहला वनडे हारने की वजह बताई

**पर्थ (ऑस्ट्रेलिया) (एजेंसी)।** भारतीय कप्तान शुभमन गिल ने ऑस्ट्रेलिया से पहला वनडे रविवार को 7 विकेट से हारने के बाद कहा कि पॉवरप्ले में तीन विकेट गंवाने के बाद वापसी करना मुश्किल होता है। शुभमन गिल ने मैच के बाद प्रेजेंटेशन में कहा, 'पावरप्ले में तीन विकेट गंवाना कभी भी आसान नहीं होता, आप हमेशा बराबरी का खेल खेलने की कोशिश करते हैं। इस मैच से बहुत कुछ सीखने को मिला और कई सकारात्मक बातें भी। 131 रनों का बचाव करते हुए हम मैच को काफी आगे तक ले गए और इससे हम बहुत संतुष्ट हैं। हम बहुत खुशकिस्मत हैं कि हम जहां भी खेलते हैं, दर्शक बड़ी संख्या में आते हैं।'

प्लेयर ऑफ द मैच मिचेल मार्श ने कहा, 'आज मौसम ने अपना असर दिखाया। सभी दर्शकों का बहुत-बहुत शुक्रिया जो मैदान पर डटे रहे। मुझे पता है कि ये दिन वाकई निराशाजनक हो सकते हैं, लेकिन जीत हासिल करना अच्छा लगता है। घर में जीतना हमेशा अच्छा लगता है। मुझे ऑस्ट्रेलिया के लिए खेलना बहुत पसंद है। (रन-चेज पर) थोड़ा उतार-चढ़ाव भरा था। हम जानते थे कि दोनों टीमों के लिए यही स्थिति रहने वाली है, इसलिए वहां से जीतना थोड़ा चुनौतीपूर्ण था।'

उन्होंने कहा, 'जिस तरह से हमारे युवा खिलाड़ी मैदान पर उतरे और मैच को संभाला और हमें जीत दिलाई, उस पर मुझे गर्व है। (जोश फिलिप) मैदान पर आए और उन्होंने इसे बहुत आसान बना दिया, है ना? युवा खिलाड़ियों का मैदान पर आना मज़ेदार होता है। जरूरी नहीं कि वे युवा ही हों, बल्कि युवा खिलाड़ी मैदान पर आ रहे हैं। आप बस यही चाहते हैं कि वे मजे करें और इसका आनंद लें। वनडे क्रिकेट में, हमें हर समय बड़ी भीड़ के सामने खेलने का मौका नहीं मिलता, इसलिए मैंने उनसे कहा कि वे इसका पूरा आनंद लें।'



# भारत के ट्रैप शूटिंग कोच पीटर विल्सन ने पूरा किया अपना वादा, मुंडवाया सिर

एथेंस (ग्रीस)। भारत के विदेशी ट्रैप शूटिंग कोच और पूर्व ओलंपिक चैंपियन पीटर विल्सन ने एथेंस में ISSF शॉटगन विश्व चैंपियनशिप 2025 में जोरावर सिंह संधू के



कांस्य पदक जीतने के बाद वादे के अनुसार अपना सिर मुंडवा लिया। ओलंपिक्सडॉटकॉम के अनुसार विश्व शॉटगन निशानेबाजी के सबसे प्रभावशाली नामों में से एक, विल्सन ने वादा किया था कि अगर उनके किसी खिलाड़ी ने विश्व चैंपियनशिप से पदक जीते तो वह अपना सिर मुंडवा लेंगे। जोरावर सिंह संधू का यह कांस्य पदक' 2006 के बाद से विश्व चैंपियनशिप में पुरुषों की ट्रैप स्पर्धा में भारत का पहला पदक ' है और शर्त के अनुसार ब्रिटिश दिग्गज ने अपना वादा निभाया। उल्लेखनीय है कि भारत के जोरावर सिंह संधू ने 48 वर्ष की आयु में इतिहास रचते हुए ISSF वर्ल्ड चैम्पियनशिप शॉटगन 2025 में शुक्रवार को पुरुष ट्रैप स्पर्धा का कांस्य पदक जीता था।

# स्मृति मंधाना विवाह के बंधन में बंधेगी, इस म्यूजिक डायरेक्टर ने क्रिकेटर संग शादी की पुष्टि की



इंदौर । भारतीय क्रिकेटर स्मृति मंधाना और संगीत निर्देशक पलाश मुच्छल के रिश्ते को लेकर लंबे समय से मीडिया और फैंस में चर्चा चल रही थी। अब यह अफवाहें सच साबित हुई हैं। हाल ही में आयोजित एक कार्यक्रम में पलाश ने स्पष्ट किया कि मंधाना जल्द ही इंदौर की बहू बनेंगी। मुस्कुराते हुए उन्होंने कहा, 'वह जल्द ही इंदौर की बहू बनेंगी... बस इतना ही कहना चाहता हूं।' यह पहली बार है जब दोनों पक्षों ने सार्वजनिक रूप से अपने रिश्ते की पुष्टि की है। इससे पहले सोशल मीडिया पर दोनों की साथ में तस्वीरें और वीडियो देखे जाते रहे थे, जिससे अटकलों को और बल मिला था।

स्मृति और पलाश अक्सर सोशल मीडिया पर साथ में दिखाई देते रहे हैं। उनके फैंस हमेशा इस जोड़ी की झलक पाने के लिए उत्सुक रहते थे। हालांकि, अब पहली बार दोनों ने सीधे तौर पर अपने रिश्ते को स्वीकार किया है, जिससे मीडिया और फैंस दोनों को आधिकारिक पुष्टि मिल गई। 30 वर्षीय संगीत निर्देशक ने इस घोषणा के दौरान मजाकिया अंदाज में कहा, 'मैंने आपको शीर्षक दे दिया है।'

इस बीच भारतीय महिला क्रिकेट टीम इंदौर के होल्कर स्टेडियम में आईसीसी महिला विश्व कप के अहम मुकाबले की तैयारी में जुटी है। टीम का सामना इंग्लैंड से होना है और सेमीफाइनल में जगह बनाने के लिए जीत आवश्यक है। स्मृति मंधाना, जो टीम की उप-कप्तान और प्रमुख सलामी बल्लेबाज़ हैं, इस समय टीम के लिए फोकस्ड ट्रेनिंग कर रही हैं। पलाश ने अपनी शुभकामनाएं भी टीम को दी और विशेष रूप से स्मृति और कप्तान हरमनप्रीत कौर को हौसला बढ़ाया। उन्होंने कहा, 'हम हमेशा यही चाहते हैं कि भारतीय क्रिकेट टीम हर मैच जीते और देश का नाम रोशन करे।'

# अफगानिस्तान की जगह ट्रॉई सीरीज में किसी अन्य टीम को शामिल करने पर विचार शुरू किया

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** शुक्रवार को पाकिस्तान में हुए हमले में तीन अफगानिस्तान क्रिकेटरों की दुखद मौत के बाद अफगानिस्तान क्रिकेट बोर्ड (एसीबी) ने पाकिस्तान और श्रीलंका के खिलाफ होने वाली आगामी ट्रॉई सीरीज से हटने का ऐलान किया। इस फैसले के बाद पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) ने अफगानिस्तान की अनुपस्थिति में ट्रॉई सीरीज को निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार आयोजित करने का संकेत दिया है।

मीडिया की एक रिपोर्ट के अनुसार, पीसीबी के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि अफगानिस्तान की जगह लेने के लिए वे अन्य बोर्डों के साथ बातचीत कर रहे हैं। उन्होंने कहा, अफगानिस्तान के हटने के बाद भी ट्राई-सीरीज निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार आगे बढ़ेगी। हम एक रिप्लेसमेंट टीम पर विचार कर रहे हैं और एक बार अंतिम रूप लेने के बाद इसकी घोषणा की जाएगी। ट्रॉई सीरीज में श्रीलंका तीसरी टीम के रूप में शामिल है और यह 17 नवंबर से शुरू होकर 29 नवंबर को फाइनल के साथ समाप्त होगी। अफगानिस्तान ने टेस्ट दर्जा मिलने के बाद पाकिस्तान के साथ कोई द्विपक्षीय सीरीज नहीं खेली है, लेकिन अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) द्वारा मान्यता मिलने से पहले उनकी ए टीमों ने कई बार पाकिस्तान का दौरा किया था। कई अफगान खिलाड़ियों ने पाकिस्तान में प्रशिक्षण लिया और उन्हें स्थानीय टूर्नामेंटों में खेलने की अनुमति भी दी गई थी।





सूत्रों के अनुसार, पीसीबी वर्तमान में अफगानिस्तान के विकल्प के रूप में नेपाल और संयुक्त अरब अमीरात जैसी सहयोगी सदस्य टीमों पर भी विचार कर रहा है। हालांकि प्राथमिकता ऐसे टेस्ट खेलने वाले देश को शामिल करने की है जो ट्राई सीरीज के स्तर को बनाए रख सके। इसके अलावा, पाकिस्तान 11 से 15 नवंबर तक श्रीलंका के साथ तीन मैचों की द्विपक्षीय टी20 सीरीज भी खेलेंगे। अफगानिस्तान और पाकिस्तान के संबंध पिछले कुछ समय से तनावपूर्ण बने हुए हैं, लेकिन एशिया कप से पहले शारजाह में आयोजित ट्राई सीरीज में दोनों देशों की टीमें साथ खेल चुकी हैं, जिसमें संयुक्त अरब अमीरात भी शामिल थी। इस तरह, अफगानिस्तान की अनुपस्थिति के बावजूद ट्राई सीरीज को तय समय पर आयोजित करने के लिए पीसीबी सक्रिय कदम उठा रहा है और जल्द ही रिप्लेसमेंट टीम का ऐलान होने की उम्मीद है।

# भारत बना विश्व रेलवे शतरंज चैंपियनशिप का विजेता



क्वीबेरॉन , फ्रांस । भारत ने विश्व रेलवे शतरंज चैंपियनशिप 2025 में कमाल का प्रदर्शन करते हुए 15 में से 15 अंक हासिल कर चैंपियनशिप जीत ली है। फ्रांस के क्वीबेरॉन में 7 से 9 अक्टूबर तक खेले गए इस टूर्नामेंट में भारत ने जर्मनी, स्विट्जरलैंड, ऑस्ट्रिया, बुल्गारिया और चेक गणराज्य जैसी ताकतवर टीमों को करारी शिकस्त दी। भारतीय टीम में कुल छह खिलाड़ी ग्रांड मास्टर दीप्तयान घोष, इंटरनेशनल मास्टर हिमल गुसैन, ग्रांड मास्टर मित्रभा गुहा, इंटरनेशनल मास्टर नीलाश साहा, ग्रांड मास्टर पी श्याम निखिल, ग्रांड मास्टर विषाख एन आर थे और कोच थे टी जे सुरेशकुमार। टीम ने स्विट्जरलैंड, ऑस्ट्रिया और बुल्गारिया को 6–0 से हराया जबकि जर्मनी को 5.5–0.5 और चेक गणराज्य को 5–1 से मात दी। मित्रभा, हिमल और नीलाश ने बिना एक भी मैच हारे 5 में से 5 जीत हासिल कीं। दीप्तयान, विषाख और श्याम ने भी शानदार प्रदर्शन करते हुए 4.5 अंक बनाए। विश्व के 11 देशों की 74 खिलाड़ियों ने इस टूर्नामेंट में हिस्सा लिया, जिसमें चार ग्रैंडमास्टर्स और दो इंटरनेशनल मास्टर्स शामिल थे। भारत की यह जीत उसकी शतरंज क्षमता और टीम भावना का प्रभावशाली प्रदर्शन है। यह उपलब्धि भारतीय रेलवे शतरंज टीम के लिए गर्व का विषय है और विश्व स्तर पर भारत की शतरंज स्थिति को और मजबूती प्रदान करती है।

# शमी ने रणजी में शानदार प्रदर्शन कर चयनसमिति को करारा जवाब दिया

**–टीम इंडिया में वापसी के लिए दावेदारी की**

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** पिछले काफी समय से भारतीय क्रिकेट टीम से बाहर चल रहे तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी ने रणजी ट्रॉफी में बंगाल की ओर से शानदार गेंदबाजी कर एक बार फिर भारतीय टीम में वापसी के लिए दावेदारी पेश की है। शमी ने इस मैच की दोनो पारियों में कुल मिलाकर 7 विकेट लिए। शमी ने इस प्रकार चयन समिति को अपनी फिटनेस के साथ ही फार्म भी दिखाया है। हाल में चयन समिति के प्रमुख अजीत अगरकर ने उनके फार्म और फिटनेस पर सवाल उठाये थे और कहा था कि इसी कारण उनके नाम पर विचार नहीं हो रहा है। इसका जवाब उन्होंने अपनी गेंदबाजी से दिया है। शमी ने अंतिम बार आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी में खेला था। इसके बाद से ही वह टीम से बाहर हैं। उन्हें इंग्लैंड दौरे के लिए भारतीय टीम में जगह नहीं मिली थी। इसके बाद अब ऑस्ट्रेलिया दौरे के लिए भी शमी को शामिल नहीं किया गया है। अब शमी ने अपने प्रदर्शन से दिखाया है कि उनमें अभी क्रिकेट शेष है। शमी को लेकर प्रबंधन की ओर से लगातार ये कहा जा रहा है कि उनकी फिटनेस ठीक नहीं है। गौरतलब है कि साल 2023 वनडे विश्व कप के बाद से ही शमी चोट के कारण परेशान रहे हैं। उन्होंने सर्जरी के बाद अपनी फिटनेस पर भी काफी काम किया और चैंपियंस ट्रॉफी में वापसी भी की थी पर इसके बाद भी उनकी फिटनेस पर सवाल उठे हैं। इस पूरे मामले पर शमी का मानना है कि अगर पूरी तरह से फिट नहीं होते तो घरेलू क्रिकेट में कैसे उतरते। साथ ही कहा कि कि वह पूरी तरह से फिट हैं। शमी की शानदार गेंदबाजी से बंगाल ने उत्तराखंड को 8 विकेट से हरा दिया



# फिर होगा गुकेश का कार्लसन और नाकामुरा से मुक़ाबला , चैम्पियन शो डाउन में होगी टक्कर

सेंट लुइस, यूएसए । भारत के वर्तमान विश्व शतरंज चैम्पियन डी गुकेश एक बारा फिर से अमेरिका में इस माह के अंत में खेलते हुए नजर आएंगे और इस बार उनके सामने विश्व चैम्पियन मैगनस कार्लसन भी होंगे साथ ही एक बार फिर उनका सामना हिकारु नाकामुरा और फबियानों करूआना से भी होगा। विश्व के ये चार शीर्ष ग्रैंडमास्टर 25 से 30 अक्टूबर तक सेंट लुइस चेस क्लब में होने वाले क्लच चेस : चैम्पियंस शो डाउन ? में आमने–सामने होंगे। यह छह दिवसीय रैपिड टूर्नामेंट कुल 4,12,000 डॉलर (लगभग 3.4 करोड़) की इनामी राशि के साथ खेला जाएगा। इसका प्रारूप डबल राउंड–रॉबिन का है, जिसमें प्रत्येक खिलाड़ी एक–दूसरे से दो बार भिड़ेगा। हर मुकाबले का समय नियंत्रण 10 मिनट और प्रति चाल 5 सेकंड की वृद्धि रहेगा। पहले चरण में जीत पर 1 अंक, दूसरे में 2 अंक, और तीसरे राउंड–रॉबिन में 3 अंक मिलेंगे, जिससे टूर्नामेंट के अंतिम दिनों में रोमांच चरम पर रहेगा। प्रत्येक चरण में जीतने पर बोनस राशि भी तय है, जो 1,000 डॉलर से शुरू होकर अंतिम चरण में 3,000 डॉलर तक होगी। प्रमुख पुरस्कारों में विजेता को 1,20,000 डॉलर उपविजेता को 90,000,डॉलर तीसरे स्थान पर रहने वाले को 70,000 डॉलर और चौथे स्थान पर आने वाले को 60,000 डॉलर मिलेंगे। यह आयोजन सेंट लुइस चेस क्लब की नई उन्नत सुविधाओं में हो रहा है, जिसे अब शतरंज की विश्व राजधानी कहा जा रहा है। टूर्नामेंट की मेजबानी में क्लब की आधुनिक व्यवस्था और दर्शकों की वापसी की घोषणा भी की गयी है।





# वनडे कप्तानी को लेकर सूर्यकुमार यादव का बड़ा बयान- कहा 'अच्छा खेला होता तो मौका मिल सकता था'

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** सूर्यकुमार यादव ने हाल ही में एक पॉडकास्ट में खुलासा किया कि अगर उन्होंने वनडे फॉर्मेट में बेहतर प्रदर्शन किया होता, तो शायद उन्हें 50 ओवर की भारतीय टीम की कमान भी सौंपी जा सकती थी। सूर्यकुमार यादव की कप्तानी में भारत ने पिछले महीने पाकिस्तान को हराकर टी20 एशिया कप का खिताब अपने नाम किया था। उनकी नेतृत्व क्षमता की खूब सराहना हुई और टीम ने उनके अंडर अब तक 23 टी20 मैच जीते हैं। हालांकि व्यक्तिगत प्रदर्शन के लिहाज से पिछले कुछ समय से उनका बल्ला खामोश है और वह रन बनाने के लिए संघर्ष करते नजर आए हैं।

वनडे क्रिकेट की बात करें तो सूर्यकुमार को इस फॉर्मेट में भी कई मौके दिए गए, लेकिन वह अपनी छाप नहीं छोड़ सके। उन्होंने 37 वनडे मैचों में 25.76 के औसत से सिर्फ 773 रन बनाए हैं, जिसमें 4 अर्धशतक शामिल हैं। लगातार खराब प्रदर्शन के चलते उन्हें वनडे टीम से बाहर कर दिया गया था। पॉडकास्ट के दौरान सूर्यकुमार ने कहा, 'अब मैं सोचता हूं कि अगर मैंने वनडे फॉर्मेट में अच्छा किया होता, जैसे अभी टी20 कप्तानी चल रही है, तो वनडे कप्तानी भी मिल सकती थी। पहले मैं इस बारे में नहीं सोचता था, लेकिन अब मन में यह ख्याल आता है। फॉर्मेट थोड़ा लंबा है, पर मैं अभी भी ट्राई करूंगा, क्योंकि सपना तो है ही।' उन्होंने मुस्कुराते हुए जोड़ा, 'घर पर मैं और मेरी वाइफ अक्सर यही बात करते हैं कि अगर मेरा वनडे फॉर्म अच्छा गया होता, तो शायद आज हालात अलग होते।'

सूर्यकुमार ने यह भी कहा कि जब रोहित शर्मा वनडे कप्तानी से रिटायर होंगे, तो यह देखना दिलचस्प होगा कि टीम की कमान किसे सौंपी जाती है। 'अगर आप अच्छा प्रदर्शन करते हैं, तो आप हमेशा दावेदार बने रहते हैं। अभी भी मौका खत्म नहीं हुआ है,' उन्होंने कहा। गौरतलब है कि रोहित शर्मा के टी20 फॉर्मेट से संन्यास लेने के बाद सूर्यकुमार यादव को टीम इंडिया की कमान दी गई थी। वहीं टेस्ट क्रिकेट से रोहित के हटने के बाद शुभमन गिल कप्तान बने हैं और अब उन्हें ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ वनडे सीरीज के लिए वनडे टीम की कप्तानी भी सौंपी गई है।



# मेगास्टार चिरंजीवी के साथ बड़े पर्दे पर रोमांस करती नजर आ सकती हैं मालविका मोहनन



**तेलुगु सिनेमा की दुनिया से बड़ी खबर सामने आ रही है। जल्द ही प्रभास के साथ फिल्म 'द राजा साब' में नजर आने वाली साउथ की खूबसूरत अभिनेत्री मालविका मोहनन अब मेगास्टार चिरंजीवी के साथ बड़े पर्दे पर रोमांस करती नजर आ सकती हैं। यह खबर सुनते ही फैंस के बीच इसे लेकर काफी उत्साह नजर आ रहा है।**

### चिरंजीवी की नई फिल्म में बनेंगी लीड एक्ट्रेस

मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, निर्देशक बॉबी कोली की अगली फिल्म 'मेगा 158' में चिरंजीवी मुख्य भूमिका में नजर आने वाले हैं। इस फिल्म में दो हीरोइनों को कास्ट किया जा रहा है, जिनमें से एक के लिए मालविका मोहनन का नाम चर्चा में है। अगर सब कुछ तय हुआ, तो 'द राजा साब' के बाद यह मालविका की दूसरी तेलुगु फिल्म होगी, जो उनके करियर को नई ऊंचाइयों तक पहुंचा सकती है।

### इंडस्ट्री में मालविका का सफर

केरल से ताल्लुक रखने वाली मालविका मोहनन प्रसिद्ध सिनेमैटोग्राफर के.यू. मोहनन की बेटी हैं। उन्होंने साल 2013 में मलयालम फिल्म 'पट्टम पोल' से अपने अभिनय करियर की शुरुआत की थी। इसके बाद उन्होंने तमिल, हिंदी और मलयालम सिनेमा में कई अहम किरदार निभाए। उनकी पहचान 'मास्टर' (विजय के साथ), 'पेट्टा' (रजनीकांत के साथ), 'मारन' (धनुष के साथ) और 'थंगालान' (विक्रम के साथ) जैसी फिल्मों से और मजबूत हुई। अब तेलुगु फिल्म इंडस्ट्री में कदम रखते हुए मालविका अपनी नई पहचान बनाने की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रही हैं।

### सोशल मीडिया पर छाई मालविका

मालविका मोहनन अपने ग्लैमरस अंदाज और सोशल मीडिया एक्टिविटी को लेकर भी सुर्खियों में रहती हैं। 'द राजा साब' के टीजर में उनका बोल्ड और कॉन्फिडेंट लुक फैंस को खूब पसंद आया था। अब खबर है कि उन्हें 'मेगा 158' जैसी मेगा फिल्म में जगह मिलने की संभावना है, जिससे वह टॉलीवुड की टॉप अभिनेत्रियों की लिस्ट में शामिल हो सकती हैं।

### चिरंजीवी के साथ काम करने पर बयान

मालविका के करीबी सूत्रों का कहना है कि अभिनेत्री के लिए मेगास्टार चिरंजीवी के साथ स्क्रीन शेयर करना किसी सपने से कम नहीं है। चिरंजीवी और बॉबी की पिछली फिल्म 'वाल्थेयर वीरैया' सुपरहिट रही थी, ऐसे में दर्शकों को इस नई जोड़ी से भी काफी उम्मीदें हैं।



### करियर का टर्निंग पॉइंट

तेलुगु फिल्म इंडस्ट्री में पहले से ही नई अभिनेत्रियों की जबरदस्त एंट्री हो रही है– रुक्मिणी वसंथ, रितिका नायक और कयादू लोहार जैसी स्टार्स तेजी से आगे बढ़ रही हैं। ऐसे में अगर मालविका को चिरंजीवी के साथ यह मौका मिलता है, तो यह उनके करियर का सबसे बड़ा टर्निंग पॉइंट साबित हो सकता है।



# थामा का यक्षासन मेरे बच्चों को जरूर पसंद आएगा

अभिनेता नवाजुद्दीन सिद्दीकी इन दिनों अपनी आने वाली फिल्म थामा को लेकर चर्चाओं में हैं। इस बीच उन्होंने अपने फिल्म के किरदार को लेकर बात की और बताया कि यह किरदार उनके बच्चों के लिए खास रूप से रोमांचक होने वाला है। आईएएनएस से बात करते हुए नवाजुद्दीन ने कहा, यह रोल मेरे लिए काफी अलग और नया है, जिसे मैं लंबे समय से निभाना चाह रहा था। फिल्म में मेरी भूमिका थोड़ी अजीब है, लेकिन यही अजीबपन बहुत दिलचस्प और मजेदार होने वाला है। मैं अपने अनुभव से बेहद खुश हूं। जब मेरे बच्चे फिल्म में मेरे किरदार यक्षासन को देखेंगे, तो यकीनन उसे जरूर पसंद करेंगे। मैंने इस किरदार को निभाने में काफी मेहनत की है। नवाजुद्दीन ने अपनी भूमिका की एक बल्लेबाज से तुलना की, जो मैच में पूरी तैयारी के बावजूद भी अनपेक्षित गेंद का सामना करता है।

उन्होंने आगे कहा, यह रोल मिलना मेरे लिए किसी सौभाग्य से कम नहीं है। फिल्मकार अब भी मुझे नए और अलग अवतार में देख रहे हैं। बता दें कि फिल्म थामा में नवाजुद्दीन सिद्दीकी यक्षासन नाम के किरदार में नजर आएंगे। इस फिल्म में उनके अलावा, आयुष्मान खुराना, रश्मिका मंदाना और परेश रावल भी लीड रोल में हैं। वहीं पंचायत फेम फैसल मलिक भी अहम भूमिका में नजर आएंगे। वह पंचायत सीरीज में प्रहलाद चाचा के रोल में दिखे थे।

यह फिल्म एक रोमांटिक कॉमेडी हॉरर है। इसमें एक वैंपायर की लव स्टोरी दिखाई जाएगी। इस फिल्म को आदित्य सरपोतदार ने निर्देशित किया है। फिल्म का निर्माण दिनेश विजान और अमर कौशिक ने मिलकर किया है। फिल्म की कहानी निरंजन भट्ट और सुरेश मैथ्यू ने लिखी है। यह मैडॉक्स फिल्म्स के हॉरर कॉमेडी यूनिवर्स का हिस्सा है। इस बैनर तले स्त्री, स्त्री 2, भेड़िया, और मुंज्या जैसी मूवीज बन चुकी हैं। यह फिल्म 21 अक्टूबर को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। दीपावली पर रिलीज हो रही फिल्म बॉक्स ऑफिस पर सोनम बाजवा और हर्षवर्धन राणे की फिल्म एक दीवीने की दीवानियत से टकराएगी।



# कंफर्ट जोन से निकलना चाहते थे जितेंद्र

वेब सीरीज पंचायत फेम जितेंद्र कुमार इन दिनों भागवत चैप्टर 1– राक्षस को लेकर सुर्खियों में हैं। इसमें उनके साथ अरशद वारसी भी हैं। फिल्म में उन्होंने एक कॉलेज प्रोफेसर की भूमिका निभाई है। जितेंद्र के मुताबिक– वह ऐसा चुनौतीपूर्ण किरदार निभाना चाहते थे, जिससे उन्हें कम्फर्ट जोन से बाहर निकलने का मौका मिल सके।

भागवत चैप्टर 1– राक्षस में जितेंद्र, कॉलेज प्रोफेसर समीर की भूमिका निभा रहे हैं। वहीं अरशद वारसी, इंस्पेक्टर विश्वास भागवत की भूमिका निभा रहे हैं। फिल्म में अरशद कॉलेज से कई युवतियों के लापता होने की जांच कर रहे हैं। जी5 की इस फिल्म का निर्देशन अक्षय शेरे ने किया है।

जितेंद्र ने हाल ही में एक इंटरव्यू में कहा मैं अपने कम्फर्ट जोन से बाहर निकलने के लिए बहुत उत्साहित था। मुझे यह किरदार काफी चुनौतीपूर्ण लगा क्योंकि मैंने पहले कभी ऐसा कुछ नहीं किया था। मुझे समझ नहीं आ रहा था कि मैं इसे कैसे निभा पाऊंगा। हालांकि हर चुनौती के साथ मेरे अंदर एक अलग ही उत्साह था। मैं सच में एक क्राइम–थ्रिलर और कई अलग–अलग पहलुओं वाला किरदार निभाना चाहता था।

### जितेंद्र ने की अरशद की तारीफ

अरशद वारसी के साथ काम करने को लेकर उन्होंने कहा वारसी के साथ काम करना प्रेरणादायक था, जो सेट पर सभी को साथ लेकर चलने की कोशिश करते थे। अरशद सर जिस तरह से सेट पर खुद को पेश करते हैं, वह वाकई दिलचस्प है। वैसे तो वह बहुत शांत रहते हैं, लेकिन हर बार जब उनका कोई सीन होता था, तो वह सहजता से उसमें ढल जाते थे। जिस तरह से वह अपने किरदार में ढल जाते हैं, उसे देखकर मुझे बहुत अच्छा लगा और हमारा सेट बहुत सहयोगात्मक था। हमने हर सीन पर कई बार चर्चा की।



# जल्द शुरू होगा कपिल शर्मा शो का नया सीजन, क्या नहीं दिखेंगे कीकू शारदा?

कॉमेडी इंडस्ट्री के मशहूर चेहरे कीकू शारदा इन दिनों लगातार चर्चाओं में बने हुए हैं। पिछले दिनों शो राइज एंड फॉल में नजर आए कॉमेडियन ने कपिल शर्मा शो के नए सीजन पर अपडेट दिया है। उन्होंने खुद के शो छोड़ने की अफवाहों को भी खारिज कर दिया है।

### कीकू ने कपिल शर्मा शो पर की बात

कीकू शारदा ने बातचीत करते हुए पुष्टि की है कि लोकप्रिय शो द ग्रेट इंडियन कपिल शर्मा शो की शूटिंग जल्द ही फिर से शुरू होने वाली है। हाल ही में कुछ मीडिया रिपोर्ट्स में यह दावा किया गया था कि कीकू शो छोड़ देंगे, लेकिन अभिनेता ने इन अफवाहों का खंडन करते हुए बताया कि उनका शो और टीम के साथ जुड़ाव अब भी मजबूत है। किकु शारदा ने कहा, हम जल्दी ही शूटिंग शुरू करेंगे। टेलीविजन पर इसका प्रसारण कब होगा, इसका अभी तक कोई निश्चित समय नहीं है, लेकिन यह नवंबर में किसी समय आ सकता है।

### राइज एंड फॉल में नजर आए कीकू

कीकू शारदा ने राइज एंड फॉल और अशनीर गोवर द्वारा होस्ट किए गए रियलिटी शो में अपने अनुभव को साझा करते हुए बताया कि हालांकि वह कुछ समय के लिए शो में भाग लेने के लिए लॉक थे, लेकिन बाहर आने पर उन्हें पता चला कि उनके शो छोड़ने की अफवाहें फैल गई थीं। कीकू ने मुस्कुराते हुए कहा, लोग इतने परेशान थे, और मैं खुद भी नहीं जानता था कि यह अफवाह कैसे फैल गई। मैंने कभी सोचा भी नहीं था कि मैं शो छोड़ दूंगा। मैं 13 साल से कपिल के साथ काम कर रहा हूं और मुझे यह शो बेहद पसंद है। मैंने कई काम ठुकरा दिए सिर्फ इस शो का हिस्सा बनने के लिए और मैं कभी इसे नहीं छोड़ूंगा। मंच पर जाकर मजाक करना, लोगों और सेलिब्रिटीज से खुलकर बात करना—यह मजा कुछ ऐसा है जो मैं छोड़ नहीं सकता।

### शो के अनुभव पर क्या बोले कीकू?

कीकू ने बताया कि राइज एंड फॉल में भाग लेते हुए उन्हें एक अलग तरह का रचनात्मक अनुभव मिला। उन्होंने कहा, वीकेंड्स कभी–कभी काफी तनावपूर्ण हो जाते हैं, लोग एक–दूसरे पर आरोप लगाते हैं और कई चीजों पर लड़ाई होती है। इस समय कॉमेडी एक राहत देती है और ज्यादा मनोरंजन जोड़ती है। जब मैं परफॉर्म करता हूं, मैं खुद को स्वतंत्र महसूस करता हूं और जब दर्शक देखते हैं, तो उन्हें भी वही अनुभव होता है। यह एक सुंदर आदान–प्रदान है, और यही मुझे आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करता है।






# लाउड होना, चिल्लाना ही ताकत का पैमाना नहीं, इंडस्ट्री में काम के घंटे बिल्कुल तय होने चाहिए

पर्दे पर एक से बढ़कर शानदार किरदारों को जीवंत करने वाली कलाकारा कोंकणा सेन शर्मा अपनी नई सीरीज सर्च- नैना मर्डर केस में घर और काम के बीच जूझती एक होनहार एसपी संयुक्ता दास की भूमिका के लिए चर्चा में हैं। इसी सिलसिले में हमने कोंकणा से की खास बातचीत-

**कामकाजी औरतों के लिए घर और काम के बीच तालमेल बिठाना हमेशा एक चुनौती रहती है, जो आपकी सीरीज भी प्रमुखता से दिखाती है।**

**आप खुद एक सिंगल मदर होने के नाते ऐक्टिंग जैसे डिमांडिंग पेशे में यह बैलेंस कैसे बनाती हैं?**

मैं बहुत लकी हूं, क्योंकि हारून (बेटा) के पिता (ऐक्टर रणवीर शौरी) भी उसकी परवरिश में बराबरी से इन्वॉल्व रहते हैं, जो बहुत बड़ा सपोर्ट है। इस वजह से मैं बेफिक्र होकर ट्रैवल कर पाती हूं। हम दोनों ही काम के लिए सिलसिले में समय–समय पर ट्रैवल करते रहते हैं, तब दूसरा घर का ख्याल रखता है तो मैं इस मामले में बहुत लकी हूं, मगर वो कहते हैं न कि एक एक बच्चे को बड़ा करने में एक पूरा गांव लगता है, तो सिंगल पैरंट या जिसके भी पास भी वो गांव नहीं है, उसके लिए बहुत मुश्किल होता है। पहले दादा–दादी, बुआ–चाची जैसे परिवार के सदस्य साथ होते थे, जबकि आज के दौर में न्यूक्लियर फैमिली हैं या हम दूसरे शहरों में चले जाते हैं जहां वो कम्यूनिटी नहीं है तो निश्चित तौर पर घर और काम के बीच तालमेल बिठाना बड़ा संघर्ष है लेकिन अभी हमारे पास कोई समाधान नहीं है। मैं उम्मीद करती हूं कि इस बारे में बात करने से कोई समाधान निकले।

**वर्क–लाइफ बैलेंस की बात चल रही है तो शूटिंग के घंटे तय किए जाने को लेकर छिड़ी बहस पर आपकी क्या राय है?**

मैं बिल्कुल इस बात से सहमत हूं कि सेट पर काम के घंटे तय होने चाहिए, क्योंकि ऐक्टर्स ही नहीं, हमारे टेक्नीशियन तो और ज्यादा घंटे काम करते हैं, तो मुझे लगता है कि हफ्ते में 6 दिन ही काम होना चाहिए। जैसे, फ्रांस में हफ्ते में सिर्फ चार दिन काम होता है और वहां प्रोडक्टिविटी बढ़ी है। बेशक वो एक अलग देश है, मगर यहां भी हफ्ते में 6 दिन काम होना चाहिए और 12 घंटे की शिफ्ट होनी चाहिए। यह बेसिक है, जिसके हिसाब से चीजें प्लान की जानी चाहिए। बाकी, कभी जरूरत हो तो 14–15 घंटे काम करना पड़ जाए तो चलता है, लेकिन ये सामान्य कल्चर नहीं होना चाहिए।

**सीरीज यह भी दिखाती है कि कैसे एक काबिल फीमेल ऑफिसर के मातहत काम करने में उसके पुरुष सहयोगी की मेल ईगो को बड़ी चोट पहुंचती है। क्या कभी इस पुरुष सत्तात्मक सोच से हमें निजात मिलेगी?**

हां, ये दिक्कत तो है। पैट्रियार्की हमारे समाज में जड़ों तक धंसी हुई है। मैंने खुद यह बहुत ज्यादा देखा है, मगर यह सिर्फ औरत होने की बात नहीं है। आप अपनी अथॉरिटी (ताकत) को कैसे दिखाना चाहते हैं, यह इस पर भी निर्भर करता है। मतलब, अगर आप चिल्ला रहे हैं, गाली दे रहे हैं, लाउड हैं तो लोगों को लगता है कि अच्छा, ये अथॉरिटी है जिसकी मुझे सुननी है। वहीं, अगर आप शांति से काम करें तो लोग सुनते नहीं है तो ये किसकी गलती है कि हम लीडरशिप और अथॉरिटी को इस नजरिए से देखते हैं। हमें सुने जाने के लिए लाउड होना क्यों जरूरी है? आपको तब भी सुनना चाहिए जब कोई इंसान शांति से अपनी बात रख रहा है। मुझे अपने किरदार एसीपी संयुक्ता दास की यह खूबी बहुत कमाल की लगी कि वो उकसाए जाने पर भी धैर्य नहीं खोती। यह कला सालों के अनुभव, मुश्किल परिस्थितियों और लोगों को हैंडल करने के बाद आती है। हालांकि, वह अपने उस साथी को एक बात बोलती है कि तुम मुझे मेरी टीनेजर बेटी की याद दिलाते हो, मुझे लगता है कि यह एक लाइन किसी भी मैस्कुलिनिटी को धराशाई कर सकती है।

**यह सीरीज मशहूर डैनिश सीरीज द किलिंग का अडाप्टेशन है। ऐसे में, बतौर ऐक्टर किसी और की नकल करने या दोहराव का खतरा नहीं महसूस हुआ?**

मैंने वो ओरिजिनल सीरीज देखी है, जो मुझे बहुत पसंद आई थी। उसमें जो कॉम्प्लेक्स फीमेल डिटेक्टिव सारा लुंड हैं, उनकी एक बड़ी फैन फॉलोइंग है। उस किरदार ने बहुत सी फीमेल करैक्टर को इंस्पायर किया है, तो मैं असल में बहुत एक्साइटेड थी कि यह किरदार निभाना एक बड़ी जिम्मेदारी है। मुझे बिल्कुल ऐसा नहीं लगा कि इसमें किसी नकल या दोहराव का खतरा है, क्योंकि मुझे पता था कि मैं डैनिश पुलिस वाली की तरह नहीं हो जाऊंगी। उस, रोहन डायरेक्टर रोहन सिप्पी और उनकी टीम ने इसे इंडियन माहौल के हिसाब से बहुत खूबसूरती से अडाप्ट किया है।



# दीपावली पर सुबह से लेकर रात तक की जरूरी बातें

ब्रह्म पुराण के अनुसार दिवाली पर अर्धरात्रि के समय महालक्ष्मीजी सद्ग्रहस्थों के घरों में विचरण करती हैं। इस दिन घर-बाहर को साफ-सुथरा कर सजाया-संवारा जाता है। दीपावली मनाने से श्री लक्ष्मीजी प्रसन्न होकर स्थायी रूप से सद्गृहस्थ के घर निवास करती हैं। दीपावली धनतेरस, नरक चतुर्दशी तथा महालक्ष्मी पूजन, गोवर्धन पूजा और भाईदूज-इन 5 पर्वों का मिलन है। मंगल पर्व दीपावली के दिन सुबह से लेकर रात तक क्या करें कि महालक्ष्मी का घर में स्थायी निवास हो जाए.आइए जानें विस्तार से. दीपावली के पूजन की संपूर्ण विधियां दी गई हैं। फिर भी संक्षेप में 25 बिंदुओं से जानें कि क्या करें इस दिन -

- प्रातः स्नानादि से निवृत्त हो स्वच्छ वस्त्र धारण करें।
- अब निम्न संकल्प से दिनभर उपवास रहें-
  मम
  सर्वापच्छांतिपूर्वकदीर्घायुष्यबलपुष्टिनैरुज्यादि
  -
  सकलशुभफल प्राप्त्यर्थं

  गजतुरगरथराज्यैश्वर्यादिसकलसम्पदामुत्तरोत्तराभिवृद्ध्यर्थं इंद्रकुबेरसहितश्रीलक्ष्मीपूजनं करिष्ये।
- दिन में पकवान बनाएं या घर सजाएं। बड़ों का आशीर्वाद लें।
- सायंकाल पुनः स्नान करें।
- लक्ष्मीजी के स्वागत की तैयारी में घर की सफाई करके दीवार को चूने अथवा गेरू से पोतकर लक्ष्मीजी का चित्र बनाएं। (लक्ष्मीजी का चित्र भी लगाया जा सकता है।)
- भोजन में स्वादिष्ट व्यंजन, कदली फल, पापड़ तथा अनेक प्रकार की मिठाइयां बनाएं।
- लक्ष्मीजी के चित्र के सामने एक चौकी रखकर उस पर मौली बांधें।
- इस पर गणेशजी की मिट्टी की मूर्ति स्थापित करें।
- फिर गणेशजी को तिलक कर पूजा करें।
- अब चौकी पर छः चौमुखे व 26 छोटे दीपक रखें।
- इनमें तेल-बत्ती डालकर जलाएं।
- फिर जल, मौली, चावल, फल, गुड़, अबीर, गुलाल, धूप आदि से विधिवत पूजन करें।
- पूजा के बाद एक-एक दीपक घर के कोनों में जलाकर रखें।
- एक छोटा तथा एक चौमुखा दीपक रखकर निम्न मंत्र से लक्ष्मीजी का पूजन करें-
  नमस्ते सर्वदेवानां वरदासि हरेः प्रिया।
  या गतिस्त्वत्प्रपन्नानां सा मे भूयात्वदर्चनात?
  साथ ही निम्न मंत्र से इंद्र का ध्यान करें-
  ऐरावतसमारूढो वज्रहस्तो महाबलः।
  शतयज्ञाधिपो देवस्तमा इंद्राय ते नमः?
  पश्चात निम्न मंत्र से कुबेर का ध्यान करें-
  धनदाय नमस्तुभ्यं निधिपद्माधिपाय च।
  भवंतु त्वत्प्रसादान्मे धनधान्यादिसम्पदः?
- इस पूजन के पश्चात तिजोरी में गणेशजी तथा लक्ष्मीजी की मूर्ति रखकर विधिवत पूजा करें।
- तत्पश्चात इच्छानुसार घर की बहू-बेटियों को रुपए दें।
- लक्ष्मी पूजन रात के बारह बजे करने का विशेष महत्व है।
- इसके लिए एक पाट पर लाल कपड़ा बिछाकर उस पर एक जोड़ी लक्ष्मी तथा गणेशजी की मूर्ति रखें।
- समीप ही एक सौ रुपए, सवा सेर चावल, गुड़, चार केले, मूली, हरी ग्वार की फली तथा पांच लड्डू रखकर लक्ष्मी-गणेश का पूजन करें।
- उन्हें लड्डुओं से भोग लगाएं।
- दीपकों का काजल सभी स्त्री-पुरुष आंखों में लगाएं।
- फिर रात्रि जागरण कर गोपाल सहस्रनाम पाठ करें।
- व्यावसायिक प्रतिष्ठान, गद्दी की भी विधिपूर्वक पूजा करें।
- रात को बारह बजे दीपावली पूजन के उपरान्त चूने या गेरू में रुई भिगोकर चक्की, चूल्हा, सिल तथा छाज (सूप) पर तिलक करें।
- दूसरे दिन प्रातःकाल चार बजे उठकर पुराने छाज में कूड़ा रखकर उसे दूर फेंकने के लिए ले जाते समय कहें - लक्ष्मी-लक्ष्मी आओ, दरिद्र-दरिद्र जाओ।

# दीपावली की रात इन जगहों पर जरूर रखें दीप जलाकर

दीपावली पर अकसर द्वार, तुलसी या पूजा स्थान पर दीपक जलाकर रखे जाते हैं। हालांकि कुछ ऐसी भी जगहें हैं जहां पर कुछ लोग ही दीये जलाकर रखते होंगे। आओ जानते हैं कि दीवाली की रा?त को कितनी जगहों पर दीपक जलाकर रखना चाहिए। जानिए इससे मिलने वाला लाभ के बारे में भी।

1. दिपावली के दिन लक्ष?मी की पूजा करने के लिए एक दीपक जलाया जाता है। वह दीपक पीतल या स्टील का होता है। यह सात मुखी दीपक होता है जिससे माता लक्ष्मी प्रसन्न होती है।
2. कहते हैं कि दीपावली की रात को देवालय में गाय के दूध का शुद्ध घी का दीपक जलाना चाहिए। इससे तुरंत ही कर्ज से छुटकारा मिलता है और आर्थिक तंगी दूर हो जाती है।
3. दीपावली की रात को तीसरा दीया तुलसी के पास जलाया जाता है। आपके घर में तुलसी नहीं है तो और किसी पौधे के पास यह दीया रख सकते हैं। इसे भगवान विष्णु और माता तुली प्रसन्न होकर आशीर्वाद देते हैं।
4. चौथा दीपक दरवाजे के बाहर दहलीज़ के दाएं और बाएं रखा जाता है और बनाई गई रांगोली के बीच में भी रखते हैं। इसे धन की मनोकामना पूर्ण होती है।
5. पांचवां दीया पीपल के पेड़ के नीचे रखकर आते हैं। इससे यम और शनि के दोष नहीं लगते हैं। साथ ही इससे धन की समस्या भी दूर होती है।
6. छठा दीपक पास के किसी मंदिर में रखना जरूरी होता है। इससे सभी देवी और देवता प्रसन्न होते हैं।
7. सातवां दीपक कचरा रखने वाले स्थान पर रखते हैं। इससे घर की नाकारात्मकता बाहर निकल जाती है।
8. आठवां बाथरूम के कोने में रखते हैं। इससे राहु और चंद्र के दोष समाप्त हो जाते हैं।
9. नौवां दीपक मुंडेर पर या आपके घर में गैलरी हो तो वहां रखते हैं।
10. दसवां घर की दिवारों पर की मुंडेर पर या बॉउंड्रीवाल पर रखते हैं।





# अज्ञान पर ज्ञान की विजय का उत्सव दीपावली

दिवाली, जिसे संपूर्ण विश्व में प्रकाश के त्यौहार के रूप में जाना जाता है, बुराई पर अच्छाई की, अंधकार पर प्रकाश की तथा अज्ञान पर ज्ञान की विजय का त्यौहार है। आज के दिन घरों में रोशनी न केवल सजावट के लिए होती है,किंतु यह जीवन कथा सत्य को भी अभिव्यक्त करती है। प्रकाश अंधकार को मिटा देता है, और जब ज्ञान के प्रकाश से आपके अंदर का अंधकार मिट जाता है, आप में अच्छाई बुराई पर विजय प्राप्त कर लेती हैं।

दिवाली मुख्यतः प्रत्येक हृदय में ज्ञान के प्रकाश को प्रज्वलित करने के लिए मनाई जाती है, प्रत्येक घर में जीवन, प्रत्येक मुख पर मुस्कान लाने के लिए मनाई जाती है।

दिवाली शब्द दीपावली का लघु रूप है, जिस का शाब्दिक अर्थ है प्रकाश की पंक्ति। जीवन के बहुत से पहलुओं तथा स्तर होते हैं। यह बहुत महत्वपूर्ण है कि आप उन सभी पर प्रकाश डालें क्योंकि यदि आपके जीवन का एक भी पहलू अंधकार मय होगा तो, आपका जीवन कभी भी पूर्णता अभिव्यक्त नहीं हो सकेगा। इसलिए दिवाली में दीपों की पंक्तियां प्रज्वलित की जाती है कि आपको ध्यान रहे कि आपके जीवन के प्रत्येक पहलू को आपके ध्यान की तथा ज्ञान के प्रकाश की आवश्यकता है।

आपके द्वारा प्रज्वलित प्रत्येक दीप, सदगुण का प्रतीक है।प्रत्येक मनुष्य में सद्गुण होते हैं। कुछ में धैर्य होता है, कुछ में प्रेम, शक्ति, उदारताः अन्य में लोगों को संगठित करने की क्षमता होती है। आप में स्थित प्रकट मूल्य दिए के समान है।जैसे ही वह प्रज्ज्वलित हो जाएं,जागृत हो जाएं,दीवाली है।

केवल एक ही दीप का प्रज्वलित कर संतुष्ट न हो, हजार दीप प्रज्वलित करें। यदि आप में सेवा का भाव है, केवल उससे ही संतुष्ट न हो, अपने में ज्ञान का दीप जलाएं, ज्ञान अर्जित करें। अपने अस्तित्व के सभी पहलुओं को प्रकाशित करें। दिवाली का एक और गुण रहस्य पटाखों के फूटने में है। जीवन में आप कई बार पटाखों के समान होते हैं, अपनी दबी हुई भावनाओं, हताशा तथा क्रोध के साथ फूट पढ़ने के लिए तैयार। जब आप अपने राग-द्वेष, घृणा को दबाये रखते हैं फूट पढ़ने की सीमा पर पहुंच जाता है। पटाखे फोड़ने की क्रिया का प्रयोग हमारे पूर्वजों द्वारा, लोगों की भावनाओं की अभिव्यक्ति देने के लिए, एक मनोवैज्ञानिक अभ्यास के रूप में किया गया। जब आप बाहर विस्फोट देखते हैं तो आप अपने अंदर भी वैसी सम्वेदनाओं का अनुभव करते हैं। विस्फोट के साथ बहुत सा प्रकाश निकलता है। जब आप अपनी दबी हुई भावनाओं से मुक्त होते हैं तब आप खाली हो जाते हैं तथा अपने ज्ञान के प्रकाश का उदय होता है। ज्ञान की सभी जगह आवश्यकता है। यदि परिवार का एक भी व्यक्ति अंधकार में है,आप खुश नहीं रह सकते। अतः आप को अपने परिवार के प्रत्येक सदस्य में ज्ञान का प्रकाश स्थापित करना होगा। इससे समाज के प्रत्येक सदस्य तक ले जाएं, पृथ्वी के प्रत्येक व्यक्ति तक पहुंचाएं। जब सच्चा ज्ञान उदित होता है, उत्सव होता है। अधिकतर उत्सव में हम अपनी सजगता अथवा एकाग्रता को देते हैं।उत्सव में सजगता बनाए रखने के लिए, हमारे ऋषि यों ने प्रत्येक उत्सव को पवित्रता तथा पूजा विधियों से जोड़ दिया है। इसलिए दिवाली भी पूजा का समय है। दिवाली का आध्यात्मिक पहलू, उत्सव में गांभीर्य लाता है। प्रत्येक उत्सव में आध्यात्म होना चाहिए क्योंकि आध्यात्म से हीन उत्सव असत ही होता है।

# कैसे करते थे हमारे पूर्वज महालक्ष्मी का आह्वान

पद्मानने पद्मिनी पद्मपत्रे पद्मप्रिये
पद्मदलायताक्षि विश्वप्रिये विश्वमनोनुकूले
त्वत्पादपद्मं मयि सन्निधस्त्व।।
हे लक्ष्मी देवी, आप कमलमुखी, कमलपुष्प पर विराजमान,
कमल दल के समान नेत्रों वाली
कमल पुष्पों को पसंद करने वाली हैं।
सृष्टि के सभी जीव आपकी कृपा की कामना करते हैं,
आप सबको मनोनुकूल फल देने वाली हैं।
आपके चरण सदैव मेरे हृदय में स्थित हों।



विपुल ऐश्वर्य, सौभाग्य, समृद्धि और वैभव की अधिष्ठात्री देवी श्री महालक्ष्मी का पूजन, अर्चन, वंदन स्तवन का पर्व है दीपावली। दीपावली के अगणित दीपों के प्रकाश में विष्णुप्रिया महालक्ष्मी का आह्वान किया जाता है।

अनुपम सौंदर्य और आरोग्य को देने वाली श्री महालक्ष्मी का दीपोत्सव की उजली बेला में आगमन भला कौन नहीं चाहेगा? हमारी संस्कृति में इस पर्व को अति विशिष्ट स्थान प्राप्त है और इस पर्व में महालक्ष्मी का महत्व अतुलनीय है। समुद्र मंथन के पश्चात श्री लक्ष्मी अवतरण से ही इस दैदीप्यमान त्योहार की कहानी आरंभ होती है। ऋग्वेद के दूसरे अध्याय के छठे सूक्त में आनंद कर्दम ऋषि द्वारा श्री देवी को समर्पित वाक्यांश मिलता है। इन्हीं पवित्र पंक्तियों को भारतीय जनमानस ने मंत्र के रूप में स्वीकारा है।

ॐ हिरण्य वर्णा हरिणीं सुवर्णरजस्त्राम
चंद्रा हिरण्यमयी लक्ष्मी जात वेदो म्आवह। अर्थात हरित और हिरण्यवर्णा, हार, स्वर्ण और रजत सुशोभित चंद्र और हिरण्य आभा देवी लक्ष्मी का, हे अग्नि, अब तुम करो आह्वान
इसी मंत्र की आगे सुंदर पंक्तियां हैं
'तामं आवह जात वेदो लक्ष्मी मनपगामिनीम,
यस्या हिरण्यं विदेयं गामश्वं पुरुषानहम
अश्वपूर्वा रथमध्यां हस्तिनाद प्रमोदिनीम,
श्रियं देवी मुपव्हयें श्रीर्मा देवी जुषताम।।
इसका काव्यात्मक अर्थ किया जाए तो इस तरह होगा कि -
'करो आह्वान हमारे गृह अनल, उस देवी श्री का अब, वास हो जिसका सदा और जो दे धन प्रचुर, गो, अश्व, सेवक, सुत सभी, अश्व जिनके पूर्वतर, मध्यस्थ रथ, हस्ति रव से प्रबोधित पथ, देवी श्री का आगमन हो, यही प्रार्थना है!

## दीपोत्सव का समापन दिवस है भाईदूज

शास्त्रों के अनुसार भैयादूज अथवा यम द्वितीया को मृत्यु के देवता यमराज का पूजन किया जाता है। इस दिन बहनें भाई को अपने घर आमंत्रित कर अथवा सायं उनके घर जाकर उन्हें तिलक करती हैं और भोजन कराती हैं। ब्रजमंडल में इस दिन बहनें भाई के साथ यमुना स्नान करती हैं, जिसका विशेष महत्व बताया गया है। भाई के कल्याण और वृद्धि की इच्छा से बहने इस दिन कुछ अन्य मांगलिक विधान भी करती हैं। यमुना तट पर भाई-बहन का समवेत भोजन कल्याणकारी माना जाता है। पौराणिक कथा के अनुसार इस दिन भगवान यमराज अपनी बहन यमुना से मिलने जाते हैं। उन्हीं का अनुकरण करते हुए भारतीय भ्रातृ परम्परा अपनी बहनों से मिलती है और उनका यथेष्ट सम्मान पूजनादि कर उनसे आशीर्वाद रूप तिलक प्राप्त कर कृतकृत्य होती हैं। बहनों को इस दिन नित्य कृत्य से निवृत्त हो अपने भाई के दीर्घ जीवन, कल्याण एवं उत्कर्ष हेतु तथा स्वयं के सौभाग्य के लिए अक्षत (चावल) कुंकुमादि से अष्टदल कमल बनाकर इस व्रत का संकल्प कर मृत्यु के देवता यमराज की विधिपूर्वक पूजा करनी चाहिए। इसके



पश्चात यमभगिनी यमुना, चित्रगुप्त और यमदूतों की पूजा करनी चाहिए। तदंतर भाई के तिलक लगाकर भोजन कराना चाहिए। इस विधि के संपन्न होने तक दोनों को व्रती रहना चाहिए।

दीपोत्सव का समापन दिवस है कार्तिक शुक्ल द्वितीय, जिसे भैयादूज कहा जाता है। इस पर्व के संबंध में पौराणिक कथा इस प्रकार मिलती है। सूर्य की संज्ञा से दो संतानें थीं- पुत्र यमराज तथा पुत्री यमुना। संज्ञा सूर्य का तेज सहन न कर पाने के कारण अपनी छायामूर्ति का निर्माण कर उसे ही अपने पुत्र-पुत्री को सौंपकर वहां से चली गई। छाया को यम और यमुना से किसी प्रकार का लगाव न था, किंतु यम और यमुना में बहुत प्रेम था। यमुना अपने भाई यमराज के यहां प्रायः जाती और उनके सुख-दुख की बातें पूछा करती। यमुना यमराज को अपने घर पर आने के लिए कहती, किंतु व्यस्तता तथा दायित्व बोझ के कारण वे उसके घर न जा पाते थे। एक बार कार्तिक शुक्ल द्वितीय को यमराज अपनी बहन यमुना के घर अचानक जा पहुंचे। बहन यमुना ने अपने सहोदर भाई को बड़ा आदर-सत्कार किया। विविध व्यंजन बनाकर उन्हें भोजन कराया तथा भाल पर तिलक लगाया। यमराज अपनी बहन से बहुत प्रसन्न हुए और उन्होंने यमुना को विधिव भेंट समर्पित की। जब वे वहां से चलने लगे, तब उन्होंने यमुना से कोई भी मनोवांछित वर मांगने का अनुरोध किया। यमुना ने उनके आग्रह को देखकर कहा- भैया! यदि आप मुझे वर देना ही चाहते हैं तो यही वर दीजिए कि आज के दिन प्रतिवर्ष आप मेरे यहां आया करेंगे और मेरा आतिथ्य स्वीकार किया करेंगे। इसी प्रकार जो भाई अपनी बहन के घर जाकर उसका आतिथ्य स्वीकार करे तथा उसे भेंट दें, उसकी सब अभिलाषाएं आप पूर्ण किया करें एवं उसे आपका भय न हो। यमुना की प्रार्थना को यमराज ने स्वीकार कर लिया। तभी से बहन-भाई का यह त्योहार मनाया जाने लगा। वस्तुतः इस त्योहार का मुख्य उद्देश्य है भाई-बहन के मध्य सौमनस्य और सद्भावना का पावन प्रवाह अनवरत प्रवाहित रखना तथा एक-दूसरे के प्रति निष्कपट प्रेम को प्रोत्साहित करना है। इस प्रकार 'दीपोत्सव-पर्व' का धार्मिक, सामाजिक एवं राष्ट्रीय महत्व अनुपम है।